★ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

★ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

★ रजि.नंबर : 52290/90 ★ वर्ष :37, ★ अंक: 57 ★ पृष्ठ: 12 ★ औरंगाबाद, शुक्रवार, 24 जुलाई 2026 ★ मूल्य : 3.00 रुपये ★ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ★ www.navbihartime.com



उत्तर बिहार के चार जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी

# बिहार विधानसभा से 2026-27 के प्रथम अनुपूरक बजट को मंजूरी

## 87,383.43 करोड़ रुपये के विनियोजन विधेयक को भी मिली स्वीकृति, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को विकास यात्रा आगे बढ़ाने का श्रेय

### विपक्ष के बहिर्गमन के बीच ध्वनिमत से पारित हुईं शेष अनुदान मांगें




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा ने गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम अनुपूरक बजट को मंजूरी प्रदान करते हुए ग्रामीण विकास विभाग की अनुदान मांग सहित शेष सभी मांगों को गिलोटिन प्रक्रिया के माध्यम से ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके साथ ही सदन ने बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2026 को भी स्वीकृति दे दी। इस दौरान ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने सदन में विभाग की अनुदान मांगों पर हुई चर्चा का विस्तृत जवाब देते हुए राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले दो दशकों में हुए व्यापक बदलाव का ब्यौरा प्रस्तुत किया और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विजन की सराहना करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शी सोच ने बिहार के गांवों की तस्वीर और तकदीर बदल दी। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उसी विकास यात्रा को नई गति और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। सदन में विपक्षी सदस्यों के बहिर्गमन के बीच शेष अनुदान मांगों को ध्वनिमत से पारित किया गया। इसके बाद बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2026 भी पारित हो गया। इस विधेयक के माध्यम से राज्य की समेकित निधि से 87,383.4301 करोड़ रुपये के विनियोजन का प्रावधान किया गया है। इसमें 87,376.6681 करोड़ रुपये मतदेय तथा 6.7620 करोड़ रुपये भारित व्यय के रूप में शामिल हैं। विनियोजित राशि में 61,979.3497 करोड़ रुपये राजस्व मद तथा 25,404.0804 करोड़ रुपये पूंजीगत मद के लिए निर्धारित किए गए हैं। स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद (प्रभृत सहित) के लिए 30,265.9906 करोड़ रुपये, वार्षिक योजनाओं के लिए 57,077.9574 करोड़ रुपये तथा केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के लिए 39.4821 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। ग्रामीण विकास विभाग की अनुदान मांगों पर हुई चर्चा और विपक्ष द्वारा लाए गए कटौती प्रस्ताव का जवाब देते हुए श्रवण कुमार ने कहा कि वर्ष 2005 में नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने के बाद ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। इसी सोच के तहत गांवों में सड़क, संचार, आजीविका, जल संरक्षण और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की गईं, जिनका लाभ आज पूरे बिहार को मिल रहा है।उन्होंने कहा कि जीविका योजना ने बिहार के ग्रामीण समाज में सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की नई इबारत लिखी है। वर्तमान में राज्य में 11 लाख 83 हजार जीविका समूह सक्रिय हैं। इन समूहों के माध्यम से एक करोड़ 81 लाख लोगों तक आजीविका और आर्थिक सशक्तिकरण की पहुंच बनी है। उन्होंने दावा किया कि जीविका अभियान के परिणामस्वरूप देश में सबसे अधिक लखपति दीदियां बिहार में बनी हैं। श्रवण कुमार ने कहा कि जीविका से जुड़े अधिकांश परिवार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं, लेकिन उनकी प्रगति इतनी उल्लेखनीय रही है कि अब संपन्न परिवारों की महिलाएं भी उनकी सफलता को देखकर प्रेरित होती हैं। उन्होंने जल-जीवन-हरियाली योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान ने राज्य में जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण का मजबूत आधार बनी है। श्रवण कुमार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकास अवधारणा ने बिहार के गांवों में आधारभूत संरचना, संचार व्यवस्था और सामाजिक विकास के नए मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उसी दृष्टि को आगे बढ़ाते हुए ग्रामीण विकास की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर रहे हैं, जिससे राज्य के गांवों में विकास की गति लगातार तेज हो रही है। विधानसभा द्वारा प्रथम अनुपूरक बजट तथा विनियोग विधेयक को स्वीकृति मिलने के साथ ही सरकार को चालू वित्तीय वर्ष में विभिन्न विभागों की योजनाओं और विकास कार्यक्रमों के लिए अतिरिक्त वित्तीय संसाधनों के उपयोग का मार्ग प्रशस्त हो गया है। ग्रामीण विकास विभाग के लिए स्वीकृत अनुदान को राज्य सरकार की ग्रामीण अधोसंरचना, आजीविका संवर्धन, महिला सशक्तिकरण और सतत विकास की प्राथमिकताओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मंत्री श्री कुमार ने कहा कि सरकार जीविका दीदियों को सस्ते ब्याज पर ऋण, आरंभिक पूंजी देने के साथ उनके प्रशिक्षण और चिकित्सा की व्यवस्था कर रही है और जीविका दीदियाँ भी समय से कर्ज का भुगतान कर अपने करोबार को आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि बड़े व्यवसायी कई बार बैंकों का पैसा मार लेते हैं लेकिन जीविका दीदियों की लोन वापसी का रेसियों 99 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि बकरी, मुर्गी पालन, शहद उत्पादन एवं कृषि से लेकर कैंटीन चलाने ने तक तरह तरह के व्यवसाय दीदियाँ कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दीदी की रसोई बिहार पुलिस, आवसीय विद्यालय, चिकित्सा महाविद्यालयों सहित अन्य कई स्थानों पर चल रही है। ग्रामीण विकास मंत्री ने विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (वीबीजी जी रामजी योजना) की चर्चा की और कहा कि इससे ग्रामीण इलाकों में जल जीवन से लेकर ग्रामीण इलाकों के विकास में मदद के साथ श्रमिकों को 125 दिन की गारंटी मिलती है। इसके अलावा कृषि कार्य एवं आपदा प्रबंधन में भी इससे मदद मिलती है। ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार की सोच से शुरू हुई 'जल जीवन हरियाली' प्रदेश में पर्यावरण संतुलन के लिए एक विशेष प्रयास है। उन्होंने कहा की वृक्षारोपण के कारण हरियाली 9 प्रतिशत परत से बढ़ कर 16 प्रतिशत पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि अभी भी यह परत राष्ट्रीय स्तर 33 प्रतिशत से पीछे हैं और इसे प्राप्त करने के लिए सरकार लगातार प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि भर गये पोखरों से गाद निकला कर तथा अतिक्रमित तालाबों को मुक्त कर सरकार ने जल संकट से ग्रामीण इलाकों को निजात दिलाया है। मंत्री ने अपने संबोधन के दौरान ग्रामीण इलाकों में शिक्षा, चिकित्सा, सडक, बिजली, आवास, स्वच्छता के क्षेत्र में प्रदेश में हुई प्रगति की विस्तार से चर्चा की।

इससे पहले चर्चा में भाग लेते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक कुमार सर्वजीत ने सरकार के कार्यों की आलोचना की और अपना कटौती प्रस्ताव सदन के समक्ष रखा था। ग्रामीण विकास मंत्री के प्रस्ताव के पक्ष में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से विधायक जीवेश कुमार, शालिनी मिश्रा, माधव आनंद, राजू तिवारी तथा अन्य ने अपने विचार रखे, जबकि विपक्ष की ओर से विधायक अजय कुमार, अरुण सिंह, अखातरुल इमांन सहित अन्य ने सरकार को कटघरे में खड़ा किया।

# भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में हाईकोर्ट सख्त



### बिहार सरकार से तीन सप्ताह में मांगा जवाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में पटना हाईकोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई करते हुए बिहार सरकार से तीन सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। जस्टिस अरुण कुमार झा की एकलपीठ ने मामले से जुड़े महत्वपूर्ण साक्ष्यों को सुरक्षित रखने का भी आदेश दिया। अदालत ने सीसीटीवी फुटेज, वीडियोग्राफी, वायरलेस लॉगबुक, स्टेशन डायरी की प्रविष्टियां, कॉल डिटेल रिकॉर्ड, बॉडी कैमरा फुटेज, जब्ती सूची, पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा अन्य संबंधित अभिलेख संरक्षित रखने को कहा है। यह आदेश भरत तिवारी की मां आशा देवी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया गया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार ने 17 जून 2026 को हुए कथित एनकाउंटर में शामिल सभी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराने की मांग की। साथ ही पोस्टमार्टम, इंक्वेस्ट और फोरेंसिक रिपोर्ट की प्रतियां उपलब्ध कराने तथा मृतक का मोबाइल फोन और जब्त सामान वापस करने का भी अनुरोध किया। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया कि 16-17 जून 2026 की रात पुलिस बिना किसी पूर्व सूचना और महिला पुलिसकर्मी के बिना उनके घर में दाखिल हुई। इसके अलावा 17 जून को याचिकाकर्ता के पति काशीनाथ तिवारी को शाहपुर थाना में रखे जाने की भी जांच कराने की मांग की गई है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल कर स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त 2026 को होगी।

# नई प्रणाली की मदद से बिहार में ग्रामीण योजनाओं की निगरानी होगी आसान

### ग्रामीण विकास विभाग ने लांच किया केंद्रीकृत पोर्टल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में ग्रामीण विकास की योजनाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। इस दिशा में विभाग ने केंद्रीयकृत ग्रामीण योजना अनुश्रवण एवं क्रियाशीलता पर्यवेक्षण प्रणाली (सीआरएसएमएफटीएस) की शुरुआत की है। इस नई एकीकृत डिजिटल प्रणाली के जरिए राज्य के आम नागरिक अब ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं से संबंधित कोई भी शिकायत, सुझाव या जानकारी सीधे विभाग तक पहुंचा सकेंगे। ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सीआरएसएमएफटीएस पोर्टल के माध्यम से अब प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी), जीविका, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/ लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, वीबी-जी राम जी के साथ-साथ दूसरी योजनाओं की ऑनलाइन निगरानी हो सकेगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग वेब पोर्टल, मोबाइल एप, व्हाट्सएप और हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से आसानी से अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। पोर्टल के सहारे समय-समय पर उन्हें आवेदन की स्थिति की सही जानकारी भी मिल सकेगी। बता दें कि विभाग में सीआरएसएमएफटीएस को लागू किए जाने से विभागीय योजनाओं से संबंधित कमियों और समस्याओं की त्वरित पहचान कर उनका समयबद्ध तरीके से समाधान का रास्ता जहां आसान होगा वहीं क्षेत्रीय अधिकारियों के निरीक्षण और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया भी सरल होगी। रियल-टाइम डेटा उपलब्ध होने से कार्यों की सतत समीक्षा जिला और मुख्यालय स्तर पर की जाएगी और योजनाओं के तहत निर्मित बुनियादी ढांचों, परिसंपत्तियों की गुणवत्ता, उनकी उपयोगिता सुनिश्चित करना भी आसान होगा। इस मामले में ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार का कहना है कि इस प्रणाली के लागू करने से शिकायतों का त्वरित निष्पादन हो सकेगा। साथ ही शिकायतों की सतत निगरानी करने में काफी मदद मिलेगी, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी। पर्यवेक्षण करने में आसानी होने से समस्याओं का ससमय निदान हो सकेगा। यह प्रणाली काफी प्रभावी साबित होगी।

### जेपीएससी अध्यक्ष का इस्तीफा मंजूर, नौ भर्ती परीक्षाएं अगली सूचना तक स्थगित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग में भर्ती परीक्षाओं को लेकर जारी विवाद के बीच आयोग के अध्यक्ष एल. खियांग्ते का इस्तीफा राज्यपाल ने स्वीकार कर लिया है। वहीं, आयोग ने झारखंड संयुक्त सिविल सेवा मुख्य परीक्षा सहित नौ महत्वपूर्ण भर्ती परीक्षाओं को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है। विवाद की शुरुआत 2 जुलाई 2026 को घोषित 14वीं संयुक्त असैनिक सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा के परिणाम के बाद हुई। अभ्यर्थियों ने परिणाम में अनियमितता के आरोप लगाते हुए कहा कि कट-ऑफ अंक सार्वजनिक नहीं किए गए तथा ओएमआर शीट और मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव रहा। अभ्यर्थियों का यह भी आरोप है कि उनके प्राप्तांक सार्वजनिक नहीं किए गए और अधिक अंक होने के बावजूद कई उम्मीदवार चयन से वंचित रह गए, जबकि कम अंक वाले अभ्यर्थियों का चयन हुआ।

# युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखना मोदी सरकार की गारंटी : सम्राट चौधरी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** देशभर में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक की घटनाओं को लेकर चल रहे छात्र आंदोलनों के बीच बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने युवाओं के भविष्य की सुरक्षा को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के सपनों और भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर जारी अपने संदेश में कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं में शामिल दोषियों के खिलाफ कानून के तहत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी दोषी को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे मामलों में सख्त सजा सुनिश्चित की जाएगी। सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार युवाओं के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, "युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखना मोदी सरकार की गारंटी है।" मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस सोशल मीडिया पोस्ट को भी साझा किया, जिसमें प्रधानमंत्री ने परीक्षा प्रश्नपत्र लीक के मामलों में शामिल दोषियों के विरुद्ध फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से शीघ्र और कठोर सजा सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री के इस बयान को ऐसे समय में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जब विभिन्न राज्यों में प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता और पेपर लीक की घटनाओं को लेकर छात्र संगठन आंदोलन कर रहे हैं। सरकार की ओर से यह संदेश दिया गया है कि परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखने और युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

# ड्यूटी पर जान गंवाने वाले कर्मी के परिवार को हर माह 11070 पेंशन

### 369 रुपये प्रतिदिन की दर से खाते में आएगी पेंशन



एआई फोटो

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), बिहार क्षेत्र ने ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में जान गंवाने वाले बीमित कर्मचारी शौखिन्द्र पासवान के आश्रितों के लिए डिपेंडेंट बेनिफिट (आश्रित पेंशन) स्वीकृत कर दिया है। गुरुवार को आयोजित एक समारोह में क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार ने उनके परिजनों को स्वीकृति पत्र सौंपा। शौखिन्द्र पासवान जहानाबाद में मानव बल के पद पर कार्यरत थे। सात मार्च 2025 को ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उनकी मृत्यु हो गई थी। उनके परिवार में पत्नी रीना कुमारी, पुत्री अर्चना कुमारी तथा पुत्र अनिकेत कुमार और आकाश कुमार आश्रित हैं। ईएसआईसी ने नियोजक की दुर्घटना रिपोर्ट और आवश्यक जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिवार के लिए आश्रित पेंशन स्वीकृत की है। इसके तहत आश्रितों को 369 रुपये प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह 11,070 रुपये पेंशन मिलेगी। इसके अलावा दुर्घटना की तिथि से अब तक की अवधि का लगभग 1.66 लाख रुपये बकाया भी आश्रितों के बैंक खाते में हस्तांतरित किया जाएगा। ईएसआईसी का कहना है कि इस सहायता से दिवंगत कर्मचारी के परिवार को नियमित आर्थिक संबल मिलेगा।



# मेडल लाओ, नौकरी पाओ योजना के तहत आज 20 खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री सौपेंगे नियुक्ति पत्र

## 637 खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति एवं तीन खिलाड़ियों को 68.50 लाख रुपये की मिलेगी खेल सम्मान राशि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत 20 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र दी जाएगी। खेल विभाग की ओर से आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में शुक्रवार (24 जुलाई) को पटना के उर्जा ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र सौपेंगे। इस राज्यस्तरीय समारोह में 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ', 'खेल सम्मान' एवं 'बिहार खेल छात्रवृत्ति योजना-2026' के तहत खिलाड़ियों को सरकारी नियुक्ति, सम्मान राशि तथा छात्रवृत्ति का लाभ प्रदान किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता खेल मंत्री श्रेयसी सिंह करेंगी जबकि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का उद्घाटन कर खिलाड़ियों को नियुक्ति-पत्र, सम्मान राशि एवं छात्रवृत्ति का वितरण करेंगे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं उपमुख्यमंत्री बीजेन्द्र प्रसाद यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह का मुख्य आकर्षण राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' योजना के तहत 20 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा। इनमें भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार एवं आकाश दीप को पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) तथा एथलीट पियूष राज को पुलिस अवर निरीक्षक (एसआई) के पद पर नियुक्ति दी जाएगी। अन्य खिलाड़ियों को भी उनकी खेल उपलब्धियों के आधार पर विभिन्न पदों पर नियुक्ति-पत्र सौंपे जाएंगे। खेल सम्मान योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन खिलाड़ियों को कुल 68.50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। बिहार खेल छात्रवृत्ति योजना-2026 के तहत इस वित्तीय वर्ष के लिए 637 खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। इनमें उत्कर्ष श्रेणी के 21, सक्षम श्रेणी के 184 तथा प्रेरणा श्रेणी के 432 खिलाड़ी शामिल हैं। छात्रवृत्ति के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, पोषण, खेल सामग्री की उपलब्धता तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# बांकीपुर उपचुनाव : मंत्री श्रवण कुमार ने एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में किया चुनाव प्रचार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को एनडीए उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में सघन चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने सिपारा के दशरथा वार्ड संख्या-30 स्थित गठबंधन मैरिज हॉल में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। सभा के बाद मंत्री श्रवण कुमार ने स्थानीय लोगों के बीच पहुंचकर एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार विकास और जनकल्याण की योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए राज्य को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने मतदाताओं से विकास की इस यात्रा को जारी रखने के लिए एनडीए उम्मीदवार को विजयी बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल, विधान परिषद सदस्य डॉ. संजय मयूख, सांसद संजय पांडे, घोसी विधायक ऋतु राज, लोजपा विधायक बबलू गुप्ता, हम पार्टी के प्रदेश महासचिव विजय यादव, भाजपा नेता अभय एवं चंद्रशेखर चंद्रवंशी, जदयू के प्रदेश सचिव रविंद्र पटेल, वार्ड संख्या-30 के प्रभारी एवं जदयू कार्यकर्ता बंटी चंद्रवंशी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दिलीप, नाथुन, सुरेंद्र, राजा भाई, रवि बाबू, विनय, सोनू सहित बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# बांकीपुर में भाजपा रिकार्ड मत से जीतेगी : रणबीर नंदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि बांकीपुर विधान सभा उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी नीरज सिन्हा रिकार्ड मतों से विजयी होंगे। उन्होंने कहा कि कहीं कोई दिक्कत नहीं है और भाजपा प्रत्याशी नीरज सिन्हा बड़े मार्जिन से चुनाव जीत रहे हैं। इसमें हमें केवल प्रयास कर उनके मार्जिन को और बढ़ाना है। प्रो. नंदन बांकीपुर विधान सभा उपचुनाव के लिए वार्ड 22 में मनोज कुमार सिन्हा के स्कूल में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज लोक नायक जयप्रकाश नारायण और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को अपना आदर्श मानता है और यह समाज किसी भी परिस्थिति में जेपी और शास्त्री जी के हत्यारी कांग्रेस के सहयोगी पार्टी को कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि तब कष्ट होता है जब जेपी आंदोलन से निकले नेता जेपी की हत्यारी पार्टी कांग्रेस की गोद में खेलते नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा समाज जेपी को अनुशरण करते हुए विकास करता है जिन्होंने पुत्री समान समझने वाली इंदिरा गांधी के भी गलत करने पर उनके खिलाफ देश भर में आंदोलन का बिगुल फूंका था। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि इस बांकीपुर विधानसभा से विधायक रहे नीतिन नवीन विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उन्होंने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं से आग्रह किया वे चुनाव प्रबंधन के तहत हर दिन 10 कार्यकर्ताओं से संपर्क कर उन्हें भाजपा प्रत्याशी नीरज सिन्हा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें और एनडीए सरकार के दौरान हुए विकास कार्यों के बारे में बताएं। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज कुमार सिन्हा, संचालन अमर कुमार सिन्हा व धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता कृष्णानंद द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम भाजपा नेता हिमांशु चतुर्वेदी, डॉ संजय सहाय, रीता कुमार रश्मि, जया कुमारी, विभा सिन्हा, ज्योति शेखर, आदर्श अमर, रौशन सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, मनोज कुमार उर्फ बबलू, एजाज अहमद, अवधेश प्रसाद सिन्हा समेत बड़ी संख्या में नेताओं ने संबोधित किया।

# पालीगंज विधायक संदीप सौरभ पर भाजपा नेता से मारपीट, लूट और धमकी का आरोप, सचिवालय थाने में प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भाजपा पटना के पुनपुन मंडल के पूर्व अध्यक्ष तथा बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के प्रवासी कार्यकर्ता नीरज कुमार ने पालीगंज के माले विधायक संदीप सौरभ और अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध सचिवालय थाना, पटना में मारपीट, लूट, जान से मारने के प्रयास और आपराधिक धमकी सहित अन्य गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। भाजपा ने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है। पुलिस को दिए गए आवेदन के अनुसार 22 जुलाई को दोपहर करीब 2:30 बजे बी.पी. मंडल गोलंबर, दशरत्न मार्ग के समीप नीरज कुमार सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव से मिलने उनके सरकारी आवास जा रहे थे। आरोप है कि उसी दौरान संदीप सौरभ के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रही भीड़ ने उन्हें घेर लिया। भाजपा का आरोप है कि विधायक की मौजूदगी में भीड़ को उकसाया गया जिसके बाद नीरज कुमार के साथ लात-घूंसों, बेल्ट, डंडों और लोहे की रॉड से मारपीट की गई। हमले में उनका हेलमेट टूट गया तथा सिर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि मारपीट के दौरान हमलावरों ने नीरज कुमार की जेब से 15 हजार रुपये नकद, गले से सोने की चेन और हाथ की दो सोने की अंगूठियां भी छीन लीं। घायल नीरज कुमार किसी तरह वहां से निकलकर अस्पताल पहुंचे।

# मृदा स्वास्थ्य जांच से किसानों को मिलेगी वैज्ञानिक खेती की नई दिशा

## मिट्टी की जांच कराएं और संतुलित उर्वरकों का करें प्रयोग : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि स्वस्थ मिट्टी ही समृद्ध खेती की आधारशिला है। किसानों को उनकी भूमि की उर्वरता की सही जानकारी उपलब्ध कराने तथा संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का प्रभावी क्रियान्वयन राज्य में किया जा रहा है। कृषि मंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत किसानों के खेतों की मिट्टी का निःशुल्क परीक्षण कर उन्हें मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराया जाता है। इस कार्ड में मिट्टी के 12 महत्वपूर्ण मानकों, जैसे पीएच, विद्युत चालकता, जैविक कार्बन, नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश, सल्फर, बोरॉन तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों–जिंक, आयरन, कॉपर एवं मैंगनीज–की विस्तृत जानकारी दी जाती है। इसके आधार पर किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग तथा उपयुक्त फसल चयन का वैज्ञानिक परामर्श भी उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना केवल मिट्टी की जांच तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों को वैज्ञानिक खेती, फसल चक्र, जैविक खेती तथा जल प्रबंधन जैसी टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए भी प्रेरित करती है। इससे खेती की लागत में कमी आती है, उत्पादन एवं गुणवत्ता में वृद्धि होती है और मिट्टी की उर्वरता लंबे समय तक सुरक्षित रहती है। मंत्री ने बताया कि राज्य के सभी नौ प्रमंडलों में चलंत मिट्टी जांच प्रयोगशालाएं संचालित हैं जो दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर किसानों के खेतों से मिट्टी के नमूने एकत्र कर उनका परीक्षण कर रही हैं तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध करा रही हैं। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य में 1.50 लाख मिट्टी नमूनों की जांच एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स सत्य साईं टेक्नोकेट्रस प्राइवेट लिमिटेड के अंतर्गत मेसर्स साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड पंजीकृत व्यक्ति स्व. शौखिन्द्र पासवान जो जहानाबाद में मानव बल के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता पत्नी-रीना कुमारी, सुपुत्री-अर्चना कुमारी, सुपुत्र-अनिकेत कुमार, सुपुत्र-आकाश कुमार को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. शौखिन्द्र पासवान की मृत्यु 07-03-2025 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था।

# कांग्रेसी गुंडों की हिंसा लोकतंत्र पर हमला, जनता देगी करारा जवाब : नीरज सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव से एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा ने कांग्रेस पर लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचलने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेसी गुंडों द्वारा भाजपा के शांतिपूर्ण विरोध मार्च पर किया गया हिंसक हमला और पत्थरबाजी लोकतंत्र पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेद लोकतांत्रिक तरीके से व्यक्त किए जा सकते हैं, लेकिन हिंसा और अराजकता किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं है। नीरज कुमार सिन्हा ने आज कांग्रेसी गुंडों की पत्थरबाजी में घायल भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे कायराना हमलों से डरने या झुकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा संविधान, लोकतंत्र और शांतिपूर्ण जनआंदोलन में विश्वास रखती है। भाजपा के कार्यकर्ता जनता के मुद्दों को लोकतांत्रिक तरीके से उठाते हैं, लेकिन कांग्रेस के संरक्षण में पनप रहे असामाजिक तत्व राजनीतिक हिंसा का सहारा लेकर लोकतांत्रिक परंपराओं को कलंकित कर रहे हैं। नीरज कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार की जनता सब कुछ देख रही है और हिंसा की राजनीति करने वालों को लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देगी। उन्होंने राज्य सरकार पर विश्वास जताते हुए कहा कि हिंसा और पत्थरबाजी में शामिल सभी दोषियों की शीघ्र पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि भविष्य में कोई भी लोकतांत्रिक विरोध-प्रदर्शन को हिंसा के माध्यम से बाधित करने का दुस्साहस न कर सके। उन्होंने कहा कि भाजपा न्याय, लोकतंत्र और कानून के शासन के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा हिंसा और अराजकता के हर प्रयास का लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से मजबूती से मुकाबला करती रहेगी।

# नेस्ले इंडिया ने बिक्री में 25.4 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के लिए नेस्ले इंडिया के निदेशक मंडल ने वित्तीय परिणामों को मंजूरी दे दी। परिणामों पर टिप्पणी करते हुए नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनीष तिवारी ने कहा कि हमने एक मजबूत तिमाही दर्ज की है जिसमें बिक्री में 25.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई जिसका प्रमुख कारण मजबूत वॉल्यूम ग्रोथ रही। हमारी बिक्री बढ़कर 6363.3 करोड़ रुपये रही जो हमारे ब्रांडों पर उपभोक्ताओं के लगातार भरोसे और उत्कृष्ट निष्पादन पर हमारे मजबूत फोकस का परिणाम है। मौजूदा भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद, निर्यात कारोबार में 35.6 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की गई।

# खासमहाल की भूमि का होगा सर्वे, जिलावार तैयार होगी पूरी सूची : मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य की खासमहाल भूमि का व्यापक सर्वेक्षण कराने का निर्णय लिया है। इस अभियान के तहत राज्य के सभी जिलों में स्थित खासमहाल भूमि का जिलावार विवरण तैयार किया जाएगा, ताकि उसकी वर्तमान स्थिति, उपयोग, अतिक्रमण तथा न्यायालयों में लंबित मामलों का समग्र एवं अद्यतन डाटाबेस तैयार किया जा सके। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में खासमहाल सिटिजन वेलफेयर सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में विभाग के सचिव जय सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खासमहाल भूमि के व्यवस्थित प्रबंधन, पारदर्शिता और संरक्षण के लिए व्यापक स्तर पर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर अपने-अपने जिले की खासमहाल भूमि का विस्तृत विवरण उपलब्ध कराने को कहा जाए। इस विवरण में प्रत्येक भूमि की वर्तमान स्थिति, उपयोग, अतिक्रमण की स्थिति तथा संबंधित न्यायालयों में लंबित मामलों का कोर्ट केस स्टेटस भी अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा।

# राहुल गांधी नीट पर चर्चा से भाग रहे, छात्रों की आड़ में विपक्ष फैला रहा अराजकता : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कांग्रेस, राहुल गांधी और विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार नीट और पेपर लीक जैसे गंभीर विषयों पर संसद में विस्तृत चर्चा कराने के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन राहुल गांधी और पूरा विपक्ष चर्चा से बचकर छात्रों के आंदोलन की आड़ में अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष हताशा, निराशा और कुंठा की राजनीति कर रहा है तथा युवाओं की भावनाओं का राजनीतिक लाभ उठाना चाहता है। संजय सरावगी ने कहा कि यह समय राजनीति करने का नहीं, बल्कि छात्रों की समस्याओं के समाधान का है। सरकार संसद में जिस नियम के तहत और जितनी देर तक चर्चा करनी हो, उसके लिए पूरी तरह तैयार है। यदि विपक्ष के पास कोई ठोस सुझाव है तो उसे सदन में रखना चाहिए, लेकिन विपक्ष संसद का कामकाज बाधित कर देश का समय बर्बाद कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी की मंशा समाधान निकालने की नहीं, बल्कि भ्रम और अस्थिरता का माहौल बनाने की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं छात्रों के भविष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि पेपर लीक के सभी मामलों में दोषियों को शीघ्र कठोर सजा दिलाने और मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाएगा। संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के हितों की रक्षा और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में यह सरकार का एक महत्वपूर्ण और निर्णायक कदम है।

# इस्कॉन मंदिर में नेशनल सिल्क एक्सपो का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** राजधानी पटना के बुद्ध मार्ग स्थित इस्कॉन मंदिर सभागार में नेशनल सिल्क एक्सपो का भव्य शुभारंभ हुआ। 23 से 29 जुलाई तक चलने वाले इस सात दिवसीय एक्सपो में देशभर के 150 से अधिक बुनकर और हस्तशिल्प कारीगर अपने उत्कृष्ट सिल्क, कॉटन और एथनिक परिधानों का प्रदर्शन एवं बिक्री कर रहे हैं। एक्सपो का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधान पार्षद, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व मीडिया सह-प्रमुख संजय मयूख, विशिष्ट अतिथि सेंट्रल यूनिवर्सिटी की सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर रश्मि मयूख एवं वीवर्स एंड हस्तकला डेवलपमेंट फाउंडेशन के सचिव जयस कुमार गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय मयूख ने नेशनल सिल्क एक्सपो के आयोजकों को पटना में इस बेहतरीन आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। वहीं विशिष्ट अतिथि रश्मि मयूख ने पटनावासियों से इस प्रदर्शनी में आकर बुनकरों के उत्पाद को खरीदकर उनका उत्साहवर्धन करने की अपील की। पहले ही दिन बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शनी का भ्रमण किया और विभिन्न राज्यों की पारंपरिक साड़ियों व परिधानों की खरीदारी की।

# बांकीपुर को सलाहकार नहीं, सेवादार की जरूरत : ऋतुराज सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के दौरान करबिगहिया और चांदपुर बेला में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव किसी राजनीतिक प्रयोग या किसी व्यक्ति की महत्वाकांक्षा का नहीं, बल्कि बांकीपुर के विकास और जनता के विश्वास का चुनाव है। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर वर्षों तक दूसरों को चुनाव जिताने की रणनीति बनाते रहे, लेकिन अब बांकीपुर को अपनी राजनीतिक प्रयोगशाला बनाने की कोशिश कर रहे हैं। बांकीपुर की जनता किसी सलाहकार के प्रयोग का हिस्सा नहीं बनेगी। श्री सिन्हा ने कहा बांकीपुर को सलाहकार नहीं, सेवादार की जरूरत है। जनता ऐसे प्रतिनिधि को चुनेगी जो चुनाव के समय नहीं, बल्कि हर दिन जनता के बीच रहे, उनके सुख-दुख में सहभागी बने और विकास के लिए जवाबदेही के साथ काम करे। उन्होंने कहा कि रणनीतिकार चुनाव की गणित समझता है, लेकिन सेवादार जनता का विश्वास जीतता है। बांकीपुर की जागरूक जनता इस फर्क को अच्छी तरह समझती है और राजनीतिक नैरेटिव नहीं, बल्कि सेवा और कार्य के आधार पर अपना निर्णय करेगी। श्री सिन्हा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की राजनीति सेवा, सुशासन और विकास पर आधारित है। उन्हें विश्वास है कि बांकीपुर की जनता अवसरवादी राजनीति को नकारते हुए सेवा और समर्पण की राजनीति का समर्थन करेगी। जनता को सलाह देने वाले बहुत मिल जाएंगे, लेकिन जनता के बीच रहकर सेवा करने वाले ही उसका विश्वास जीतते हैं। इसलिए बांकीपुर को सलाहकार नहीं, सेवादार की जरूरत है।

# 'पटरंगम 2026' के पहले दिन नुक्कड़ एवं रंगमंचीय नाटकों ने दिया सामाजिक सरोकारों का सशक्त संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार के सौजन्य से तथा विश्वा, पटना (वाईटल इन्वेशन औफ सोशल हारमोनी वीथ आर्ट) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'पटरंगम 2026-पटना रंग महोत्सव' का आज प्रेमचंद रंगशाला, राजेन्द्र नगर, पटना में भव्य शुभारंभ हुआ। विश्वा, पटना विगत 12 वर्षों से बिहार में रंगकर्म, लोककला, संस्कृति एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े रचनात्मक कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक चेतना का प्रसार कर रही है। महोत्सव का उद्घाटन पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू ने मुख्य अतिथि के रूप में एवं भारतीय जनता पार्टी, कला संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष वरुण कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर शहर के अनेक रंगकर्मी, साहित्यकार, कलाकार, कला-प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। महोत्सव के प्रथम दिन नुक्कड़ नाटक एवं रंगमंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, न्याय व्यवस्था और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे समकालीन विषयों को प्रभावशाली ढंग से मंचित किया गया।

# छात्रों के भविष्य की सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक कदम : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मंगल पांडेय ने पेपर लीक से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण एवं दोषियों को शीघ्र एवं कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित करने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे देश के करोड़ों छात्रों के हित में लिया गया एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी फैसला बताया है। श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के लिए अब किसी प्रकार की ढिलाई या संरक्षण नहीं होगा।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मंत्री जयन्त चौधरी ने की पटना में एनएसटीआई (महिला) के स्थायी कैंपस की घोषणा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार के युवाओं के लिए वैश्विक रोजगार के अवसरों और महिलाओं के कौशल विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री जयन्त चौधरी तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना में महिलाओं के लिए नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट फॉर विमेन और स्किल इंडिया इंटरनेशनल के स्थायी कैंपस की स्थापना की घोषणा की। एनएसटीआई (महिला), पटना के स्थायी कैंपस का शिलान्यास प्रोजेक्ट साइट पर डायरेक्टरेट जनरल ऑफ ट्रेनिंग के डायरेक्टर जनरल दिलीप कुमार ने किया। इस अवसर पर भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय और बिहार सरकार ने बिहार में स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (एसआईआईसी) स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान भी किया। ये दोनों पहले मिलकर महिलाओं के लिए एडवांस्ड वोकेशनल ट्रेनिंग को मजबूत करेंगी और बिहार के युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय रोजगार के अवसरों तक पहुंचने के लिए स्ट्रक्चर्ड पाथवे तैयार करेंगी। एनएसटीआई (महिला), पटना का स्थायी कैंपस बिहटा में 99.97 करोड़ रुपए के निवेश से विकसित किया जाएगा। कैंपस में एक मॉडर्न एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, एकेडमिक ब्लॉक और गर्ल्स हॉस्टल होगा जिससे इंस्टीट्यूट अपनी ट्रेनिंग कैपेसिटी का काफी विस्तार कर सकेगा और इंडस्ट्री के हिसाब से और फ्यूचर-रेडी कोर्स शुरू कर सकेगा।

# महायोगी गोरक्षनाथ स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना के तत्वावधान में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत आयोजित महायोगी गुरु गोरक्षनाथ स्मृति अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का भव्य समापन समारोह संस्कृतमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह संस्था द्वारा आयोजित लगातार 46वां संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर था जिसमें देश-विदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के संस्कृत प्रेमियों ने अधिक संख्या में संस्कृत बोलना सीखा तथा गोरक्षनाथ स्मृति संस्कृत प्रतियोगिता में महायोगी गोरक्षनाथ के विषय पर संस्कृत में विचारों को व्यक्त किए जिसमें डॉ दीप्ति कुमारी, डॉ देवेश प्रकाश, डॉ विश्वजीत रुद्रपाल, तारा विश्वकर्मा, बीजेन्द्र सिंह विष्ट, दयानी शारदेय, उमा हेनोते, वन्दना पटेरिया, मनीषा बोदरा, रीना साहा, सुषमा सिंह आदि प्रमुख हैं। अभियान की ओर से डॉ देवेश प्रकाश एवं डॉ दीप्ति कुमारी को प्रथम पुरस्कार, डॉ विश्वजीत रुद्रपाल एवं तारा विश्वकर्मा को द्वितीय पुरस्कार एवं बीजेन्द्र सिंह विष्ट, दयानी शारदेय, उमा हेनोते को तृतीय पुरस्कार तथा मनीषा बोदरा एवं वन्दना पटेरिया को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।

# विधानसभा में गूंजा डिहरी के जाम का मुद्दा

# सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव तैयार : उप मुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर में वर्षों से लगने वाले भीषण जाम का मामला बिहार विधानसभा में प्रमुखता से उठा। डिहरी के विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से नगर के तीन प्रमुख मार्गों की जर्जर स्थिति, संकरी सड़क और अतिक्रमण से उत्पन्न यातायात समस्या का मुद्दा सदन में उठाते हुए सरकार से चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं पक्कीकरण की मांग की।

विधायक ने कहा कि चूना भट्ठा चौक से डिहरी स्टेशन रोड, पाली पुल होते हुए कर्पूरी चौक तथा डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक तक का मार्ग संकरा होने और अतिक्रमण के कारण हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे आम नागरिकों, विद्यार्थियों, मरीजों और राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जवाब में उप मुख्यमंत्री विजय चौधरी ने बताया कि चूना भट्ठा चौक से पाली पुल तक 1.50 किलोमीटर लंबी एवं 14 मीटर चौड़ी सड़क है। डिहरी रेलवे स्टेशन के समीप मंदिर तथा ठेला-टेम्पू के कारण जाम की समस्या उत्पन्न होती है। अतिक्रमण हटाने के लिए पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता द्वारा जिला प्रशासन को पत्र भेजा गया है तथा इस सड़क से संबंधित निविदा का तकनीकी मूल्यांकन जारी है। उन्होंने बताया कि पाली पुल से कर्पूरी चौक तक का 1.30 किलोमीटर लंबा एवं 7 मीटर चौड़ा मार्ग एसएच-15 का हिस्सा है। इसे 10 मीटर तक चौड़ा करने का प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है। संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर आगामी वित्तीय वर्ष में इस पर कार्रवाई की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि कर्पूरी चौक से डॉ. बी.आर. आंबेडकर चौक तक पुरानी जीटी रोड का 1.50 किलोमीटर लंबा एवं 11 मीटर चौड़ा हिस्सा है जहां ठेला एवं दुकानों के कारण अक्सर जाम लगता है। इस मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का भी प्राक्कलन तैयार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि धन की उपलब्धता और प्राथमिकता के आधार पर अगले वित्तीय वर्ष में कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

### बारह पत्थर मोहल्ले के निवासियों का भी उठाया मुद्दा



**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** विधानसभा में विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने रोहतास जिले के डिहरी-डालमियानगर नगर परिषद अंतर्गत 12 पत्थर मोहल्ले के वार्ड संख्या 35, 36 एवं 37 में पिछले 15 वर्षों से अधिक समय से रह रहे लोगों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने सरकार से इन परिवारों के नाम मालगुजारी रसीद काटने तथा उन्हें अस्थायी निवास प्रमाण पत्र निर्गत करने की मांग की, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके।

## प्रखंड कार्यालय निरीक्षण में डीएम ने लंबित काम को जल्द निपटाने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के काराकाट प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बुधवार को डीएम दीपक कुमार मिश्रा ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फरियादियों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को सरकारी योजनाओं सहित सभी लंबित काम प्राथमिकता से निपटाने का निर्देश दिया। निरीक्षण में सामने आया कि नगर पंचायत काराकाट की 34 योजनाओं का टेंडर होने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ है जिस पर डीएम ने कार्यपालक अभियंता से तुरंत फाइलें तलब कीं। प्रमुख प्रतिनिधि नारायण पासवान ने प्रखंड तक जाने वाली जर्जर सड़क की शिकायत की तो डीएम ने बताया कि सड़क का टेंडर हो चुका है और निर्माण जल्द शुरू होगा। उन्होंने मीडिया से कहा कि म्यूटेशन और परिमार्जन के लंबित मामलों में सख्ती बरती जाएगी और कर्मचारियों को दो दिन के अंदर अधिकांश आवेदन निपटाने होंगे जिसकी समीक्षा शनिवार को जिला स्तरीय बैठक में की जाएगी। इस दौरान राशन कार्ड, पीएम सूर्य योजना और अभियान बसेरा जैसी योजनाओं की भी समीक्षा हुई। मौके पर डीएसओ संतोष कुमार, बीडीओ संजीव कुमार, सीओ डॉ. रितेश कुमार सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## भाजपा नेता डॉ. मनीष पर जानलेवा हमले की एनडीए कार्यकर्ताओं ने की कड़ी निंदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिहार के पटना में दो अलग-अलग हिंसक घटनाओं के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और विधायकों पर उग्र छात्रों की भीड़ ने जानलेवा हमला कर उन्हें निशाना बनाया। इसी क्रम में बुधवार को शाम करीब 6 बजे घटित घटना में नीट पेपर लीक के विरोध में वामपंथी छात्र संगठन (आईसा) ने नीट छात्रों के साथ उग्र प्रदर्शन करते हुए आयकर विभाग बेली रोड स्थित भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ.मनीष रंजन की गाड़ी पर पथराव और जानलेवा हमला कर दिया गया। इस दौरान सैकड़ों झुंड में छात्रों ने भाजपा नेता उसके ड्राइवर के उपर छड़ के रड से पिटाई भी किया जिस घटना में बलौने गाड़ी को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया, लेकिन घायल अवस्था में भी भाजपा नेता डॉ. मनीष रंजन के जख्मी चालक गुड्डू यादव ने आनन-फानन में गाड़ी को वहां से हाई कोर्ट परिसर में भगाते हुए गाड़ी में सवार अन्य लोगों सहित अपनी जान बचाई जबकि गाड़ी में सवार करीब तीन लोगों ने राजकीय औषधालय हाई कोर्ट अस्पताल में पहुंच चिकित्सक द्वारा अपना प्राथमिक उपचार कराया जहां इलाज कर रहे डॉक्टरों ने सभी जख्मी लोगों को खतरे से बाहर बताया। दूसरी तरफ इस हमले की सूचना मिलते ही भाजपा और एनडीए समर्थित कार्यकर्ताओं ने कड़ी निंदा व्यक्त करते हुए बताया कि यह महागठबंधन के राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने छात्रों के आंदोलन की आड़ में घुसकर उपद्रव फैलाया जिसके लिए कोचिंग छात्रों और असामाजिक तत्वों को भड़काने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप्स और सैकड़ों कंटेंट क्रिएटर्स का सहारा लेते हुए भीड़ जुटाकर हिंसा भड़काई गयी है जिस घटना को अंजाम देने के लिए बिहार में महागठबंधन की सोची समझी साजिश थी। हालांकि इस घटना मामलें में स्थानीय पुलिस एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को चिन्हित करने में जुट गई है।

## न्यू इंडिया इंश्योरेंस ने मनाया 108वां स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की डिहरी शाखा में गुरुवार को कंपनी का 108वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक संजय कुमार एवं शाखा के कर्मचारियों ने केक काटकर स्थापना दिवस का शुभारंभ किया और कंपनी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। शाखा प्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि न्यू इंडिया इंश्योरेंस देश की अग्रणी सामान्य बीमा कंपनियों में शामिल है। उन्होंने बताया कि कंपनी की देशभर में 1,629 शाखाएं कार्यरत हैं और अपनी विश्वसनीय सेवाओं के कारण ग्राहकों का भरोसा जीतने में अग्रणी रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी समय पर बीमा दावों (क्लेम) का निपटारा करने तथा ग्राहकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि न्यू इंडिया इंश्योरेंस की सेवाएं केवल भारत तक सीमित नहीं हैं, बल्कि दुनिया के 25 देशों में भी कंपनी की शाखाएं कार्यरत हैं जो इसकी वैश्विक पहचान और विश्वसनीयता का प्रमाण है। समारोह में शाखा के विशाल कुमार, अजीत कुमार, शगुफ्ता अहमदी, रवि कुमार, शांता कुमार, सेवानिवृत्त कर्मचारी ओम प्रकाश सिंह, राजू कुमार सहित अन्य कर्मचारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने कंपनी की निरंतर प्रगति और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पत्रकारों पर कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला, स्वतंत्र मीडिया की सुरक्षा जरूरी : सत्यम कुमार उपाध्याय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** पत्रकार एवं समाजसेवी सत्यम कुमार उपाध्याय ने पत्रकारों के साथ कथित दुर्व्यवहार और मीडिया की स्वतंत्रता से जुड़े मुद्दों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती स्वतंत्र एवं निर्भीक पत्रकारिता पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि यदि ड्यूटी कर रहे पत्रकारों के कैमरे छीने जाएं, माइक तोड़े जाएं और प्रेस पहचान-पत्र दिखाने के बावजूद उनके साथ बल प्रयोग किया जाए तो यह केवल किसी एक पत्रकार का नहीं, बल्कि जनता के सूचना पाने के अधिकार का भी सवाल है।

सत्यम कुमार उपाध्याय ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी जवाबदेही है और जवाबदेही का सबसे प्रभावी माध्यम स्वतंत्र पत्रकारिता है। उन्होंने कहा कि यदि पत्रकारों के कैमरे और माइक सत्ता एवं प्रशासन के लिए असहजता का कारण बन जाए तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि पुलिस का दायित्व कानून-व्यवस्था बनाए रखना है, लेकिन यदि इस प्रक्रिया में मीडिया की स्वतंत्रता प्रभावित होती है तो इसकी निष्पक्ष और पारदर्शी समीक्षा होनी चाहिए। लोकतंत्र में सवाल पूछना अपराध नहीं, बल्कि नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है। उपाध्याय ने कहा कि सरकारें बदलती रहती हैं, लेकिन लोकतंत्र की आत्मा स्वतंत्र और निर्भीक पत्रकारिता से ही जीवित रहती है। यदि सत्ता आलोचना से असहज होने लगे और प्रशासन कैमरों से दूरी बनाने लगे तो इसे जवाबदेही से बचने का संकेत माना जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्र अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं और पत्रकार घटनाओं को निष्पक्ष रूप से जनता तक पहुंचाने के लिए मौजूद रहते हैं।

## पाइपलाइन निर्माण कार्य को लेकर आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** सिंचाई प्रमंडल, डिहरी द्वारा जल जीवन हरियाली अभियान के तहत सोन नदी के सतही जल से डिहरी, औरंगाबाद एवं सासाराम शहर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए एमएस 1000 मिमी पाइपलाइन बिछाने का कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य सासाराम शहर के पुरानी जीटी रोड स्थित फल मंडी एवं रूंगटा ब्रदर्स के समीप विद्युत लाइन के नीचे किया जाना है। कार्य के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव के लिए सिंचाई प्रमंडल, डिहरी द्वारा विद्युत प्रमंडल, सासाराम से अस्थायी विद्युत शटडाउन का अनुरोध किया गया है। इसके आलोक में 24 जुलाई (शुक्रवार) को प्रातः 05:00 बजे से 07:00 बजे तक संबंधित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी, ताकि पाइपलाइन निर्माण कार्य सुरक्षित एवं निर्बाध रूप से पूरा कराया जा सके। सहायक विद्युत अभियंता सासाराम (शहरी) रंजन कुमार ने उपभोक्ताओं से इस अस्थायी असुविधा के लिए सहयोग एवं समझदारी बरतने की अपील की है। कार्य पूर्ण होते ही विद्युत आपूर्ति यथाशीघ्र सामान्य कर दी जाएगी।


**कार्यालय,**
**जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा**
**संयुक्त कृषि भवन, प्रथम तल, पिपराकलां, गढ़वा–822114**
E-Mail Id- horticulturegarhwa2021@gmail.com

**शुद्धि–पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा के अन्तर्गत PR 384912 (Agriculture 26-27(D) द्वारा **"प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग"** के तहत Service Provider/Nursery चयन हेतु निविदा निकाला गया है। Technical Bid के कण्डिका 08 में ITR हेतु दर्शाये गये Last Three Financial Years 2023-24, 2024-25 & 2025-26 के स्थान पर 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 पढ़ा/समझा जाए। उक्त निविदा में शेष कण्डिका यथावत रहेगी।

1. निविदा संबंधी जानकारी/लगाये जाने वाले पौध सामग्रियों तथा अन्य उपादानों की सूची विस्तृत रूप से garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।
2. विशेष जानकारी हेतु जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा से सम्पर्क किया जा सकता है।

**जिला उद्यान पदाधिकारी,**
**गढ़वा।**

**PR.NO.385699 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(26-27):D**


## जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढीगोला(रोहतास)।** जिले के अकोढीगोला थाना क्षेत्र के ग्राम चांदी में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से अलग-अलग आवेदन दिए जाने पर पुलिस ने क्रॉस एफआइआर दर्ज कर 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के चांदी निवासी विजय कुमार सिंह ने लिखित आवेदन देकर बताया कि वे गांव में ही अपने खेत में धान की बिया कबार कर रहे थे। इसी दौरान 3 बाइक और 1 चार पहिया वाहन से आए 6-7 लोग हथियार, ड्रोन और कैमरा के साथ पहुंचे। पहुंचते ही जितेन्द्र कुमार, विपिन बिहारी सिंह डॉन चांदी के रहने वाले और धर्मेन्द्र कुमार वर्मा बौलिया रोड आसाराम के रहने वाले ने मार पीट की। आरोप है कि लोहे के रड से उन हमला किया गया। ग्रामीणों के बीच-बचाव से जान बची। विजय कुमार का कहना है कि आरोपी उनकी जमीन दबंगई से कब्जा करना चाहते हैं। इसी मामले में अकोढीगोला थाना की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुएकांड में नामजद 2 आरोपियों जितेन्द्र कुमार और धर्मेन्द्र कुमार वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 180_2026-27, दिनांक 21.07.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा **सीनि. डीईएन/सी/हावड़ा** के अधीन नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का विवरणः** (i) एईएन/कटवा के अधीन बैण्डेल-कटवा अनुभाग में किमी. 96/5-7 पर लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 18ए/6/सी/ई के स्थान पर नए सीमित ऊंचाई के सबवे का निर्माण। (ii) एईएन/नबद्वीपधाम के अधीन बैण्डेल-कटवा अनुभाग में किमी. 73/28-30 पर लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 17ए के स्थान पर नए सीमित ऊंचाई के सबवे का निर्माण। (iii) एईएन/नबद्वीपधाम के अधीन बैण्डेल-कटवा अनुभाग में किमी. 84/13-15 पर लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 17ए/7 के स्थान पर नए सीमित ऊंचाई के सबवे का निर्माण। **अनुमानित लागतः** रु. 28,75,22,492.46; **बयाना राशिः** रु. 57,50,500; **निविदा प्रपत्र की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** 12 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 14.08.2026 को 14.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से ऊपर उल्लेखित वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-231/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है


**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway**
**@easternrailwayheadquarter**


## 25 को सासाराम में छात्र-नौजवानों का महाधरना, शिक्षा व्यवस्था में सुधार की उठेगी मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम/ डिहरी ऑन सोन।** शिक्षा व्यवस्था में सुधार, नीट परीक्षा लीक मामले की उच्चस्तरीय जांच, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तथा दिल्ली में आंदोलनरत छात्रों पर पुलिस कार्रवाई की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर 25 जुलाई 2026 को सासाराम में छात्र-नौजवानों का महाजुटान एवं एकदिवसीय धरना आयोजित किया जाएगा। धरने के बाद रोहतास के जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अमित पासवान ने कहा कि आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद संसद भवन परिसर में इन मुद्दों को लेकर पिछले तीन दिनों से धरने पर बैठे हैं। उन्होंने बताया कि इस आंदोलन को सोनम वांगचुक के आंदोलन का भी समर्थन प्राप्त है और सासाराम में आयोजित होने वाला धरना इसी क्रम का हिस्सा है। अमित पासवान ने छात्र-नौजवानों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा, न्याय और छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि छात्र और युवा एकजुट होकर शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार तथा अपने अधिकारों की मांग को मजबूती से उठाएं। उन्होंने बताया कि यह एकदिवसीय धरना 25 जुलाई (शनिवार) को सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक जिला कलेक्ट्रेट गेट, सासाराम के सामने आयोजित होगा। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। धरने के आयोजन को लेकर छात्र एवं युवा संगठनों ने व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर शिक्षा, छात्रों के अधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों के समर्थन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय औरंगाबाद**
(डी0सी0आर0बी0, शाखा)



| | |
|---|---|
| नाम– | राजू कुमार |
| पिता– | विलाश डोम |
| पता– | सा0–गांधी मैदान के पिछे, थाना–नगर, जिला–औरंगाबाद |
| उम्र– | 24 वर्ष |
| लम्बाई– | 05 फीट 03 इंच |
| रंग– | काला |
| पहचान चिन्ह– | दाहिने हाथ में माँ लिखा हुआ टैटू का निशान, दाहिने हाथ में पीतल का कड़ा पहने हुए है, बाएं कान कानबाली पहने हुए है। |
| पहनावा– | पीले रंग का टीशर्ट और सफेद रंग का जिन्स। |
| भाषा– | हिन्दी एवं मगही |

**पुलिस अधीक्षक**
**औरंगाबाद**

PR- 008449 (Police) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर, पलामू।**
बाईपास रोड (झारखण्ड) पिन नं0 822102
Email : eedwsd.medininagar@gmail.com

**आवश्यक–सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/SR/DT/Med-06/2026-27 (1st Call) (Relocation of defunct tube well) जो PR No. 385395 Drinking Water and Sanitation (26-27)_D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हैं, को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
मेदिनीनगर।

PR 385696 (Drinking Water and Sanitation) 26-27 (D)


## हर पंचायत में पीएलवी की बहाली, लीगल एड क्लीनिक की स्थापना

### समय पर मानदेय देने की मांग, बाल संरक्षण तंत्र मजबूत करने का आग्रह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं बंदी अधिकार आंदोलन के समन्वयक संतोष उपाध्याय ने बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव को पत्र भेजकर राज्य की प्रत्येक पंचायत में पारा विधिक स्वयंसेवक की बहाली, लीगल एड क्लीनिक की स्थापना, बाल संरक्षण तंत्र को सशक्त बनाने तथा पीएलवी को नियमित कार्य एवं समय पर उचित मानदेय उपलब्ध कराने की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक जागरूकता बढ़ाने, गरीब एवं वंचित लोगों को न्याय तक आसान पहुंच उपलब्ध कराने तथा बच्चों, महिलाओं और कमजोर वर्गों के अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पंचायत स्तर पर प्रशिक्षित पारा विधिक स्वयंसेवक की नियुक्ति अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल यौन शोषण, विद्यालय से बच्चों का ड्रॉपआउट, घरेलू हिंसा तथा अन्य सामाजिक समस्याएं ग्रामीण क्षेत्रों में गंभीर चुनौती बनी हुई है।


**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला नजारत शाखा)
**आम सूचना**

अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक सं0 376 दिनांक 21 फरवरी 2025 के माध्यम से जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद का कार्यालय स्थापित किया जाना है। उक्त कार्यालय हेतू किराये के भवन की आवश्यकता है।

**किराये के भवन संबंधी विवरणी निम्नवत है :–**

1. नये जिला सैनिक कल्याण कार्यालय हेतू कम से कम 02–03 कमरों का भवन (10 x 15 ft) का होना चाहिए।
2. नये जिला सैनिक कल्याण कार्यालय हेतू कम से कम 01 कमरे का हॉल (15 x 20 ft) का होना चाहिए।
3. नये जिला सैनिक कल्याण कार्यालय हेतू कम से कम 02 शौचालय होना चाहिए।
4. नये जिला सैनिक कल्याण कार्यालय हेतू शुद्ध पानी, बिजली एवं दुरसंचार आदि बुनियादी सुविधा का होना अनिवार्य है।
5. किराये का निर्धारण भवन नियंत्रक –सह–अनुमण्डल पदाधिकारी, औरंगाबाद द्वारा नियमानुसार किया जायेगा।
6. किराये के भवन का निर्धारण संबंधित अंतिम निर्णय प्रबंधन समिति का होगा।

अतः उपरोक्त अहर्ता पूर्ण करने वाले इच्छुक भवन मालिक दिनांक 25 जुलाई 2026 से 05 अग्रस्त 2026 संध्या 5.00 बजे तक जिला नजारत शाखा, औरंगाबाद में पंजीकृत डाक के माध्यम से अथवा सीधे तौर पर कार्यालय में आकर भवन संबंधित विवरणी जमा कर सकते हैं।

PR- 008439 ( District ) 2026-27

**जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद**

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**



**बिहार सरकार**
**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**
आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**
**विज्ञापन संख्या– बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)–2026/09 दिनांक– 23.07.2026**

**डिप्लोमा–सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2026**
**पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण) पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु Online Round-2 Counselling से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या– बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/07 एवं 2026/08 दिनांक 21.06.2026 एवं के क्रम में DCECE(PE)-2026 के आधार पर बिहार राज्य के सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक अभियंत्रण पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए पर्षद के वेबसाईट पर दिनांक 21.07.2026 को प्रकाशित की गयी Online Round-2 Counselling Seat Allotment Result में कतिपय तकनीकी त्रुटि पाये जाने के कारण Withdraw किया जाता है। साथ ही दिनांक 23.07.2024 एवं दिनांक 24.07.2024 को आयोजित की जानेवाली Document Verification एवं नामांकन प्रक्रिया को रद्द किया जाता है।

संशोधित Online Round-2 Counselling Seat Allotment Result दिनांक 25.07.2026 को पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध करा दी जायेगी। तद्नुसार Online Round-2 Counselling कार्यक्रम को निम्नवत् पुनर्निर्धारित किया जाता है;

| क्र. | कार्यक्रम | पुनर्निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| i. | Revised Round-2 Seat Allotment Result | 25.07.2026 |
| ii. | Downloading of Revised Allotment order (Round-2) | 25.07.2026 to 28.07.2026 |
| iii. | Documents Verification & Admission (Round-2) | 27.07.2026 to 28.07.2026 |

2. आवंटित अभ्यर्थी पर्षद के Website पर उपलब्ध Link "Online Portal of DCECE(PE)-2026" पर click कर अपने Account में login कर दिनांक 25.07.2026 से 28.07.2026 तक की अवधि में Revised Provisional Seat Allotment Order Download कर प्राप्त कर लें तथा दिनांक **27.07.2026** से **28.07.2026** तक की अवधि में Revised Provisional Seat Allotment Order पर छपे **Reporting Centre पर जाकर Document Verification एवं Admission की प्रक्रिया पूरी करेंगे अन्यथा उनका आवंटित सीट रद्द हो जायेगा।**
3. ऐसे अभ्यर्थी जो Revised Seat Allotment Result में सम्मिलित हैं और दिनांक 23.07.2026 को नामांकन प्रक्रिया पूरी कर चुके हैं, वे भी अपना Revised Provisional Seat Allotment Order download करेंगे और **पुनः अपने Alloted Reporting Centre पर जाकर Document / Identity Verification प्रक्रिया पूरी करना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा उनका आवंटित सीट रद्द हो जायेगा, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे।**
4. विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)–2026/07 दिनांक– 21.06.2026 की शेष शर्तें एवं नियम यथावत् रहेंगी।

**परीक्षा नियंत्रक**

# लोकतंत्र पर हमला कर रही भाजपा : प्रभाकर झा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने जिलाध्यक्ष प्रभाकर झा के नेतृत्व में काली पट्टी बांधकर जन आक्रोश प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर हुए कथित लाठीचार्ज तथा विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कांग्रेस सांसदों के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार के विरोध में आयोजित किया गया। कांग्रेस कार्यालय से निकला जुलूस धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो के नारे लगाते हुए भगत सिंह चौक से प्रजातंत्र चौक पहुंचा। वहां बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को नमन करने के बाद नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रभाकर झा ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं और विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग और विपक्षी नेताओं के साथ कथित दुर्व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने भी सरकार पर संविधान की भावना की अनदेखी करने तथा छात्रों की आवाज दबाने का आरोप लगाया। सभा के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिला पदाधिकारी को तीन सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। इसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे, परीक्षा में हुई अनियमितताओं एवं व्यवस्थागत विफलताओं पर संसद में तत्काल चर्चा तथा नई दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान छात्रों और शांतिपूर्ण



प्रदर्शनकारियों पर दर्ज सभी प्राथमिकी एवं आपराधिक मामलों को वापस लेने की मांग की गई। प्रदर्शन में प्रदेश डेलिगेट बलिराम सिंह, अरुण कुमार, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज कुमार, इंटक जिलाध्यक्ष मनीष कुमार, उपेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

# नगर परिषद नवादा में तीन सदस्यीय जांच दल ने दर्ज किया बयान, मुख्य पार्षद व उप मुख्य पार्षद से हुई पूछताछ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नगर परिषद नवादा में बोर्ड की बैठकों के संचालन, नियमों के पालन और विभिन्न प्रशासनिक मामलों को लेकर दिए गए आवेदन के बाद गुरुवार को तीन सदस्यीय अधिकारियों का दल नगर परिषद कार्यालय पहुंचा। अधिकारियों की टीम ने मामले से जुड़े वादी और प्रतिवादी पक्ष का बयान दर्ज किया तथा संबंधित दस्तावेजों और अभिलेखों की भी जानकारी ली। जांच के क्रम में अधिकारियों ने नगर परिषद की मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी और उप मुख्य पार्षद कंचन विश्वकर्मा का बयान दर्ज किया। इसके अलावा आवेदन देने वाली वार्ड पार्षदों से भी मामले के संबंध में जानकारी ली गई। आवेदन में वार्ड पार्षदों द्वारा नगर परिषद बोर्ड की बैठकों के आयोजन, बैठक की अध्यक्षता तथा संबंधित नियमों के अनुपालन को लेकर सवाल उठाए गए हैं। प्राप्त आवेदन में वार्ड



पार्षदों ने आरोप लगाया है कि बिहार नगर पालिका अधिनियम, 2007 की धारा 48 के प्रावधानों के अनुरूप बोर्ड की नियमित बैठकें नहीं हो रही हैं। आवेदन में बोर्ड की बैठकों की संख्या और बैठक संचालन से संबंधित कई बिंदुओं का उल्लेख करते हुए मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है।आवेदन देने वाली वार्ड पार्षदों में रीना कुमारी (वार्ड संख्या 21) सहित अन्य पार्षदों के नाम भी दर्ज हैं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि बोर्ड की बैठकों में नियमों के अनुपालन को लेकर स्थिति स्पष्ट की जाए और संबंधित अभिलेखों की जांच की जाए। वहीं, अधिकारियों के दल द्वारा वादी और प्रतिवादी दोनों पक्षों का बयान दर्ज किए जाने के बाद अब मामले की जांच रिपोर्ट पर नजरें टिकी हैं। जांच के दौरान अधिकारियों ने उपलब्ध दस्तावेजों, बैठक पंजी और अन्य संबंधित अभिलेखों की जानकारी भी ली है। माना जा रहा है कि सभी पक्षों के बयान और दस्तावेजों की समीक्षा के बाद जांच दल अपनी रिपोर्ट सक्षम पदाधिकारी को सौंपेगा। नगर परिषद से जुड़े इस मामले को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है। अब जांच के निष्कर्ष और अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होने की संभावना है।

## एक नजर

### मतदाता सूची पुनरीक्षण में तेजी लाने का निर्देश

**कौआकोल।** प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को सभी बीएलओ की दो शिफ्टों में बैठक हुई। अध्यक्षता बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने की। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्य को पारदर्शिता और गंभीरता से पूरा करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि डीएसई सहित विभिन्न श्रेणी के चिन्हित मतदाताओं का नियमानुसार सत्यापन कर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक विलोपन की कार्रवाई की जाए। दो स्थानों पर दर्ज मतदाताओं का नाम एक स्थान से हटाने, नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा मृत एवं स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी बीएलओ को घर-घर जाकर सत्यापन करने और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने को कहा। बैठक में जयप्रकाश मेहता, अरुण कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### 25 जुलाई को लगेगा रोजगार मेला

**नवादा।** जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर द्वारा 25 जुलाई को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आईटीआई) परिसर में एकदिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला नियोजन पदाधिकारी सुनील कुमार सुमन ने बताया कि आमफेने प्रा. लि., पटना सीनियर एसोसिएट एवं असेंबली ऑपरेटर के 50 पदों पर भर्ती करेगी। अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं या स्नातक तथा आयु 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। कार्यस्थल पैन इंडिया होगा। इच्छुक अभ्यर्थी आवश्यक प्रमाणपत्र, बायोडाटा और फोटो के साथ सुबह 10:30 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित कैंप में भाग ले सकते हैं। एनसीएस पोर्टल पर निबंधन अनिवार्य होगा। बिना निबंधन वाले अभ्यर्थी पहले जिला नियोजनालय में पंजीकरण करा सकते हैं।

### 'सखी वार्ता' में छात्राओं को सुरक्षा व कानूनी अधिकारों की जानकारी

**नवादा।** मिशन शक्ति के तहत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, मोरमा (रोह) में गुरुवार को 'सखी वार्ता' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को सुरक्षा, आत्मरक्षा, लैंगिक समानता और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। विशेषज्ञों ने पॉक्सो अधिनियम, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर बुलिंग, बाल विवाह, घरेलू हिंसा और लैंगिक उत्पीड़न जैसे विषयों पर जानकारी दी। छात्राओं को किसी भी प्रकार के शोषण या हिंसा की स्थिति में बिना डर शिकायत करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रश्नोत्तर सत्र में छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा डिजिटल सुरक्षा और आत्मरक्षा के उपाय बताए गए। कार्यक्रम में लैंगिक विशेषज्ञ मयंक प्रियदर्शी, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ पंकज कुमार, अमन कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### रजौली इंटर विद्यालय में अनुशासन और सुरक्षा पर सख्ती

**रजौली।** पठन-पाठन और छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रोजेक्ट इंटर विद्यालय प्रशासन ने परिसर में कड़े नियम लागू किए हैं। प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार प्रधान ने कहा कि अब विभागीय अनुमति के बिना किसी भी बाहरी व्यक्ति या आगंतुक को विद्यालय परिसर में प्रवेश नहीं मिलेगा। प्रधानाचार्य ने स्पष्ट किया कि विद्यालय में अनुशासन और शैक्षणिक माहौल बनाए रखने के लिए बिना अनुमति बाहरी लोगों का प्रवेश, मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल और अन्य अनावश्यक उपकरण लाने एवं निर्धारित विद्यालयी पोशाक के बिना आने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि "बाहरी लोगों की अनावश्यक आवाजाही से पढ़ाई प्रभावित होती है और बच्चों का ध्यान भटकता है। शिक्षकों और विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए यह कदम जरूरी था।" विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें और शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। प्रधानाचार्य का मानना है कि नियमित उपस्थिति से ही छात्र पूरी एकाग्रता के साथ पढ़ाई कर बेहतर परिणाम दे सकेंगे। शिक्षा विभाग और अभिभावकों ने इस निर्णय की सराहना की है। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि यदि इन नियमों को संवेदनशीलता और उचित व्यवस्था के साथ लागू किया जाए तो इससे विद्यालय की गरिमा और अनुशासन दोनों में वृद्धि होगी। प्रधानाचार्य आशुतोष प्रधान ने भरोसा दिलाया कि सुरक्षा और शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# दो पंचायतों की खींचतान में घुट रहा अमावां, गंदे नाले के पानी में पढ़ने जा रहे छात्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली प्रखंड के अमावां गांव में पंचायती व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों की आपसी खींचतान ने पूरे परिसीमन क्षेत्र के विकास को ठप कर दिया है। अमावां पश्चिमी और पूर्वी पंचायत की सीमा विवाद और नाले की सफाई को लेकर दोनों मुखियाओं की सियासी लड़ाई का खामियाजा यहां के आम ग्रामीण, महिलाएं और स्कूली बच्चे भुगत रहे हैं। अमावां बस स्टैंड से बाजार और पूजा स्थलों तक जाने वाले मुख्य मार्ग पर नाले का बदबूदार पानी सरेआम बह रहा है। महीनों से नाले की सफाई नहीं होने से जलजमाव की स्थिति भयावह हो गई है। लोगों को रोजाना घुटने भर गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, लेकिन प्रशासनिक अमला मौन है। इस बदहाली का सबसे ज्यादा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ा है। प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं कोचिंग और स्कूल इसी रास्ते से जाते हैं। अमावां की छात्रा ब्यूटी कुमारी ने बताया कि नाले के ऊपर बने पतले किनारों पर चढ़कर जाना पड़ता है, हर पल गिरने का डर रहता है। आमहदी गांव की सरिता कुमारी ने कहा कि मजबूरी में काले और बदबूदार पानी में पैर रखकर सड़क पार करनी पड़ती है। कुछ दिन पहले उनकी कॉपियां और किताबें पानी में गिरकर पूरी तरह खराब हो गईं। स्थानीय लोगों नवलेश और सतीश कुमार के अनुसार जलजमाव की मुख्य वजह परिसीमन का उलझाव है। यह नाला पश्चिमी पंचायत से शुरू होकर पूर्वी से गुजरते हुए फिर पश्चिमी में गिरता है। पूर्वी मुखिया पति उमेश चौधरी का कहना है कि मुख्य नाला पश्चिमी का है तो सफाई भी वहीं कराएं। वहीं पश्चिमी मुखिया उपेंद्र यादव का तर्क है कि पूर्वी पंचायत सहयोग करे तभी वे सफाई कराएंगे। इसी ईगो फाइट के कारण नाला गाद और कचरे से पट गया है। इस रास्ते से जुड़े 150-200 घरों के लोग प्रभावित हैं। शिवाला मंदिर और संगत जाने वाली महिलाओं को पवित्रता ताक पर रखकर गंदे पानी में से होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बीडीओ को लिखित शिकायत भी दी थी। बीडीओ संजीव झा ने बताया कि दोनों पंचायतों के मुखिया और सचिव को आपसी समन्वय बनाकर नाले की उड़ाही जल्द कराने का निर्देश दिया गया है। ग्रामीणों ने चेताया है कि समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की डीएम-एसपी ने की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** स्वतंत्रता दिवस 2026 समारोह की तैयारियों को लेकर गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी रवि प्रकाश और पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, प्रभातफेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा सुविधा और अन्य तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को प्रभातफेरी में भाग लेने वाले विद्यालयों का चयन कर समय पर आयोजन सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों के लिए पेयजल, ओआरएस और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। नगर परिषद को हरिश्चंद्र स्टेडियम, पहुंच पथों और नालियों की सफाई, चूना छिड़काव तथा महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण की व्यवस्था करने को कहा गया। भवन निर्माण विभाग को बैरिकेडिंग, ध्वजदंड की मरम्मत और मंच की तैयारी समय पर पूरी करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य समारोह का सोशल मीडिया, फेसबुक लाइव और केबल टीवी के माध्यम से प्रसारण करने, स्टेडियम में वॉटरप्रूफ पंडाल और पर्याप्त बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। संध्या में नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा हरिश्चंद्र स्टेडियम में प्रशासन और आमजन के बीच मैत्री क्रिकेट मैच आयोजित होगा। वहीं महादलित टोलों में भी जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण कराया जाएगा। बैठक में उप विकास आयुक्त सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# नवोदय विद्यालय के शिक्षकों ने चलाया नामांकन जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय रेवार में सत्र 2027-28 के लिए कक्षा छह में नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही विद्यालय के शिक्षकों ने जागरूकता अभियान चलाया। नरहट बीआरसी के मो. ताबिश एजाज एवं अलका कुमारी के मार्गदर्शन में शिक्षकों की टीम ने प्रखंड के विभिन्न प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों का दौरा कर कक्षा पांच के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (जेएनवीएसटी-2027) की विस्तृत जानकारी दी। शिक्षकों ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित है, जबकि परीक्षा 28 नवंबर 2026 को आयोजित होगी। आवेदन केवल नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों को पात्रता की जानकारी देते हुए बताया कि अभ्यर्थी नवादा जिले का निवासी हो, सत्र 2026-27 में कक्षा पांच में अध्ययनरत हो तथा उसकी जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच होनी चाहिए। अभियान के दौरान विद्यार्थियों को नवोदय विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा, आवास, भोजन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की सुविधाओं से भी अवगत कराया गया। विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से अंतिम तिथि से पहले आवेदन कराने की अपील की। इस दौरान बीआरसी के संतोष कुमार, रामानंद कुमार, राजेश कुमार, सुरेंद्र पासवान और राकेश कुमार मौजूद रहे।

## नालंदा

# आठ वर्षों से बिना छात्रों के वीरान पड़ा महवाचक प्राथमिक विद्यालय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हरनौत।** प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय महवाचक पिछले आठ वर्षों से बिना छात्रों के संचालित हो रहा है। वर्ष 2018 से विद्यालय में एक भी छात्र का नामांकन नहीं हुआ है। छात्र नहीं होने के कारण यहां पदस्थापित शिक्षकों को भी दूसरे विद्यालयों में प्रतिनियुक्त कर दिया गया है। अब गांव के बीच स्थित दो मंजिला विद्यालय भवन पर ताला लटका है और परिसर झाड़-झंखाड़ से भर गया है।विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि वर्ष 1980 में स्थापित इस विद्यालय में पहले 50 से 60 छात्र नामांकित रहते थे। वर्ष 2014 में गांव सड़क से जुड़ने के बाद अभिभावकों ने बच्चों का नामांकन आसपास के बड़े विद्यालयों में कराना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे छात्र संख्या घटती गई और 2018 में नामांकन पूरी तरह शून्य हो गया। सरकार की विभिन्न योजनाओं



और नामांकन अभियान के बावजूद स्थिति नहीं बदली।महवाचक गांव में लगभग 70-75 परिवार हैं। अधिकांश परिवार अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए दूसरे गांवों या शहरों का रुख कर चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से बने विद्यालय भवन का उपयोग पुस्तकालय, कौशल प्रशिक्षण केंद्र, आंगनबाड़ी, डिजिटल शिक्षा केंद्र या अन्य सरकारी कार्यों के लिए किया जाना चाहिए।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नितेश कुमार रंजन ने बताया कि बच्चों का नामांकन बढ़ाने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। छात्र नहीं होने के कारण पिछले दो वर्षों से विद्यालय के सभी शिक्षकों को उत्क्रमित मध्य विद्यालय, छतियाना में प्रतिनियुक्त किया गया है। विद्यालय की मौजूदा स्थिति शिक्षा व्यवस्था और सरकारी संसाधनों के बेहतर उपयोग पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

# सीएमआर आपूर्ति में सुस्ती पर डीएम सख्त

## एक सप्ताह में 100 प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिला पदाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में धान अधिप्राप्ति के विरुद्ध कस्टम मिल्ड राइस आपूर्ति की प्रखंडवार समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।समीक्षा में बताया गया कि जिले में सीएमआर आपूर्ति का औसत 93.82 प्रतिशत है, जबकि करायपरशुराय 77.75 प्रतिशत, रहुई 80.54 प्रतिशत, बेन 84.23 प्रतिशत, गिरियक 85.93 प्रतिशत, कतरीसराय 86.49 प्रतिशत, परवलपुर 87.81 प्रतिशत, इस्लामपुर 90.19 प्रतिशत और एकंगरसराय 90.56 प्रतिशत की प्रगति जिला औसत से कम है। वहीं



एकसारा पैक्स पर 16, बौरीडीह पर 8.56, बरदाहा व बेरथू पर 7-7, उत्तरनावां पर 7, धुरगांव पर 6.5, करायपरशुराय पर 5.65 तथा रहुई पैक्स पर 5.53 लॉट सीएमआर लंबित है।धीमी प्रगति पर डीएम ने गहरी नाराजगी जताते हुए संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को पैक्स अध्यक्षों, मिलरों और बीसीओ के साथ बैठक कर लंबित आपूर्ति शीघ्र पूरी कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लक्ष्य प्राप्ति में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही पर नियमानुसार कार्रवाई होगी।डीएम ने सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को प्रत्येक प्रखंड के लिए दैनिक लक्ष्य तय कर अभियान मोड में कार्य करने तथा एक सप्ताह के भीतर 100 प्रतिशत सीएमआर आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, बिहारशरीफ के अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी भौतिक एवं वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**बिहारशरीफ।** सोहसराय थाना क्षेत्र के आशा नगर मोहल्ले में बुधवार देर रात 34 वर्षीय कविता कुमारी का शव घर के किचन में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें प्रारंभिक जानकारी के अनुसार किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है। मृतका के पति शंभू रजक पंजाब नेशनल बैंक में प्रबंधक हैं और वर्तमान में पश्चिम बंगाल के वर्धमान में पदस्थापित हैं। घटना के समय दोनों बच्चे स्कूल गए थे। बच्चों को लेने नहीं पहुंचने पर पड़ोसियों ने घर जाकर देखा तो शव फंदे से लटका मिला। मृतका के पिता ने हत्या की आशंका जताई है। सोहसराय थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

### बिहार में 63 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं एनीमिया से पीड़ित

**बिहारशरीफ।** सदर अस्पताल में गुरुवार को स्वास्थ्यकर्मियों के लिए एनीमिया मॉड्यूल 2.0 एवं एफसीएम इंजेक्शन थेरेपी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में एनीमिया की पहचान, उपचार और गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं के बेहतर प्रबंधन की जानकारी दी गई। उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन ने बताया कि बिहार में एनीमिया की स्थिति चिंताजनक है। राज्य में 63 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं एनीमिया से ग्रस्त हैं, जबकि राष्ट्रीय औसत 52 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि समय पर जांच और उपचार से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। प्रशिक्षण में एफसीएम इंजेक्शन थेरेपी के सुरक्षित उपयोग और आयरन की कमी से होने वाले गंभीर एनीमिया के उपचार की भी जानकारी दी गई।

### डीएलएड परीक्षा के लिए केंद्रों के 500 गज दायरे में धारा 163 लागू

**बिहारशरीफ।** डीएलएड (फेस-टू-फेस) प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा को कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए अनुमंडल प्रशासन ने 24 जुलाई से 7 अगस्त तक परीक्षा के दिनों में धारा 163 लागू कर दी है। एसडीएम किसलय श्रीवास्तव ने बताया कि तीनों परीक्षा केंद्रों के 500 गज दायरे में पांच या अधिक लोगों के एकत्र होने, हथियार लेकर चलने तथा अनधिकृत आवाजाही पर रोक रहेगी। परीक्षार्थियों को मोबाइल सहित किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा अवधि में केंद्रों के आसपास फोटोस्टेट दुकानें, साइबर कैफे और कोचिंग संस्थान भी बंद रहेंगे। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### डीएसपी ने साइबर सुरक्षा व नशा मुक्ति का दिया संदेश

**हिलसा।** श्री चंद उदासीन महाविद्यालय के सभागार में स्नातक सेमेस्टर-1 (सत्र 2026) के विज्ञान संकाय के नवनामांकित विद्यार्थियों के लिए परिचय सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हिलसा डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ किया।इस अवसर पर सर्किल इंस्पेक्टर अमरदीप कुमार एवं थाना अध्यक्ष चंद्रभानु भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।अपने संबोधन में डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, अनुशासन, नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा तथा कानून के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने जैसी साइबर धोखाधड़ी से सतर्क रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने नशे से दूर रहकर अनुशासित जीवन जीने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्नातक सेमेस्टर-1 के विद्यार्थी उपस्थित रहे। उन्हें साइबर सुरक्षा, सामाजिक जिम्मेदारियों और सुरक्षित जीवनशैली के विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। अंत में विज्ञान संकाय के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का परिचय सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं अनुशासन संबंधी नियमों से अवगत कराया गया।

# शिकायत पर प्रशासन की त्वरित कार्रवाई

## फ्लाईओवर से बालू हटाया और गांव में बहाल हुई नल-जल आपूर्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जनसुविधाओं से जुड़ी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन ने दो महत्वपूर्ण मामलों का निष्पादन कर दिया है। बिहारशरीफ नगर निगम ने भरावपर फ्लाईओवर पर बिखरे बालू की तत्काल सफाई कर संभावित दुर्घटना की आशंका को समाप्त कर दिया, वहीं हरनौत प्रखंड के बीरमपुर गांव में बंद पड़ी नल-जल योजना की मरम्मत कर पेयजल आपूर्ति



बहाल कर दी गई।उप नगर आयुक्त ने बताया कि दैनिक पत्र से मिली शिकायत को गंभीरता से लेते हुए फ्लाईओवर का निरीक्षण कराया गया। जांच के बाद वहां बिखरे बालू एवं अन्य अवशेषों की पूरी तरह सफाई कराई गई। कार्रवाई की पुष्टि के लिए जीपीएस युक्त फोटोग्राफ जिला जन शिकायत निवारण कोषांग को भेजे गए हैं। नगर निगम ने नागरिकों से जनसुविधा संबंधी समस्याओं की सूचना प्रशासन को देने की अपील की है।दूसरी ओर, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहारशरीफ ने बीरमपुर गांव में नल-जल योजना बंद होने की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मोटर की मरम्मत कर अगले ही दिन जलापूर्ति सामान्य कर दी। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि अब गांव में नियमित पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है तथा भविष्य में ऐसी समस्या न हो, इसके लिए योजना की सतत निगरानी भी की जाएगी। विभाग ने कहा कि पेयजल संबंधी शिकायतों का त्वरित समाधान उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# भागनबीघा महादेवी स्थान में 24 घंटे की अखंड कीर्तन शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रहुई प्रखंड के भागन बीघा बाजार स्थित महादेवी स्थान में आषाढ़ी पूजा के अवसर पर गुरुवार को 24 घंटे के अखंड कीर्तन का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जदयू के राष्ट्रीय महासचिव इंजीनियर सुनील कुमार एवं पैठना पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार पिंकू ने फीता काटकर किया। इसके बाद अतिथियों ने मंदिर की परिक्रमा करते हुए हरिनाम संकीर्तन और भजन-कीर्तन में भाग लिया। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार पिंकू ने बताया कि आषाढ़ी पूजा के तहत एक दिन पहले कुमारी कन्याओं और महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई थी। दूसरे दिन आयोजित 24 घंटे के अखंड कीर्तन में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। इंजीनियर सुनील कुमार ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में प्रेम,



भाईचारा और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करते हैं। ऐसे आयोजन गांव, पंचायत और जिले में सुख, शांति तथा समृद्धि का संदेश देते हैं। उन्होंने प्रत्येक गांव और पंचायत में इस प्रकार के आयोजनों को बढ़ावा देने की अपील की।मौके पर प्रखंड प्रमुख बाबू रामलाल, पूर्व मुखिया जीवेश कुमार यादव, राकेश मुखिया, सालन महतो सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय मखदुमपुर में शिक्षकों पर मनमानी का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बेन प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय मखदुमपुर की प्रधान शिक्षिका ने विद्यालय में कार्यरत कुछ शिक्षकों पर अनुशासनहीनता, आदेशों की अवहेलना और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। उन्होंने शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई तथा अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। प्रधान शिक्षिका के अनुसार विद्यालय में एक ही परिवार के पांच शिक्षक पदस्थापित हैं, जिनमें पति-पत्नी समेत अन्य पारिवारिक सदस्य शामिल हैं। आरोप है कि ये शिक्षक कक्षा संचालन के दौरान एक साथ बैठकर बातचीत करते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। शिक्षण कार्य और विद्यालयी व्यवस्था का पालन करने के निर्देश देने पर वे आदेशों की अनदेखी करते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कई बार उनके लिखित निर्देशों को भी फाड़ दिया गया। प्रधान शिक्षिका का कहना है कि महिला होने के कारण उन्हें लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है और अपमानजनक व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आशंका जताई है कि भविष्य में उनके साथ कोई अप्रिय घटना भी हो सकती है। उन्होंने नियोजित शिक्षिका सुलेखा कुमारी पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनके अनुसार संबंधित शिक्षिका विद्यालय पहुंचने के बाद अक्सर कक्षा में सो जाती हैं। टोकने पर कथित रूप से कहती हैं, "हम सोएंगे, आप क्या कर लेंगी?"

# नीट पेपर लीक और दिल्ली पुलिस कार्रवाई के विरोध में दूसरे दिन भी बिहारशरीफ में छात्रों का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नीट पेपर लीक मामले और दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्र आंदोलन व सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुई कथित पुलिस कार्रवाई के विरोध में बिहारशरीफ में लगातार दूसरे दिन छात्रों का आक्रोश देखने को मिला। अस्पताल चैक पर बड़ी संख्या में छात्र जुटे और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। बुधवार की देर शाम हुए प्रदर्शन में करीब दो हजार छात्र शामिल हुए, जबकि गुरुवार को भी दर्जनों छात्रों ने विरोध जारी रखा। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर शिक्षा व्यवस्था में सुधार, प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, पेपर लीक पर रोक तथा अभ्यर्थियों के भविष्य की सुरक्षा की मांग उठाई। छात्रों ने नीट पेपर लीक की निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। साथ ही जंतर-मंतर पर कथित लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की भी मांग की।छात्र नेताओं ने कहा कि सरकार को छात्रों की समस्याओं का समाधान संवाद के माध्यम से करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# गया जी में पकड़ी गई अवैध दवा फैक्ट्री, 15 लाख की ऑक्सीटोसिन बरामद, तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बोधगया।** थाना क्षेत्र में औषधि विभाग की विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। एक घर में चल रही प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन दवा बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई जिसमें लाखों की दवा जब्त की गई है। औषधि विभाग की विशेष टीम ने बोधगया थाना क्षेत्र के नावां गांव में गुरुवार की शाम को छापेमारी कर प्रतिबंधित दवा ऑक्सीटोसिन बनाने की फैक्ट्री पकड़ी है। उक्त गांव के एक घर में चल रही फैक्ट्री से करीब 15 लाख रुपये से अधिक की ऑक्सीटोसिन जब्त की गई है। इसमें 10 हजार दवा तैयार और एक लाख खाली एम्पुल व कच्चा सामान जब्त किया गया है। दवा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बोधगया थाने में मामला दर्ज कर ऑक्सीटोसिन को जब्त कर लिया गया है। विभाग आगे की कार्रवाई में जुट गया है। छापेमारी सहायक औषधि नियंत्रक डॉ. सच्चिदानंद विक्रांत के नेतृत्व में की गई। इससे पहले मानपुर में दो दिन पहले व कुछ माह पहले भी अवैध दवा फैक्ट्री पर कार्रवाई की गई थी। शहर के बीच में भी औषधि विभाग ने एक माह पहले कार्रवाई कर लाखों रुपये की दवा व मशीन जब्त किया था, जिस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था। सहायक औषधि नियंत्रक डॉ. सच्चिदानंद विक्रांत ने बताया कि मानपुर के लोग बोधगया में जाकर ऑक्सीटोसिन बनाने और बेचने का अवैध कारोबार कर रहे हैं। सूचना पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में डीआई क्यूमुद्दीन अंसारी, अजय कुमार सिंह, संजीव कुमार और ईशु भारद्वाज व मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र कुमार के साथ पुलिस के जवान शामिल थे। गुरुवार की सुबह टीम बोधगया थाना क्षेत्र के नावां (पश्चिम) पहुंची। यहां विनोद कुमार के मकान में छापेमारी की गई। छापेमारी में ऑक्सीटोसिन बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई। इसमें भारी मात्रा में तैयार व अर्द्ध निर्मित ऑक्सीटोसिन जब्त किया गया है। 10 हजार पीस बना हुआ ऑक्सीटोसिन और लगभग एक लाख पीस खाली एम्पुल (बिना बना हुआ) और कच्चा सामान जब्त किया गया है। जब्त प्रतिबंधित दवा ऑक्सीटोसिन की कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई जा रही है। सहायक औषधि नियंत्रक ने बताया कि मौके पर तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में राहुल कुमार, विनोद कुमार और अरविंद कुमार शामिल हैं। ये सभी मानपुर के रहने वाले हैं और बोधगया में मकान बनाकर प्रतिबंधित दवा बनाने का काम कर रहे थे। बोधगया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों से पूछताछ कर विभाग छानबीन में जुट गया है।

# मानपुर सीएचसी में 55 टीबी मरीज छह माह के लिए गोद, उपचार के साथ मिलेगा पौष्टिक आहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बुधवार को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित समारोह में 55 टीबी मरीजों को छह माह के लिए गोद लिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों को नियमित दवा के साथ पौष्टिक आहार और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराकर उनके उपचार को सफल बनाना है। कार्यक्रम के दौरान लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल, वजीरगंज ने 50 टीबी मरीजों को गोद लेने की जिम्मेदारी ली। वहीं शादीपुर पंचायत के मुखिया हिप्पी सिंह ने एक टीबी मरीज को गोद लेकर उसके उपचार अवधि में आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। इसके अलावा मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी और स्वास्थ्य प्रबंधक ने चार टीबी मरीजों को छह माह तक पौष्टिक आहार, नियमित दवा और अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का दायित्व अपने ऊपर लिया। इस पहल का उद्देश्य मरीजों को बेहतर पोषण और सतत उपचार सुनिश्चित कर उन्हें जल्द स्वस्थ करना है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से इलाज योग्य बीमारी है। समय पर पहचान, नियमित दवा का सेवन और संतुलित पोषण से मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के माध्यम से टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने समाज के सक्षम लोगों, स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों से निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को गोद लेने और उनके उपचार तथा पोषण में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से हासिल किया जा सकता है।

## नगर निकाय चुनाव में दिव्यांगों को चार प्रतिशत आरक्षण का मामला: नीतिगत निर्णय के लिए सरकार को भेजा गया पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** बिहार में नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत के आगामी चुनावों में दिव्यांगजनों को 4 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग पर राज्य निर्वाचन आयोग ने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा है कि निकाय चुनावों में दिव्यांगों को आरक्षण देने का विषय नीति निर्धारण से जुड़ा हुआ है, इसलिए इस पर अंतिम फैसला और आवश्यक कार्रवाई नगर विकास एवं आवास विभाग (राज्य सरकार) के स्तर से ही की जानी है। सामाजिक कार्यकर्ता रूबी सिंह द्वारा नगर निकाय चुनावों में दिव्यांगजनों के लिए 4 फीसदी आरक्षण की मांग को लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग को आवेदन सौंपा गया था। विभाग द्वारा इस पत्र (पत्रांक- 2400, 30 जून 2026) को नियमानुकूल कार्रवाई हेतु राज्य निर्वाचन आयोग के पास भेजा गया था। मामले पर संज्ञान लेते हुए राज्य निर्वाचन आयोग के संयुक्त निर्वाचन आयुक्त ने नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव को पत्र (संख्या- 3038, दिनांक 20 जुलाई 2026) लिखकर सूचित किया है कि चूंकि यह मामला सीधे तौर पर नीतिगत निर्णय का है, अतः इस पर राज्य सरकार का नगर विकास विभाग ही आगे की वैधानिक व प्रशासनिक कार्रवाई करने के लिए अधिकृत एवं अपेक्षित है।

## ऑपरेशन यात्री सुरक्षा : चोरी के सात स्मार्टफोन के साथ चार आरोपित गिरफ्तार

**पूर्व मध्य रेलवे के खुसरूपुर स्टेशन के पास आरपीएफ-जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई, ट्रेनों के गेट पर मोबाइल छीनने वाले गिरोह का पर्दाफाश**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** पूर्व मध्य रेलवे के गया, पटना, बख्तियारपुर, कोडरमा आदि रेल क्षेत्र में आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार के निर्देश पर ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत आरपीएफ पोस्ट बख्तियारपुर और जीआरपी खुसरूपुर की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी के सात स्मार्ट मोबाइल फोन के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरामद मोबाइल फोनों की अनुमानित कीमत करीब 1.20 लाख रुपये बताई गई है। आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है। सभी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी खुसरूपुर के हवाले कर दिया गया। आरपीएफ के अनुसार खुसरूपुर रेलवे स्टेशन के समीप किलोमीटर संख्या 511/31-33 के पास की गई। आरपीएफ पोस्ट बख्तियारपुर के प्रभारी निरीक्षक तथा जीआरपी खुसरूपुर के थाना प्रभारी के निर्देश पर गठित संयुक्त सर्विलांस टीम अपराधियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखे हुए थी। इसी दौरान टीम ने संदिग्ध गतिविधि के आधार पर चारों आरोपियों को दबोच लिया और उनके कब्जे से चोरी के सात स्मार्टफोन बरामद किए।

**धीमी गति से चलती ट्रेनों को बनाते थे निशाना, मामला दर्ज**

जांच में सामने आया कि आरोपी ट्रेनों की धीमी गति का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम देते थे जब यात्री ट्रेन के दरवाजे पर खड़े होकर मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते थे, तब आरोपी झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लेते और मौके से फरार हो जाते थे। इस तरह की घटनाओं से यात्रियों में लगातार असुरक्षा की भावना बढ़ रही थी जिसे देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी ने संयुक्त निगरानी अभियान तेज किया था। गिरफ्तार आरोपियों में लाल साहब कुमार उर्फ जथवा (16 वर्ष), निवासी मोसिमपुर, वार्ड संख्या-4, थाना खुसरूपुर, जिला पटना सहित अन्य तीन आरोपी शामिल हैं। कार्रवाई में इंस्पेक्टर जवाहर लाल, एएसआई मिथिलेश यादव, एएसआई सुबोध कुमार, एएसआई हरिनंदन राय तथा कांस्टेबल जयप्रकाश सहित आरपीएफ पोस्ट बख्तियारपुर एवं जीआरपी खुसरूपुर की संयुक्त टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस संबंध में जीआरपी थाना में मामला दर्ज किया गया है। रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा के दौरान ट्रेन के गेट पर खड़े होकर मोबाइल फोन का उपयोग करने से बचें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत आरपीएफ या जीआरपी को दें।

## हत्या के प्रयास मामले में पिता-पुत्र गिरफ्तार, गये जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के देवनपुर गांव में हत्या के प्रयास के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी मुकदमा संख्या 279/26 के तहत की गई है। शेरघाटी थाना के पुलिस पदाधिकारी एसआई इम्तियाज मोहम्मद इम्तियाज ने बताया कि हत्या के प्रयास से संबंधित दर्ज मामले में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही थी। इसी क्रम में देवनपुर गांव के निवासी बुलेंद्र यादव और उनके पुत्र कुलदीप यादव को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में गया जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार इस मामले की शिकायत संजू देवी, निवासी बहेरी-देवनपुर ने शेरघाटी थाना में दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान मिले साक्ष्यों और आरोपियों की संलिप्तता के आधार पर दोनों को गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है और यदि अनुसंधान के दौरान अन्य किसी व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## युवक की हत्या मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने का आरोप, एसआईटी गठन की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी (गया)।** डोभी थाना क्षेत्र में 16 जुलाई 2026 की रात एक युवक की हत्या के मामले में अब तक आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने का आरोप लगाते हुए मृतक के परिजनों ने मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक से कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पुलिस महानिरीक्षक को लिखित आवेदन देकर मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित करने और आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई है। आवेदन के अनुसार मृतक सिद्धार्थ कुमार की धारदार हथियार से हमला, गोली मार कर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। आरोप है कि घटना के बाद शव को डोभी के जीटी रोड स्थित जी.टी. रोड, चतरा मोड़ के पास फेंक दिया गया। मृतक के परिजनों ने 17 जुलाई को घटना में शामिल लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया था। आवेदन में बताया गया है कि मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 238 एवं 61(2) के तहत डोभी थाना में कांड संख्या 170/26 दर्ज किया गया। परिजनों का आरोप है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है और गिरफ्तारी के लिए प्रभावी प्रयास भी नहीं किए जा रहे हैं। परिजनों ने पुलिस महानिरीक्षक से मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी का गठन कर निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कराने, आरोपितों की गिरफ्तारी करने तथा मृतक के परिवार को न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। आवेदन पर पुलिस अधिकारियों द्वारा मामले की निगरानी कर जांच में तेजी लाने का निर्देश भी अंकित किया गया है।

## मॉडल डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू नहीं होने पर बढ़ा आक्रोश, सरकार पर छात्रों की उपेक्षा का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** नीमचक बथानी अनुमंडल के सबसे बड़े प्रखंड खिजरसराय स्थित नौडीहा में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित मॉडल डिग्री कॉलेज का भवन तैयार होने के बावजूद अब तक शैक्षणिक गतिविधियां शुरू नहीं हो सकी है। इसे लेकर छात्रों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों में लगातार नाराजगी बढ़ रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होने के बाद भी कॉलेज का संचालन शुरू नहीं होना युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। 'नीमचक बथानी अनुमंडल मांगे डिग्री कॉलेज आंदोलन' के संयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता संजीत बकथरिया ने कहा कि इस कॉलेज की स्थापना के लिए क्षेत्र के लोगों ने करीब दस वर्षों तक लगातार संघर्ष किया। वर्ष 2019 में भूमि आवंटन के बाद खिजरसराय प्रखंड के नौडीहा गांव में आधुनिक मॉडल डिग्री कॉलेज भवन और 60 बेड का छात्रावास बनकर तैयार हुआ, लेकिन आज तक नामांकन और पढ़ाई शुरू नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि खिजरसराय नीमचक बथानी अनुमंडल का सबसे बड़ा प्रखंड है जिसके अंतर्गत 16 पंचायतें आती हैं। इसके अलावा खिजरसराय, बेलागंज प्रखंड के दर्जनों गांवों का प्रमुख व्यापारिक एवं शैक्षणिक केंद्र भी है।

## इलाज के दौरान घायल किशोर की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** दो दिन पूर्व हुई कथित मारपीट की घटना में घायल एक किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान टिकारी थाना क्षेत्र के लाव गांव निवासी राजेश ठाकुर के 15 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार के रूप में हुई। सूरज नौवीं कक्षा का छात्र था। किशोर की मौत के बाद परिजनों में शोक और आक्रोश का माहौल है। परिजनों का आरोप है कि बुधवार को हुई मारपीट में गंभीर चोट लगने के कारण ही सूरज की मौत हुई। घटना के विरोध में परिजनों और ग्रामीणों ने लाव गांव के समीप टिकारीऽबेला मुख्य मार्ग पर शव रखकर सड़क जाम कर दिया। परिजनों ने बताया कि मारपीट के बाद सूरज को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां भी हालत में सुधार नहीं होने पर उसे पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गुरुवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल एवं पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर कुमार पुलिस बल के साथ लाव गांव पहुंचे।


**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा**
**राष्ट्रीय लोक अदालत**

दिनांक – 12.09.2026 (शनिवार)
स्थान– व्यवहार न्यायालय, गढ़वा एवं
अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, नगर उंटारी (गढ़वा)।

"आम सूचना"
निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार सम्पूर्ण भारत में **"राष्ट्रीय लोक अदालत"** का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत **जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा** के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय, गढ़वा एवं अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, नगर उंटारी के परिसर में **दिनांक 12.09.2026 (शनिवार)** को **11:00** बजे पूर्वाह्न से **03:00** बजे अपराह्न तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व परामर्श बैठक (Pre-counselling Sitting) 10 मई, 2026 से संबंधित न्यायालय में जारी है। अतः सामान्य जनता एवम् सभी वादीगण/प्रतिवादीगण से अनुरोध है कि अपने मामलों का त्वरित निष्पादन उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के द्वारा करा कर लाभ उठायें एवम् समय तथा पैसों की बचत करें। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकार सशरीर अथवा आभासी माध्यम से उपस्थित हो सकते हैं।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निस्तारण किया जायेगा :–

1. सुलहनीय आपराधिक मामले।
2. श्रम संबंधी विवाद।
3. धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम (NI Act)।
4. भूमि अधिग्रहण संबंधी वाद।
5. मोटर वाहन दुर्घटना दावा वाद।
6. सिविल मामले (बैंक तथा अन्य वसूली वाद)
7. वैवाहिक/कुटुम्ब न्यायालय संबंधी वाद।
8. अपील संबंधी मामले।
9. बिजली एवं पानी संबंधी मामले।
10. वन अधिनियम संबंधी मामले।
11. मद्य निषेध अधिनियम वाद (Excise Act Cases)।
12. BSNL से संबंधित मामले।
13. अन्य सुलहनीय मामले।

श्री आशुतोष शेखर, पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा
श्री पशुपतिनाथ मिश्रा, उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा
श्री मनोज प्रसाद, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश –सह– अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा

अधिक जानकारी हेतु व्यवहार न्यायालय, गढ़वा स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में प्रत्येक कार्यावधि को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक सम्पर्क करें।

निवेदक :–
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा

PR 385644 Law(26-27).D


## आठ लाख के जेवर और 20 हजार नगद चुराए, एक रात में दो घरों को बनाया निशाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखण्ड के श्रीगांव पंचायत अंतर्गत ग्राम सलोने बिगहा में देर रात चोरी की घटना हुई। चोर राजेश यादव पिता स्व. जगदीश यादव के घर से करीब 8 लाख रुपये के जेवर और 20 हजार रुपये नगद लेकर फरार हो गए। घटना करीब 2 बजे रात्रि की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार चोर पहले घर के बगल में बने करकटनुमा दालान के सहारे छत पर चढ़ा। इसके बाद छज्जे से बिजली का बल्ब निकालकर अंधेरा किया और घर में प्रवेश कर गया। राजेश यादव के घर में हाल ही में बेटा और बेटी की शादी हुई थी। इसी कारण घर में नई पुतोह के गहने रखे थे। चोर उसी पर हाथ साफ कर गया। परिजनों ने गुरुवार सुबह नींद खुलने पर चोरी का पता लगाया। सूचना मिलते ही कोंच थानाध्यक्ष सुदेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मनोज यादव भी घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिले। ग्रामीणों ने बताया कि चोरी से पहले चोर प्यारेचक गांव में दिनेश यादव के घर में भी घुसा था। वहां बक्सा तोड़ने के दौरान घर वाले जाग गए जिसके बाद चोर वहां से भागकर सलोने बिगहा पहुंचा और घटना को अंजाम दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। लोगों ने रात्रि गश्त बढ़ाने और पुलिस गश्त तेज करने की मांग की है। साथ ही लोगों को भी सतर्क रहने और रात में जागकर पहरा देने की सलाह दी जा रही है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## नक्सल प्रभावित जंगलों में शिक्षा की नई रोशनी

**प्राथमिक विद्यालय खड़ाऊ में भगत सिंह व बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर गूंजे देशभक्ति के स्वर**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**इमामगंज।** गया जिले के नक्सल प्रभावित इमामगंज प्रखंड के सुदूरवर्ती जंगलों के बीच अवस्थित प्राथमिक विद्यालय खड़ाऊ एक बार फिर अपनी शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को लेकर चर्चा में है। सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यालय में महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह एवं लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती पूरे उत्साह, गरिमा और राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं बच्चों द्वारा पोषक क्षेत्र में आकर्षक झांकी निकाली गई जिसने ग्रामीणों का मन मोह लिया। बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों के माध्यम से महान विभूतियों के आदर्शों को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। बच्चों ने भगत सिंह और बाल गंगाधर तिलक के जीवन संघर्ष, त्याग, बलिदान एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया। झांकी के दौरान ग्रामीणों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय परिवार की सराहना की। जंगलों के बीच स्थित यह विद्यालय न केवल बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है, बल्कि उनमें संस्कार, अनुशासन, देशभक्ति एवं सामाजिक चेतना का भी संचार कर रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार ने बताया कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों में नैतिक मूल्यों, राष्ट्रीय चेतना और महान व्यक्तित्वों के आदर्शों को विकसित करना भी हमारी प्राथमिकता है।


**कार्यालय, नगर पंचायत, छत्तरपुर (पलामू)**
Add:- Behind Sub-Divisional Office, Chhattarpur, Palamu(JH)-822113
[E-Mail: np.chhattarpur2018@gmail.com]

**VERY SHORT RATE INVITING TENDER NOTICE NO.- NPC-08/2026-27**

नगर पंचायत, छतरपुर क्षेत्र अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन(शहरी) 2.0 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष–2026–27 Capacity Building & IEC of Annual Plan 2026-27 के तहत् IEC Activity & CB से संबंधित Activity किया जाना है। इच्छुक एजेंसी/सर्विस एजेंसी कार्यालय में दिनांक–31.07.2026 को समय– 1:00 बजे अपराह्न अपना कोटेशन जमा कर सकते है। प्राप्त कोटेशन को उसी दिन दिनांक–31.07.2026 को 02:30 बजे अपराह्न में कार्यालय के निविदा सिमिति के समक्ष खोला जायेगा। IEC Activity & CB के तहत् विभिन्न प्रकार के सामग्रीयों, कार्यो तथा सेवाओं की विवरणी कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा या प्राप्त किया जा सकता है।

नियम एवं शर्तें :–

1. यह दर आमंत्रण सूचना दोहरी लिफाफा प्रणाली पर आधारित है। प्रत्येक लिफाफा कोटेशनदाता को Pan Card, Company Certificate, Gst Registration Certificate, Gst Return (Last Year), ITR (Last Year) Bank Account & Non Blacklisting Affidavit कोटेशन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. कोटेशनदाता द्वारा कोटेशन जमा करते समय तकनीकि बिड एवं वितीय बिड अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में जमा करना अनिवार्य होगा। अगर अलग–अलग तकनीकि विड एवं वितीय विड जमा नहीं किया जाता है तो भाग लेने वाले कोटेशनदाता पर कोई विचार नहीं किया जायेगा, साथ ही तकनीकि बिड के अवलोकन के पश्चात् सही पाये जाने पर ही वितीय बिड खोला जायेगा।
3. काली सूचि/डिबार में डाले के गये संस्थान/प्रतिष्ठान के लिए आवेदन प्रतिबंधित रहेगा।
4. निविदा शूल्क 1000/–(एक हजार) रूपये मात्र की Nationalised Bank द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैकर्स चेक की राशि जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छतरपुर (EXECUTIVE OFFICER, NAGAR PANCHAYAT, CHHATTARPUR) के पद नाम से छतरपुर में भुगतेय होगा जो वापस नहीं किया जायेगा।
5. चयनित कोटेशनदाता को कार्यादेश में Capacity Building & IEC of Annual Plan 2026-27 के तहत सामग्रीयों, कार्यो तथा सेवाओं को ससमय आपूर्ति एवं निष्पादन करना होगा।
6. आपूर्तिकर्ता को जी0एस0टी0 विपत्र समर्पित करना अनिवार्य होगा।
7. किसी भी समय निविदा को रद्द या संशोधन करने अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
8. किसी भी प्रकार के वाद/विवाद को निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।
9. निर्धारित तिथि एवं समय के उपरांत कोई भी कोटेशन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
10. कार्य आवंटन के उपरांत आदेश में दिए नियम एवं शर्ते का अक्षरसः अनुपालन करना होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, छतरपुर

PR 385691 District(26-27).D


## डिग्री कॉलेज के शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों ने विधान पार्षद का पटना आवास घेरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** मगध एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के संबद्ध डिग्री कॉलेज के शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों ने विधान परिषद पटना आवास का घेराव किया। बिहार राज्य संबद्ध डिग्री कॉलेज शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ के मगध एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय इकाई गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, अरवल, भोजपुर, रोहतास, बक्सर, भभुआ जिला के सैकड़ों शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने अपने वर्षो पुरानी लंबित मांगे वेतनमान, पेंशन, आठ वर्षों का अनुदान आदि को लेकर सरकार एवं विधानसभा में दबाव बनाने हेतु गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद जीवन कुमार का सरकारी एम एल सी आवास संख्या 09आर ब्लॉक पर जमकर प्रदर्शन कर उनके आवास को घंटों घेर कर अपने समस्याओं के सम्बंध में विस्तृत ज्ञापन दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व फैक्टनेब के प्रदेश अध्यक्ष शंभू नाथ सिन्हा, मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष प्रोफेसर विजय कुमार मिट्ठू, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अध्यक्ष शंभू सिंह कर रहे थे तथा कार्यक्रम में प्रो. नवल किशोर शर्मा, डॉ अरविंद कुमार, प्रो. शत्रुघ्न प्रसाद, डॉ अनिल कुमार सिन्हा, प्रो. शिव कुमार सिंह, प्रो. प्रीत कुमार सिंह, प्रो. ब्रजेश शर्मा, प्रो. मदन कुमार, प्रो. मोहम्मद एहसान, धर्मेंद्र कुमार, संटू सिंह, अभिषेक कुमार, सौरभ कुमार, प्रो. शालिग्राम मिश्रा, प्रो. शशि भूषण कुमार शामिल रहे। नेताओं ने कहा कि बिहार राज्य के संबद्ध डिग्री कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी पिछले 40 वर्षों से नियमित वेतनमान एवं पेंशन की लड़ाई लड़ रहे हैं।

## जंगली बिगहा की सड़क कीचड़ में तब्दील, ग्रामीण परेशान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच प्रखंड की परसावां पंचायत अंतर्गत जंगली बिगहा गांव में बरसात के कारण सड़क की स्थिति बेहद खराब हो गई है। गांव की मुख्य सड़क भारी कीचड़ में तब्दील हो चुकी है जिससे ग्रामीणों को रोजाना आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क करीब सात गांवों को जोड़ती है और इसी मार्ग से प्रतिदिन लोग, स्कूली बच्चों तथा सभी प्रकार के वाहनों का आना-जाना होता है। कीचड़ के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

संपादकीय

# एंडी बर्नहैम के सामने चुनौतियां

ब्रिटेन में जारी राजनीतिक अस्थिरता के बीच सत्तासीन लेबर पार्टी के दिग्गज नेता एंडी बर्नहैम ने प्रधानमंत्री का पद संभाल लिया है। ब्रिटेन में पिछले एक दशक में वो देश के सातवें प्रधानमंत्री हैं। एंडी बर्नहैम को बीते हफ्ते शुक्रवार को ही पार्टी का नया मुखिया चुन लिया गया था। बर्नहैम ने उन्हें लेबर पार्टी का नेता चुने जाने को पिछले 40 वर्षों में देश की राजनीति का सबसे बड़ा बदलाव बताया था। नए प्रधानमंत्री के रूप में बर्नहैम ने देश की व्यवस्था को नए सिरे से गढ़ने और सरकार का ध्यान महंगाई, बढ़ती जीवन-यापन लागत के साथ कमजोर होती सार्वजनिक सेवाओं जैसे आम लोगों के मुद्दों पर केंद्रित करने का संकल्प लिया। 56 वर्षीय बर्नहैम ग्रेटर मैनचेस्टर के मेयर रहने के दौरान 'किंग ऑफ द नॉर्थ' के नाम से चर्चित रहे। बर्नहैम को प्रधानमंत्री बनाने की चार सप्ताह की प्रक्रिया शुरू हुई थी। लेबर पार्टी का नेता चुने जाने के बाद बर्नहैम को राजा ने सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री कीएर स्टारमर की देश अपनी घटती लोकप्रियता के कारण उनकी ही पार्टी के सांसद उनके खिलाफ हो गए थे। नतीजतन उन्हें पद से इस्तीफा देना पड़ा था। बर्नहैम को बधाई देते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह एंडी बर्नहैम के साथ मिलकर भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने तथा साझा विजन 2035 को आगे बढ़ाने के लिए काम करने को लेकर उत्साहित हैं। उधर सत्ता संभालते ही बर्नहैम ने कहा कि उन्होंने कहा कि उनकी सरकार सत्ता का विकेंद्रीकरण करेगी और निर्णय लेने की ताकत देश के हर क्षेत्र तक पहुंचाएगी। आवश्यक सार्वजनिक सेवाओं को अधिक मजबूत सार्वजनिक नियंत्रण में लाकर उन्हें आम लोगों के लिए फिर से किफायती बनाया जाएगा। बर्नहैम ने अपनी सरकार को 'ब्रिटेन के लिए सर्किट ब्रेकर' बताते हुए कहा कि उनकी सरकार देश में पिछले 40 वर्षों के सबसे बड़े बदलाव लागू करेगी। ब्रिटेन को नए राजनीतिक और आर्थिक मॉडल की जरूरत है। बहरहाल नए प्रधानमंत्री बनहैम के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं। ये हैं आर्थिक, राजनीतिक, कूटनीतिक और सैनिक। ब्रिटेन की आर्थिक स्थिति को सुधारना तथा पश्चिम एशिया और पूर्वी यूरोप में चल रहे युद्धों के बीच ब्रिटेन के हितों को संरक्षित करना। बताया जाता है कि बर्नहैम लंदन से ब्रिटेन के अन्य क्षेत्रों में सत्ता का बड़ा हस्तांतरण करना चाहते हैं। उनका मानना है कि इससे असमानता कम होगी और उन पिछड़े समुदायों का गुस्सा शांत होगा जो अब 'रिफॉर्म यूके' पार्टी की तरफ जा रहे हैं। लेबर पार्टी के सांसदों को डर था कि वे 2029 के अगले चुनाव में नाइजेल फराज की पार्टी 'रिफॉर्म यूके' से अपनी सीटें हार सकते हैं। रिफॉर्म यूके पिछले कई महीनों से ओपिनियन पोल में सबसे आगे चल रही है। हालांकि हाल के हफ्तों में अमीर दानदाताओं से फंड लेने के कारण फराज की पार्टी की छवि को थोड़ा नुकसान पहुंचा है। इससे बर्नहैम को लेबर पार्टी की स्थिति मजबूत करने का मौका मिल सकता है। जहां तक राजनीतिक चुनौती की बात है तो ब्रिटेन में अगले आम चुनाव में तीन साल से भी कम का समय बचा है। ऐसे में बर्नहैम को अपने वादों को जल्द से जल्द लागू करना होगा। आर्थिक विकास से जुड़े स्वतंत्र संगठन 'इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक डेवलपमेंट' के कार्यकारी निदेशक नाइजेल विलकॉक ने कहा कि बर्नहैम ने आर्थिक विकास के एक अलग दृष्टिकोण के लिए वर्षों तक पैरवी की है। अब उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती इस दृष्टिकोण को हकीकत में बदलने की है। सबसे बड़ी चुनौती को ब्रिटेन को राजनीतिक स्थिरता प्रदान करने की है। बर्नहैम भी पद पर कब तक टिकते हैं, देखना होगा।

# जंतर-मंतर की तस्वीरें और राजनीतिक संदेश

**दिल्ली के जंतर-मंतर पर सोमवार को जो तस्वीर बनी, वह महज एक विरोध प्रदर्शन की तस्वीर नहीं थी। संसद से जंतर-मंतर तक हाथों में तख्तियां लेकर बढ़ते समाजवादी पार्टी के सांसद, पुलिस कार्रवाई से परेशान युवाओं के बीच बैठी डिंपल यादव, सरकार पर सीधे सवाल उठाती इकरा हसन और आक्रामक तेवरों में नजर आतीं प्रिया सरोज इन तीन चेहरों ने उत्तर प्रदेश की 2027 की राजनीति की एक संभावित तस्वीर जरूर सामने रख दी है। सवाल यह नहीं है कि सोमवार के प्रदर्शन में कौन शामिल हुआ। असली सवाल यह है कि क्या अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी अब अपनी राजनीति को तीन अलग-अलग महिला चेहरों के जरिए नई सामाजिक और भौगोलिक जमीन पर उतारने की तैयारी कर रही है?**

संजय सक्सेना

सोमवार को नीट परीक्षा और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े सवालों को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र और युवा जुटे थे। संसद के मॉनसून सत्र के पहले दिन प्रदर्शनकारियों ने सरकार से परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और युवाओं के सवालों पर संवाद की मांग की। इसी प्रदर्शन के समर्थन में समाजवादी पार्टी के सांसद संसद परिसर से जंतर-मंतर की ओर मार्च करते हुए पहुंचे। डिंपल यादव के साथ इकरा हसन और प्रिया सरोज की मौजूदगी ने इस पूरे घटनाक्रम को राजनीतिक रूप से और ज्यादा महत्वपूर्ण बना दिया। डिंपल यादव ने छात्रों के सवालों का समर्थन किया और कहा कि युवाओं की आवाज सुनी जानी चाहिए। प्रदर्शन से जुड़ी तस्वीरों में वह आंदोलनकारियों के बीच दिखाई दीं।यही तस्वीरें अब उत्तर प्रदेश की राजनीति में पढ़ी जा रही हैं। वजह साफ है। 2027 का विधानसभा चुनाव अब दूर की बात नहीं है। चुनाव आयोग के अनुसार उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव फरवरी-मार्च 2027 में तय समय पर होने हैं। राज्य में 403 विधानसभा सीटें हैं और इस चुनाव का असर सिर्फ लखनऊ तक सीमित नहीं रहेगा। उत्तर प्रदेश का चुनाव देश की राष्ट्रीय राजनीति की दिशा भी तय करेगा। समाजवादी पार्टी के लिए 2024 का लोकसभा चुनाव एक बड़ा राजनीतिक मोड़ था। पार्टी ने उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में 37 पर जीत हासिल की, जबकि बीजेपी 33 सीटों पर रह गई और कांग्रेस को 6 सीटें मिलीं। 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 255 सीटें जीती थीं और समाजवादी पार्टी 111 सीटों पर रही थी। यानी 2024 के लोकसभा चुनाव ने राज्य की राजनीतिक जमीन पर विपक्ष के लिए नई संभावनाएं पैदा कर दीं। अब अखिलेश यादव की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि लोकसभा चुनाव में बने सामाजिक गठजोड़ को 403 विधानसभा सीटों तक कैसे पहुंचाया जाए।यहीं डिंपल यादव की भूमिका सबसे पहले सामने आती है। मैनपुरी से सांसद डिंपल यादव अब सिर्फ यादव परिवार की राजनीतिक विरासत से जुड़ा चेहरा नहीं रह गई हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने मैनपुरी सीट पर 2,21,639 वोटों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। यह जीत बताती है कि उनका व्यक्तिगत राजनीतिक प्रभाव लगातार मजबूत हुआ है। उनका अंदाज अखिलेश यादव की आक्रामक राजनीति से अलग है। वह तीखे भाषणों की जगह संयमित भाषा, महिला मुद्दों और संवेदनशील राजनीतिक छवि के जरिए अपनी जगह बनाती हैं।



बीजेपी की राजनीति में महिला मतदाताओं का महत्व पिछले एक दशक में लगातार बढ़ा है। उज्ज्वला, आवास, शौचालय, राशन और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों के जरिए बीजेपी ने महिलाओं के बीच एक मजबूत राजनीतिक आधार बनाया है। ऐसे में समाजवादी पार्टी के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वह महिला मतदाताओं तक अपनी सीधी पहुंच बनाए। डिंपल यादव इस चुनौती का जवाब बन सकती हैं। उनके पास पार्टी का पारंपरिक आधार है, लेकिन उनकी छवि उस आधार से आगे जाने की क्षमता भी रखती है। दूसरा चेहरा इकरा हसन का है। कैराना से लोकसभा पहुंचीं इकरा हसन पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक अलग तरह की आवाज बनकर उभरी हैं। उनका राजनीतिक अंदाज सीधे सवाल पूछने वाला है। पश्चिमी यूपी में किसान, युवा, शिक्षा, रोजगार और अल्पसंख्यक राजनीति एक-दूसरे से अलग नहीं हैं। यहां कोई भी राजनीतिक चेहरा तभी मजबूत होता है, जब वह स्थानीय मुद्दों को राष्ट्रीय बहस से जोड़ सके। इकरा हसन के सामने यही अवसर है।उनकी सबसे बड़ी ताकत उनकी युवा पहचान है। उत्तर प्रदेश में 2027 का चुनाव उस पीढ़ी के बीच लड़ा जाएगा, जिसके लिए सरकारी नौकरी और प्रतियोगी परीक्षाएं जीवन का सबसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा हैं। नीट विवाद, पेपर लीक और भर्ती परीक्षाओं की पारदर्शिता पर सवालों ने युवाओं के बीच बेचैनी पैदा की है। जंतर-मंतर का प्रदर्शन इसी असंतोष को राजनीतिक आवाज देने की कोशिश था। ऐसे मुद्दों पर इकरा हसन जैसे चेहरे सीधे युवाओं से जुड़ सकते हैं।

तीसरा चेहरा प्रिया सरोज का है। मछलीशहर से सांसद प्रिया सरोज 18वीं लोकसभा की सबसे युवा सांसदों में शामिल हैं। पीआरएस इंडिया के अनुसार उनकी उम्र 27 वर्ष है और लोकसभा में उनकी उपस्थिति 97 प्रतिशत दर्ज की गई है। यह आंकड़ा उनके संसदीय कामकाज को लेकर उनकी सक्रियता दिखाता है। वह सिर्फ युवा चेहरा नहीं हैं, बल्कि पूर्वांचल के उस सामाजिक और राजनीतिक भूगोल से आती हैं, जहां जातीय प्रतिनिधित्व आज भी चुनावी समीकरणों का सबसे बड़ा आधार है। अखिलेश यादव का पीडीए पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक फॉर्मूला 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा की राजनीति का केंद्रीय संदेश बना। लेकिन कोई भी राजनीतिक फॉर्मूला केवल नारों से जमीन पर मजबूत नहीं होता। उसके लिए चेहरे चाहिए। डिंपल यादव महिला और पिछड़े वर्गों के बीच पार्टी की पहुंच बढ़ा सकती हैं। इकरा हसन अल्पसंख्यक और युवा राजनीति की आवाज बन सकती हैं। प्रिया सरोज वंचित और दलित-पिछड़े सामाजिक समूहों के बीच पार्टी की नई पीढ़ी का चेहरा बन सकती हैं। यही इस तिकड़ी की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत है। यह सिर्फ तीन सांसदों का साथ नहीं है। यह पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मध्य उत्तर प्रदेश और पूर्वांचल को जोड़ने वाली संभावित राजनीतिक रेखा है। डिंपल के पास अनुभव और स्वीकार्यता है। इकरा के पास बेबाकी और युवा ऊर्जा है। प्रिया के पास नई पीढ़ी की राजनीतिक पहचान है। अगर सपा इन तीनों चेहरों को अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार सक्रिय करती है, तो यह प्रयोग पार्टी के लिए चुनावी अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकता है।

हालांकि बीजेपी के लिए चुनौती को केवल इन तीन महिला सांसदों की लोकप्रियता से जोड़ना जल्दबाजी होगी। राजनीति में वायरल तस्वीरें वोट में तभी बदलती हैं, जब उनके पीछे संगठन खड़ा हो। 2024 में समाजवादी पार्टी की सफलता के बावजूद 2027 का विधानसभा चुनाव पूरी तरह अलग होगा। लोकसभा चुनाव में मुद्दों का प्रभाव व्यापक होता है, जबकि विधानसभा चुनाव में बूथ स्तर की मशीनरी, स्थानीय उम्मीदवार और जातीय समीकरण निर्णायक होते हैं। सपा को यह साबित करना होगा कि डिंपल, इकरा और प्रिया की लोकप्रियता सिर्फ संसद और सोशल मीडिया तक सीमित नहीं है।बीजेपी के पास भी मजबूत संगठन, सत्ता का अनुभव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चेहरा है। 2022 में बीजेपी ने 403 में से 255 विधानसभा सीटें जीती थीं। इसलिए सपा के सामने सिर्फ सरकार के खिलाफ माहौल बनाने की चुनौती नहीं है। उसे सत्ता के मजबूत संगठनात्मक ढांचे को चुनौती देनी होगी। यही कारण है कि तीनों महिला सांसदों की भूमिका केवल भाषणों या प्रदर्शनों से तय नहीं होगी। उन्हें गांव, कस्बे, विश्वविद्यालय, महिला समूह और युवा संगठनों के बीच लगातार दिखाई देना होगा। फिर भी जंतर-मंतर की तस्वीर को नजरअंदाज करना बीजेपी के लिए आसान नहीं होगा। क्योंकि इस तस्वीर में तीन ऐसे राजनीतिक संदेश एक साथ दिखाई दिए, जिन पर 2027 का चुनाव टिक सकता है युवा असंतोष, महिला राजनीतिक भागीदारी और सामाजिक प्रतिनिधित्व। अगर इन तीनों मुद्दों को सपा लगातार जमीन पर ले जाती है, तो अखिलेश यादव का पीडीए फॉर्मूला केवल जातीय समीकरण नहीं रहेगा, बल्कि नए चेहरों और नए मुद्दों के साथ एक व्यापक राजनीतिक अभियान बन सकता है। डिंपल यादव की संवेदनशीलता, इकरा हसन की बेबाकी और प्रिया सरोज की युवा ऊर्जा फिलहाल एक राजनीतिक संभावना है। इसे चुनावी ताकत में बदलना समाजवादी पार्टी की रणनीति पर निर्भर करेगा। लेकिन इतना जरूर है कि सोमवार को जंतर-मंतर पर जो तस्वीर बनी, उसने उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक नया सवाल जरूर खड़ा कर दिया है क्या 2027 में बीजेपी के सामने अखिलेश यादव का सबसे बड़ा हथियार सिर्फ पीडीए नहीं, बल्कि उसके साथ खड़ी यह नई महिला राजनीतिक तिकड़ी भी होगी?उत्तर प्रदेश के चुनाव में अभी कई महीने बाकी हैं। गठबंधन बदलेंगे, उम्मीदवार बदलेंगे, मुद्दे बदलेंगे और चुनावी नारों का रंग भी बदलेगा। लेकिन राजनीति में कुछ तस्वीरें समय से पहले संकेत दे देती हैं। जंतर-मंतर की वह तस्वीर भी शायद ऐसी ही तस्वीर है। अगर समाजवादी पार्टी ने इन तीनों चेहरों को सिर्फ संसद की सीमाओं में बंद नहीं रखा और उन्हें उत्तर प्रदेश की जमीन पर लगातार उतारा, तो डिंपल यादव, इकरा हसन और प्रिया सरोज 2027 के चुनाव में बीजेपी के लिए सिर्फ विपक्षी सांसद नहीं, बल्कि एक ऐसा राजनीतिक मोर्चा बन सकती हैं, जिसे नजरअंदाज करना आसान नहीं होगा।

अध्यात्म

## खुद पर भरोसा करना सीखें

पुराने समय में एक आश्रम में दो संत एक साथ एक आश्रम में रहते थे। दोनों का जीवन एक समान ही था। दोनों सुबह ब्रह्ममुहूर्त में उठते, पूजा-पाठ करते, साधना करते और जरूरतमंद लोगों की सहायता करते थे। आश्रम में दूर-दूर से लोग अपनी परेशानियां लेकर आते और दोनों संत उन्हें अपनी बुद्धि से उचित मार्गदर्शन देते। दोनों की सलाह इतनी प्रभावी होती थी कि लोगों की समस्याएं काफी हद तक दूर हो जाती थीं। दोनों संतों के स्वभाव में एक बड़ा अंतर था। पहले संत का नाम था सुखी। वह हर परिस्थिति में प्रसन्न रहता था। चाहे कठिन समय हो या सफलता का अवसर, उसके चेहरे पर हमेशा संतोष और आत्मविश्वास झलकता था। वहीं दूसरे संत का नाम था दुखी। वह हर छोटी-बड़ी बात को लेकर चिंतित रहता, परिणामों को लेकर परेशान रहता और हमेशा किसी न किसी कमी का अनुभव करता था। गांव के लोगों ने दोनों संतों के अलग-अलग स्वभाव की वजह से उनके नाम सुखी-दुखी रख दिए थे। एक दिन दुखी संत ने सोचा कि जब दोनों का जीवन, दिनचर्या और कर्म समान हैं, तो फिर उसके जीवन में अशांति क्यों है? वह अपने गुरु के पास पहुंचा और अपनी शंका व्यक्त की। गुरु ने मुस्कुराते हुए कहा, 'तुम दोनों के कर्म एक जैसे हैं, लेकिन सोच अलग है। सुखी संत हर परिस्थिति को अवसर मानता है। उसे अपने प्रयासों और ईश्वर पर पूरा विश्वास है। वह परिणाम की चिंता करने के बजाय वर्तमान में अपना श्रेष्ठ कार्य करता है। इसलिए उसका मन शांत रहता है। ' फिर गुरु ने दुखी संत से कहा, 'तुम हर काम करते समय पहले ही असफलता की कल्पना कर लेते हो। तुम्हें स्वयं पर भरोसा नहीं है और तुम हमेशा दूसरों से तुलना करते रहते हो। यही तुम्हारे दुख का सबसे बड़ा कारण है। ' गुरु की बात सुनकर दुखी संत को अपनी भूल समझ आ गई। उसने उसी दिन से अपने विचार बदलने का संकल्प लिया। धीरे-धीरे उसका आत्मविश्वास बढ़ा, मन शांत हुआ और जीवन में खुशियां लौटने लगीं। तब उसे एहसास हुआ कि परिस्थितियां नहीं, बल्कि हमारी सोच ही हमारे जीवन की दिशा तय करती है।

**सीख** – हर व्यक्ति को कभी न कभी कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। फर्क सिर्फ इतना होता है कि कोई व्यक्ति उन चुनौतियों के आगे हार मान लेता है, जबकि कोई उन्हें अवसर बनाकर आगे बढ़ जाता है। सकारात्मक सोच इसी अंतर को पैदा करती है। खुद पर भरोसा करना सीखें। यदि आपको अपनी क्षमता पर विश्वास होगा, तो कठिन से कठिन लक्ष्य भी संभव लगने लगेगा।

# क्या भारत अपनी वैज्ञानिक पूँजी सहेज पाएगा?

**स्वतंत्र भारत के सामने वैज्ञानिक प्रतिभाओं का अभाव सबसे बड़ी चुनौती थी। नेहरू ने विदेशों में कार्यरत भारतीय वैज्ञानिकों को यह भरोसा दिलाया कि देश उन्हें उनकी क्षमता के अनुरूप अवसर देगा। परिणामस्वरूप अनेक प्रतिभाएँ लौटीं और भारत के वैज्ञानिक भविष्य की नींव रखी। प्रो. यू. आर. राव ने अमेरिका का शोध-करियर छोड़ भारत लौटकर उपग्रह कार्यक्रम को दिशा दी और इसरो को विश्वसनीय संस्थान बनाया। लगभग सात दशक बाद परिदृश्य चिंताजनक रूप से बदलता दिखाई देता है। कभी जिस इसरो ने विदेशों में कार्यरत भारतीय वैज्ञानिकों को स्वदेश लौटने के लिए प्रेरित किया था, आज वही संगठन अपने अनुभवी वैज्ञानिकों को संस्थान में बनाए रखने की चुनौती से जूझ रहा है।**

अरूण कुमार डनायक

हाल के महीनों में इसरो के लगभग एक सौ से अधिक वैज्ञानिकों और तकनीकी अधिकारियों के त्यागपत्रों ने यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि क्या भारत फिर से अपनी वैज्ञानिक पूँजी खोने लगा है? क्या यह केवल सामान्य कर्मचारी परिवर्तन है, या इसके पीछे विज्ञान प्रशासन और नौकरशाही की संरचनात्मक समस्या है? यह प्रश्न इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब भारत अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम के सबसे महत्वाकांक्षी दौर में प्रवेश कर चुका है। गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना, चंद्रयान-4, मंगलयान-2, पुनः प्रयोज्य प्रक्षेपण यान, अगली पीढ़ी के संचार एवं पृथ्वी अवलोकन उपग्रह– इन परियोजनाओं की सफलता केवल धन से नहीं, बल्कि अनुभवी वैज्ञानिकों पर निर्भर है। वरिष्ठ वैज्ञानिकों का अनुभव और संस्थागत ज्ञान तत्काल प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता। डॉ. जितेन्द्र सिंह का यह कथन– 'बहुत लोग जाते हैं, बहुत लोग आते हैं '– सामान्य प्रशासनिक दृष्टि से भले स्वाभाविक लगे, किंतु अंतरिक्ष विज्ञान में वैज्ञानिक विशेषज्ञता का महत्व इससे कहीं अधिक है। इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन की प्रतिक्रिया अपेक्षाकृत संतुलित रही, फिर भी दोनों वक्तव्य त्यागपत्रों के मूल कारणों पर मौन हैं।

वैज्ञानिकों के बढ़ते त्यागपत्रों के बीच 14 जुलाई 2026 को अंतरिक्ष विभाग ने गगनयान सहित राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं से जुड़े वैज्ञानिकों के त्यागपत्रों पर अंतिम निर्णय का अधिकार अपने हाथ में ले लिया। यदि स्थिति सामान्य होती, तो ऐसी असाधारण व्यवस्था की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। स्पष्ट है कि प्रशासनिक आश्वासनों से अधिक आवश्यकता इसके वास्तविक कारणों की निष्पक्ष समीक्षा की है।

निजी अंतरिक्ष उद्योग का विस्तार वैज्ञानिकों के त्यागपत्रों का एक महत्वपूर्ण कारण हो सकता है। वर्ष 2020 में अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोलने और 2023 की भारतीय अंतरिक्ष नीति लागू होने के बाद देश में चार सौ से अधिक अन्तरिक्ष स्टार्टअप विकसित हुए हैं। बेहतर वेतन, नेतृत्व के अवसर, स्टॉक विकल्प और अपेक्षाकृत तेज़ निर्णय-प्रक्रिया स्वाभाविक रूप से अनुभवी वैज्ञानिकों को आकर्षित करती है, जिसे भारतीय अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र के विस्तार का सकारात्मक संकेत भी माना जा सकता है। किंतु प्रतिभा पलायन को केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं देखा जा सकता। यदि इसके पीछे संस्थागत असंतोष, वैज्ञानिक स्वायत्तता में कमी, निर्णय-प्रक्रिया में घटती भागीदारी और सीमित कैरियर अवसर जैसे कारण भी हैं, तो यह भारत की विज्ञान नीति के लिए गंभीर चेतावनी है। भारतीय वैज्ञानिक संस्थानों में लंबे समय से यह चिंता व्यक्त की जाती रही है कि अनेक महत्वपूर्ण तकनीकी निर्णयों में वैज्ञानिक नेतृत्व की अपेक्षा सामान्य प्रशासनिक तंत्र का प्रभाव अधिक होता जा रहा है। विज्ञान और अंतरिक्ष जैसे अत्यधिक विशिष्ट क्षेत्रों में भी कई बार अंतिम निर्णय ऐसे अधिकारियों के हाथों में होता है, जिनकी विशेषज्ञता प्रशासनिक प्रबंधन में होती है, वैज्ञानिक अनुसंधान में नहीं। फलस्वरूप वर्षों के शोध और तकनीकी अनुभव से तैयार वैज्ञानिक अनुशंसाएँ फाइलों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में अपना मूल स्वरूप खो बैठती हैं। निस्संदेह किसी भी संस्थान के सुचारु संचालन के लिए प्रशासन अनिवार्य है, किंतु जब वह वैज्ञानिक विवेक का विकल्प बनने लगे, तो शोध, नवाचार और निर्णय-प्रक्रिया प्रभावित होना स्वाभाविक है। प्रश्न यह नहीं कि प्रशासनिक अधिकारी सक्षम हैं या नहीं, बल्कि यह है कि अत्यधिक विशिष्ट वैज्ञानिक निर्णयों में अंतिम प्राथमिकता वैज्ञानिक विशेषज्ञता को मिले या सामान्य प्रशासनिक दृष्टिकोण को। विज्ञान प्रशासन का उद्देश्य वैज्ञानिक निर्णयों को सुगम बनाना होना चाहिए, उनका विकल्प बनना नहीं। नासा, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी और जापान की जाक्सा जैसी



संस्थाओं में वैज्ञानिकों का उद्योग, विश्वविद्यालय और सरकारी अनुसंधान संस्थानों के बीच आवागमन सामान्य है। इस गतिशीलता को प्रतिभा पलायन नहीं, बल्कि ज्ञान परिसंचरण माना जाता है। चीन ने विदेशों में प्रशिक्षित अपने वैज्ञानिकों को योजनाबद्ध ढंग से स्वदेश लौटाया और उन्हें विश्वस्तरीय अनुसंधान वातावरण उपलब्ध कराया। यही नीति आज उसकी वैज्ञानिक प्रगति की प्रमुख आधारशिलाओं में से एक है। इसके विपरीत भारत अब तक विदेशों में कार्यरत अपनी वैज्ञानिक प्रतिभाओं को बड़े पैमाने पर वापस लाने की कोई प्रभावी और दीर्घकालिक नीति विकसित नहीं कर पाया है। यद्यपि समय-समय पर रामानुजन फेलोशिप, रामालिंगास्वामी री-एंट्री फेलोशिप, वज्र तथा हाल में वैभव जैसे कार्यक्रम प्रारम्भ किए गए हैं, जिनसे अनेक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक भारतीय संस्थानों से जुड़े भी हैं, किंतु इन्हें अभी तक व्यापक राष्ट्रीय प्रतिभा-वापसी नीति का रूप नहीं मिल सका है।

त्यागपत्रों पर प्रशासनिक रोक अल्पकालिक समाधान हो सकती है, किंतु दीर्घकालीन नहीं। प्रतिभा को आदेश से रोका जा सकता है, लेकिन उत्कृष्टता केवल विश्वास और सम्मान से ही अर्जित की जा सकती है। भारत के सामने बड़ा प्रश्न यह है कि पिछले एक दशक में विदेशों में कार्यरत कितने भारतीय वैज्ञानिक स्थायी रूप से वापस लौटे? क्या हमारे पास ऐसी कोई व्यापक राष्ट्रीय नीति है जो वैश्विक भारतीय वैज्ञानिक समुदाय को पुनः देश के अनुसंधान संस्थानों से जोड़ सके? प्रतिभा संरक्षण के साथ-साथ प्रतिभा वापसी को भी राष्ट्रीय विज्ञान नीति का अभिन्न भाग बनाना होगा। इसरो का संकट केवल एक संस्थान का संकट नहीं, बल्कि भारत की वैज्ञानिक नीति की परीक्षा है।

यदि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखता है, तो उसे केवल रॉकेट, उपग्रह और अंतरिक्ष स्टेशन नहीं बनाने होंगे; उसे ऐसे संस्थान भी बनाने होंगे जहाँ वैज्ञानिक सम्मान, स्वायत्तता और सृजनात्मक स्वतंत्रता के साथ काम करना चाहें। स्वतंत्र भारत ने कभी यू. आर. राव जैसी प्रतिभाओं को स्वदेश लौटने का विश्वास दिलाया था; आज आवश्यकता उस विश्वास को पुनः स्थापित करने की है। राष्ट्र केवल प्रक्षेपण यानों से अंतरिक्ष शक्ति नहीं बनते, वे उन वैज्ञानिकों के विश्वास से बनते हैं जो अपना सर्वश्रेष्ठ ज्ञान अपने ही देश को समर्पित करने का निर्णय लेते हैं। विज्ञान में प्रतिभा पलायन केवल मानव संसाधन का नुकसान नहीं होता; उसके साथ वर्षों का संस्थागत अनुभव, तकनीकी स्मृति और भविष्य की अनेक संभावनाएँ भी चली जाती हैं।

यदि भारत 21वीं सदी में वैज्ञानिक महाशक्ति बनना चाहता है, तो उसे वैज्ञानिकों को रोकने की नहीं, बल्कि ऐसा वातावरण बनाने की आवश्यकता है जहाँ प्रतिभाएँ लौटना भी चाहें और जीवन भर योगदान देना भी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
वैवाहिक जीवन में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। अपने खर्चों पर नियन्त्रण रखें। अहंकार को अपने ऊपर हावी न होने दें।

**वृषभ**
आप नया काम आरम्भ करना चाह रहे हैं, तो अपनी योजनाओं में परिवर्तन करना पड़ सकता है। धन सम्बन्धी परेशानियों को दूसरों से साझा न करें।

**मिथुन**
जीवनसाथी के साथ रिश्ते काफी रोमान्टिक रहेंगे। आपकी सम्वादशैली अत्यन्त आकर्षक रहेगी। रचनात्मक क्षमता का कारोबार में लाभ मिलेगा।

**कर्क**
विदेशी कम्पनियों से आपको नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आपके मित्र आपसे कुछ अपेक्षायें रखेंगे। जिन्हें आपको पूरा करना पड़ेगा।

**सिंह**
जॉब में महत्वपूर्ण पद मिल सकता है। साझेदारी के कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। जो काम किसी अभाव के कारण शुरू नहीं कर पा रहे थे, वो आप शुरू कर लेंगे।

**कन्या**
व्यवसाय में अपेक्षित लाभ मिलने के आसार कम हैं। आपको शारीरिक कष्ट होने की सम्भावना है। शत्रु आपका काम बिगाड़ने का प्रयास करेंगे।

**तुला**
आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अटके हुये काम शुरू होने के योग बन रहे हैं। परिवार में सौहाद्र का वातावरण रहेगा। दोस्तों से आपको धन-लाभ प्राप्त होगा।

**वृश्चिक**
आपका स्वास्थ्य बेहतरीन रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

**धनु**
जमा पूँजी अनावश्यक कार्यों में खर्च हो सकती है। अपने निर्णय पर कायम रहें। दूसरों की मदद करने से पीछे न हटें। कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**मकर**
धर्म-कर्म को लेकर आपके मन में अनास्था उत्पन्न हो सकती है। नसों में खिंचाव और दर्द की समस्या होगी। स्वास्थ्य समस्या को लेकर परेशानी होने की सम्भावना है।

**कुंभ**
आप अपनी दिनचर्या में परिवर्तन कर सकते हैं। पुरुष जातकों को महिलाओं से सहायता मिलेगी। सभी कार्यों में सफलता मिलने से आप उत्साहित रहेंगे।

**मीन**
तकनीक में आप अत्यधिक धन खर्च कर सकते हैं। रुके कार्यों में गति आने से आपको लाभ होगा। मन की उलझनें दूर होंगी। विद्यार्थियों को शिक्षकों की काफी मदद मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### एएन कॉलेज में चन्द्रशेखर आजाद तथा बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इतिहास विभाग, ए. एन. कॉलेज, पटना में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारीः बाल गंगाधर तिलक तथा चन्द्र शेखर आजाद की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम में प्राध्यापकों तथा छात्र - छात्राओं द्वारा आजाद तथा तिलक के बलिदानों तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग डा. संजीत लाल ने किया । छात्र - छात्राओं द्वारा इस मौके पर आजाद के व्यक्तित्व पर आधारित 'लघु नाटक' की प्रस्तुति की गई। प्राचार्या प्रो रत्ना अमृत के दिशा निर्देश पर ऐतिहासिक व्यक्तित्व व घटनाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को जोड़ने की नवीन पहल की गयी जिसे भविष्य में बड़े मंच पर भी प्रस्तुति करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर विभाग के प्राध्यापक आयुष आनन्द डा. अर्चना चौधरी, डा. सुपर्णा पटेल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

### घर में घुसकर किशोरी से छेड़खानी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनटीपीसी थाना क्षेत्र के गुलरियाटोला ढीबर गांव निवासी अनीता देवी पति चुनचुन महतो अपने पूरे परिवार के साथ बुधवार की दोपहर बाढ के एसडीओ दफ्तर में पहुंचकर मदद की गुहार लगाई ।पीड़ित महिला का कहना है कि वह मजदूरी के लिए पति-पत्नी जब घर से बाहर जाते हैं ,तो बगल का ही एक युवक दीना महतो पिता साजो महतो उनकी नाबालिक बच्ची के पास पहुंचकर कई बार जबरन छेड़खानी करने का प्रयास किया हैं। लिखित शिकायत लेकर जब एनटीपीसी थाना गये तो आरोपी.से प्रभावित होकर पुलिस से उन पर दबाव दिलवा कर समझौता के लिए बोलते हैं। नहीं करने पर धमकी देते हैं ।एसडीओ गरिमा लोहिया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एनटीपीसी थाना को केस दर्ज करने का निर्देश दिया है। एनटीपीसी थानाध्यक्ष ने बताया कि एसडीएम के निदेर्शानुसार मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### सड़क हादसे में युवक जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सकसोहरा बाजार स्थित जीतेन्द्र कुमार अपनी मोटरसाइकिल को खड़ा करके सड़क किनारे किसी से बात कर रहा था, इसी दौरान बेलगाम गति से आयी बुलेट ने उसे टक्कर मार दी जिसमें वह कई फीट दूर जाकर गिरा जिसके चलते उसे गंभीर रूप से जख्मी हो गया।स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है जहां एकडंगा गांव निवासी युवक का इलाज किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि युवक के माथे में गंभीर चोट लगी हुई है जिसके चलते उसे रेफर किया गया है।

### जलजमाव के चलते ई रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त, कई जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनटीपीसी जाने वाली गौरक्षणी मोड के पास सड़क पर पानी जमा होने के चलते ई रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें कई लोग जख्मी हो गए ।जख्मी को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है । लोगों ने बताया कि सड़क के गढढे में फेके गए ईंट पत्थर और जमा पानी का ई रिक्शा चालक को पता नहीं चला और तेज गति से उसे पर पार करने लगा, तभी अचानक अनियंत्रित होकर ई रिक्शा पलट गई। ई-रिक्शा पर बैठे कई लोग जख्मी हो गए ।

### आपसी झगड़े में बच्चे के मुंह में जहर डालने का आरोप


**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भदौर थाना क्षेत्र के चकजगमल मुसहर टोली गांव में बुधवार की सुबह ग्रामीणों में आपसी विवाद में मारपीट हुई । वहीं मारपीट के दौरान एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के लोगों के ऊपर हमला बोल दिया। इस दौरान कई महिलाएं जख्मी हो गई। एक तरफ मारपीट चल रही थी तो दूसरी तरफ एक पक्ष के लोग ने डेढ़ साल के एक बच्चे चंदू कुमार के मुंह में जहर डाल दिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। पुलिस और 112 पुलिस ने जब मदद नहीं की तो किसी तरह से 20 किलोमीटर दूर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर बच्चे का इलाज कराया। बच्चे की हालत में सुधार हो रहा है। लेकिन चिकित्सक ने बच्चे के मुंह में जहरीला केमिकल होने की बात स्वीकार की है। फिलहाल घटना को लेकर न तो पुलिस हरकत में है और न ही अभी तक सूचना दर्ज हुई है । थानाध्यक्ष शत्रुघ्न शाह ने बताया कि गली को लेकर दोनों पक्षों के बीच में झगड़ा हुआ है। मासूम के मुंह में जहरीला पदार्थ देने की बात को लेकर शिकायत नहीं की गई है। फिलहाल पूरे मामले को लेकर जांच की जा रही है। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर कई लोगों से पूछताछ की है।

### हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र में अपराध की योजना बना रहे युवकों पर मसौढ़ी पुलिस ने बीते देर रात छापेमारी कर एक युवक को गिरफ्तार किया। उसके पास से 2 देशी पिस्टल और 1 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। दो अन्य युवक भागने में सफल रहे।पुलिस पदाधिकारी जितेंद्र मिश्रा और रोशन कुमार के नेतृत्व में टीम ने मसौढ़ी प्रखंड कार्यालय के पीछे छापेमारी की। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ युवक हथियार के साथ बैठे हैं। पुलिस को देखकर तीनों भागने लगे, इसी दौरान एक युवक को पकड़ लिया गया।गिरफ्तार युवक की पहचान प्रिंस कुमार सिंह, पिता निरंजन सिंह, निवासी गौरीचक के रूप में हुई है। तलाशी में उसके कमर से एक पिस्टल और हाथ से एक पिस्टल व कारतूस मिला। पूछताछ में पता चला कि वे किसी आपराधिक षडयंत्र को अंजाम देने वाले थे। आरोपी पहले भी हत्या के मामले में जेल जा चुका है। फरार युवकों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।



### फरार दो अप्राथमिकी अभियुक्तों के घर चिपकाया इश्तेहार



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसुना थाना कांड संख्या 275/26 के अप्राथमिकी अभियुक्त अर्जुन मांझी एवं जितेंद्र मांझी के घर विधिवत इश्तिहार चिपकाए गया। थानाध्यक्ष ने बताया की उसमानचक गांव निवासी अजीत कुमार ने अपने बेटे रजनीश कुमार की हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में लिखित आवेदन दिया था।आवेदन में अजीत कुमार ने बताया कि 31 मार्च की रात करीब 9 बजे रूपसपुर की रहने वाली छोटी कुमारी ने फोन कर उनके बेटे को उसमानचक बुलाया था। इसके बाद खेत में पहले से घात लगाए 8-9 लोगों ने उसे पकड़ लिया। खोजबीन के दौरान 1 अप्रैल की सुबह उसका शव गांव के पास पईन नाला में क्षत-विक्षत मिला था, पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### देशी पिस्तौल और 3 कारतूस बरामद

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर शाहबाजपुर गांव में छापेमारी कर एक देशी पिस्तौल और 3 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। छापेमारी के दौरान आरोपी घर से फरार हो गया। थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि गांव का एक युवक आपसी विवाद में हाथ में देशी कट्टा लेकर लहराता रहता है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम गठित कर अनंत साव पिता स्व. विनय कुमार गुप्ता के घर पर छापा मारा गया। तलाशी के दौरान घर से*एक देशी कट्टा और 3 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस को देख आरोपी मौके से भाग निकला पुलिस ने जब्त हथियार और कारतूस को कब्जे में लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।



### ई-रिक्शा से 130 लीटर देसी शराब जब्त

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुनपुन थाना पुलिस ने गुरुवार तड़के भारी मात्रा में देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने ई-रिक्शा में ले जाई जा रही 130 लीटर देसी शराब को जप्त कर लिया, जबकि सप्लायर भागने में सफल रहा।थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पैमार घाट से मनोरा की ओर ई-रिक्शा पर पॉलिथीन में भरकर देसी शराब ले जाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने मनोरा मोड़ के पास वाहन चेकिंग शुरू की।चेकिंग के दौरान पुलिस को आता देख ई-रिक्शा चालक शराब छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

# टीपीएस कॉलेज में प्रस्तावित विवि संशोधन विधेयक का विरोध

**मनोविज्ञान विभाग में 40 घंटे के सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ**




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना में गुरुवार को शिक्षक संघ की आमसभा में बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 में प्रस्तावित संशोधन के विरुद्ध सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया, वहीं दूसरी ओर मनोविज्ञान विभाग द्वारा 40 घंटे के सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ किया गया। टी.पी.एस. कॉलेज शिक्षक संघ की आम बैठक की अध्यक्षता प्रो. विजय कुमार सिन्हा ने की। बैठक में उपस्थित सभी शिक्षकों ने बिहार सरकार द्वारा बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 में किए जा रहे संशोधन पर गंभीर चिंता व्यक्त की। शिक्षक संघ ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए कहा कि प्रस्तावित संशोधन उच्च शिक्षा व्यवस्था, विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता, शिक्षकों के अधिकारों एवं शैक्षणिक वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। शिक्षक संघ ने इस संशोधन का स्पष्ट विरोध करते हुए बिहार सरकार से इसे तत्काल वापस लेने तथा किसी भी संशोधन से पूर्व विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, शिक्षक संगठनों एवं शिक्षा-जगत के अन्य संबंधित पक्षों से व्यापक विचार-विमर्श करने का आग्रह किया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस प्रस्ताव की प्रति बिहार सरकार, कुलपति, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना तथा संबंधित शिक्षक संगठनों को भेजी जाएगी। साथ ही AIFUC-TO एवं FUTAB के आंदोलन को समर्थन देने का भी निर्णय लिया गया। एक अन्य कार्यक्रम मे महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा 40 घंटे के सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष एवं कोर्स समन्वयक प्रो. रूपम ने की। उन्होंने कहा कि यह कोर्स विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, मानसिक स्वास्थ्य, निर्णय क्षमता एवं जीवन-कौशल को सुदृढ़ बनाने में सहायक होगा। कार्यक्रम में हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. शशि भूषण चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कोर्स के अंतर्गत बिहार योग विद्यालय से प्रशिक्षित श्री जयप्रकाश चौधरी एवं सुश्री रीना कुमारी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देंगे। महा विद्यालय प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सर्टिफिकेट कोर्स विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं सकारात्मक जीवन-दृष्टि के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## नीलगाय से टकराने के बाद तरेगना स्टेशन पर 1 घंटे तक खड़ी रही पैसेंजर ट्रेन, यात्री परेशान

**पटना-गया 63245 पैसेंजर के इंजन में आई खराबी, तकनीकी टीम ने ठीक कर रवाना किया**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना से गया की ओर जा रही 63245 पटना-गया पैसेंजर ट्रेन नीलगाय से टकराने के कारण तरेगना रेलवे स्टेशन पर करीब 1 घंटे तक खड़ी रही। इंजन में खराबी आने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रेलवे सूत्रों के अनुसार गुरुवार को पटना से खुलकर गया जा रही पैसेंजर ट्रेन रास्ते में नीमा गांव के पास अचानक नीलगाय से टकरा गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रेन का इंजन बंद हो गया। हालांकि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।घटना के बाद किसी तरह ट्रेन को तरेगना रेलवे स्टेशन तक लाया गया। यहां पहुंचते ही इंजन में तकनीकी खराबी आ गई और ट्रेन वहीं रुक गई। करीब 1 घंटे तक ट्रेन स्टेशन पर खड़ी रही। इस दौरान गर्मी और इंतजार से यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। कई यात्रियों ने ट्रेन लेट होने और असुविधा की शिकायत की। सूचना पर रेलवे की तकनीकी टीम मौके पर पहुंची। ट्रेन चालक और उपचालक की मदद से टीम ने इंजन की मरम्मत की। करीब 1 घंटे बाद इंजन ठीक होने पर ट्रेन को गया के लिए रवाना किया गया। रेल अधिकारियों का कहना है कि वन्य जीवों के ट्रैक पर आने से इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं। मामले की जांच की जा रही है।

## लायंस क्लब्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322-ए का वार्षिक जिला कैबिनेट स्थापना समारोह



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लायंस क्लब्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322-ए का वार्षिक जिला कैबिनेट स्थापना समारोह 'आरोहण' 24 जुलाई को पटना में लायंस क्लब्स इंटरनेशनल, डिस्ट्रिक्ट 322-ए का वार्षिक जिला कैबिनेट स्थापना समारोह 'आरोहण' का आयोजन शुक्रवार 24 जुलाई 2026 को सायं 6:00 बजे होटल ताज, पटना में किया जाएगा। यह समारोह लायनिस्टिक वर्ष 2026-27 के लिए नवगठित जिला कैबिनेट के विधिवत पदस्थापन का प्रतीक होगा तथा बिहार एवं झारखंड में संगठन की मानवीय एवं सामाजिक सेवा गतिविधियों को नई दिशा प्रदान करेगा। समारोह की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन संगीता नंदा करेंगी। इस अवसर पर लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के प्रथम अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लायन डॉ. मनोज शाह मुख्य अतिथि एवं स्थापना अधिकारी के रूप में उपस्थित रहेंगे। वे नव निर्वाचित जिला कैबिनेट पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे । समारोह का उद्घाटन बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी करेंगे। लायन डॉ. के. लूथरा, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक भी समारोह को संबोधित करेंगे । समारोह के दौरान लायनिस्टिक वर्ष 2026-27 के लिए डिस्ट्रिक्ट 322-ए की सेवा कार्ययोजना भी प्रस्तुत की जाएगी। बिहार एवं झारखंड के विभिन्न लायंस क्लबों के पदाधिकारी एवं सदस्य इस भव्य समारोह में बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

## मोबाइल छीनकर भागे चोर को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड पर तारेगना रेलवे स्टेशन के पास मलिकाना मोहल्ले के समीप गुरुवार सुबह चलती ट्रेन में मोबाइल छीनकर भाग रहे एक चोर को स्थानीय लोगों ने पकड़कर जमकर पीटा। बाद में उसे जीआरपी पुलिस के हवाले कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पटना से गया जा रही पैसेंजर ट्रेन में मों.हुसैन पिता मोहम्मद इरशाद सफर कर रहा था। हुसैन पटना में पढ़ाई करता है और छुट्टी में अपने घर शकूराबाद, जिला जहानाबाद जा रहा था। जैसे ही ट्रेन तारेगना स्टेशन से खुली और मलिकाना मोहल्ले के पास पहुंची, तभी एक युवक ने हुसैन का मोबाइल छीन लिया और चलती ट्रेन से कूदकर भागने लगा। हुसैन ने भी तुरंत छलांग लगाकर उसका पीछा किया और शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी।पकड़े गए आरोपी की पहचान पिंटू कुमार, निवासी मलहचक जहानाबाद के रूप में हुई है।

## बदल रहा बापू का आंगन, गांधी स्मारक पर बनेगा एल-शेप कलरफुल फव्वारा

**राष्ट्रपिता की यादों का केंद्र अब और आकर्षक, मसौढ़ी के गांधी स्मारक का हो रहा जीर्णोद्धार**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी शहर में चल रहे विकास कार्यों की कड़ी में मसौढ़ी के हृदय स्थल कहे जाने वाले गांधी मैदान की सूरत पूरी तरह बदलने जा रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की यादों को समर्पित मसौढ़ी के गांधी स्मारक को अब भव्य और आकर्षक रूप दिया जा रहा है। नगर परिषद द्वारा स्मारक के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का काम तेजी से चल रहा है। योजना के तहत स्मारक के पूरे चबूतरे को ग्रेनाइट पत्थर से सजाया जा रहा है। स्मारक का चौड़ीकरण किया जा रहा है ताकि श्रद्धालु और पर्यटक आसानी से यहां आ सकें। सुरक्षा और सुंदरता के लिए चारों तरफ फैंसी रेलिंग लगाई जा रही है और प्रवेश के लिए भव्य गेट का निर्माण कराया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट का सबसे बड़ा आकर्षण एल-शेप कलर्ड फव्वारा होगा। स्मारक के ठीक सामने की जगह को गांधी पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी पार्क में यह रंगीन फव्वारा लगाया जाएगा जो रात में आकर्षक रोशनी के साथ लोगों का मन मोह लेगा। इस परियोजना का सबसे बड़ा आकर्षण एल-शेप कलर्ड फव्वारा होगा। गांधी स्मारक के ठीक सामने वाले स्थान को गांधी पार्क का स्वरूप दिया जा रहा है और उसी में यह रंगीन फव्वारा लगाया जाएगा। रात में रोशनी के साथ यह फव्वारा लोगों के लिए सेल्फी और घूमने का मुख्य केंद्र बनेगा। पहले गांधी मैदान में सिर्फ पुराना स्मारक था, लेकिन अब इसे गांधी चबूतरा, गांधी पार्क और गांधी स्मारक के रूप में विकसित किया जा रहा है। नगरवासियों का कहना है कि काम पूरा होने के बाद गांधी मैदान मसौढ़ी की पहचान और आकर्षण का नया केंद्र बन जाएगा।

## रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय पटना में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ समारोह

**नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें अनुशासित, मूल्यपरक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व से अवगत कराया**





**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय, पटना में स्नातक प्रथम सेमेस्टर, सत्र 2026-30 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ (इंडक्शन) समारोह का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक परंपराओं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा उच्च शिक्षा के उद्देश्यों से परिचित कराना था। प्राचार्या प्रो. सीता सिन्हा ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें अनुशासित, मूल्यपरक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. शैलजा सिन्हा ने मंच संचालन के दौरान विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, समयपालन, नैतिक आचरण तथा महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। श्रीमती भावना सिंह, विभागाध्यक्ष,जंतुविज्ञान ने धन्यवाद ज्ञापन किया। समारोह के दौरान विभिन्न विभागाध्यक्षों एवं प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को अपने-अपने विषयों का परिचय दिया तथा पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली, पुस्तकालय, छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), एन.सी.सी, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों, कैरियर मार्गदर्शन एवं रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जिनमें प्रो.जगन्नाथ प्रसाद, डॉ रवि रंजन प्रसाद, डॉ अमर कुमार, डॉ सरिता कुमारी, डॉ निधि सिन्हा, श्रीमती स्मिता वैदेही, डॉ रंजन कुमार, डॉ आशीष कुमार, डॉ सुबोध चौधरी, डॉ सुशील कुमार, डॉ हरजीत कुमार, डॉ बबलू कुमार, डॉ सुनीता कुमारी, डॉ जया दीक्षित, डॉ मुकेश कुमार राय, डॉ कृष्ण कांत राय, डॉ नवीन कुमार आदि शिक्षकों ने छात्र झछात्राओं को संबोधित किया। नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा शिक्षकों के साथ संवाद स्थापित कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

## एसएमडी कॉलेज पुनपुन में एनसीसी कैडेटों को मिले बी और सी सर्टिफिकेट

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एस.एम.डी. कॉलेज, पुनपुन में बुधवार को 29 बिहार बटालियन एन.सी.सी, पटना के तत्वावधान में बी एवं सी सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अमित कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने कैडेटों के बीच सर्टिफिकेट वितरित किए।इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल अमित कुमार ने कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि एन.सी.सी अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि एन.सी.सी का प्रशिक्षण न केवल व्यक्तित्व निर्माण में सहायक है, बल्कि देश सेवा के लिए भी युवाओं को तैयार करता है।उन्होंने सभी कैडेटों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए सेना और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं* की तैयारी में जुटने के लिए प्रेरित किया।सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले कैडेटों में काफी उत्साह देखा गया।



## नीट-2026 में पालीगंज के रणवीर कुमार ने लहराया परचम, 39वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया बिहार का गौरव

**बिहार पब्लिक स्कूल, लालगंज सेहरा के छात्र की ऐतिहासिक सफलता, विद्यालय में जश्न का माहौल**

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज प्रखंड के लालगंज सेहरा स्थित बिहार पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र रणवीर कुमार ने नीट 2026 में अखिल भारतीय रैंक 39 प्राप्त कर न केवल विद्यालय, बल्कि अपने माता-पिता और पूरे बिहार का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। रणवीर कुमार वर्ष 2025 बैच के छात्र हैं। उन्होंने कक्षा 12वीं की परीक्षा में 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। अब नीट-यूजी 2026 में देशभर में 39वीं रैंक हासिल कर उन्होंने अपनी मेहनत, अनुशासित अध्ययन, आत्मविश्वास और असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया है। उनकी सफलता इस बात का प्रमाण है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण, निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प के बल पर बड़ी से बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि रणवीर कुमार की यह उपलब्धि लाखों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उनकी सफलता से यह संदेश मिलता है कि सीमित संसाधनों के बावजूद लगन और मेहनत से राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सकता है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बिहार पब्लिक स्कूल परिवार की प्रबंधन समिति, निदेशक, प्राचार्या, शिक्षकगण एवं समस्त कर्मचारियों ने रणवीर कुमार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य तथा चिकित्सा के क्षेत्र में निरंतर सफलता की कामना करते हुए कहा कि रणवीर की यह सफलता विद्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार के लिए गौरव का विषय है। हमें विश्वास है कि वे भविष्य में एक उत्कृष्ट चिकित्सक बनकर देश और समाज की अमूल्य सेवा करेंगे।

## विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधिमंडलों ने की मंत्री श्रवण कुमार से भेंट, सौंपा ज्ञापन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री श्रवण कुमार से भेंट कर प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम-2026 के विरोध में एक ज्ञापन सौंपा। मंत्री ने सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता हर हाल में बनी रहनी चाहिए तथा सभी हितधारकों से व्यापक परामर्श किए बिना कोई बड़ा संशोधन नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार की विश्वविद्यालय व्यवस्था ने बेहतर परिणाम दिए हैं। उन्होंने कहा कि हमें जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) और दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के मॉडल का अनुसरण करना चाहिए, न कि उन राज्यों का जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बिहार की विश्वविद्यालय व्यवस्था से काफी पीछे हैं। श्रवण कुमार ने यह भी आश्वासन दिया कि वे इस विषय पर माननीय मुख्यमंत्री से चर्चा करेंगे और उन्हें अवगत कराएंगे। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ऐसा अधिनियम, जो विश्वविद्यालय व्यवस्था में व्यापक और मौलिक परिवर्तन (पैराडाइम शिफ्ट) का प्रस्ताव करता हो, उसे कुछ गिने-चुने लोगों द्वारा तैयार नहीं किया जा सकता। इसके निर्माण में सभी संबंधित पक्षों की सार्थक भागीदारी और व्यापक विमर्श आवश्यक है।प्रतिनिधिमंडल में प्रो शैलेष कुमार सिंह, प्रो सुहेली महतो, प्रो संतोष सिंह, प्रो सुशील कुमार सिंह,डॉ अयान मुखर्जी और डॉ कुमार वरुण के साथ सभी विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक थे।

## नेशनल फ्लैग एडॉप्शन डे पर अधिकारियों को भेंट किया राष्ट्रीय ध्वज का प्रतीक चिन्ह



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेशनल फ्लैग एडॉप्शन डे के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के पूर्व स्वयंसेवक एवं समाजसेवी सिद्धार्थ भारद्वाज ने पटना प्रमंडल के आयुक्त आईएएस मयंक वारवाडे तथा मत्स्य विभाग के निदेशक आईएएस तुषार सिंगला को राष्ट्रीय ध्वज का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सिद्धार्थ भारद्वाज ने बताया कि 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा की बैठक में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को देश के आधिकारिक ध्वज के रूप में अपनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया था। इसी स्मृति में प्रत्येक वर्ष 22 जुलाई को नेशनल फ्लैग एडॉप्शन डे के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत का तिरंगा स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया द्वारा तैयार किए गए स्वराज ध्वज की अवधारणा पर आधारित है। तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान, राष्ट्रीय एकता, स्वतंत्रता तथा बलिदान का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करे और उसके गौरव को बनाए रखे। कार्यक्रम के दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने राष्ट्रीय ध्वज का प्रतीक चिन्ह पूरे सम्मान और उत्साह के साथ स्वीकार किया। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित में कार्य करने, देशभक्ति की भावना को मजबूत करने तथा तिरंगे के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश दिया।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी हुई बैटरी गांधीनगर स्थित दुकान से मिली, दो आरोपित गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल थाना पुलिस ने चोरी की बैटरी बरामद करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने चोरी की घटना का त्वरित खुलासा करते हुए बैटरी खरीदने वाले दुकानदार और चोरी में शामिल एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष रमेश महतो ने बताया कि आश्रम रोड निवासी राजा बाबू की लिखित शिकायत पर रक्सौल थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आश्रम रोड से उनकी बैटरी चोरी कर गांधीनगर स्थित अफजल बैटरी दुकान में बेच दी गई है। प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गांधीनगर स्थित अफजल बैटरी दुकान में छापेमारी की। इस दौरान चोरी की बैटरी बरामद कर ली गई। मौके से दुकान संचालक सरफराज अहमद (निवासी-गांधीनगर) तथा सुरेश पंडित (निवासी- धूपवा टोला, रक्सौल) को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों आरोपितों से पूछताछ के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी है।



### नर्क में तब्दील सड़क का उद्धारक बनकर आया प्रिंस राय

**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र की चनचौरा पंचायत के माधोपुर गांव के वार्ड 9 और 11 में सड़क मरम्मत और पानी निकासी का कार्य गुरुवार को युवाओं ने शुरू कर दी। यह कार्य गांव का युवक प्रिंस ने अपने निजी कोष से शुरू कराया।गांव में पुरब और पश्चिम दिशा से प्रवेश करते ही सड़क पर जल जमाव का सामना लोगों को करना पड़ता था।सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रहा था। गांव के ह्वाट्सएप ग्रुप पर काफी चर्चा इस समस्या की हुई। चर्चा के बाद दोपहर होते ही उजला बालू गिराने का काम शुरू कर दिया गया। मरम्मती कार्य में जूटे चन्दन राय (पश्चिम टोला) अमित राय, हेमंत राय ,उधो राय आदि ने बताया कि गांव के युवा समाजसेवी व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में चंचौरा के प्रथम मुखिया रहे स्व विक्रमा राय के पौत्र प्रिंस राय ने मिट्टी,बालू व राबिश का खर्च खुद वहन कर काम शुरू कराया। वहीं पूर्व मुखिया विजय उपाध्याय भी इस समस्या को लेकर सड़क किनारे बसे ग्रामीणों से बात की और बंद नाले को स्कूली बच्चों के हित में खुलवाने का कार्य किया।नाला खुलने और सड़क की मरम्मती पर गांव के उत्क्रमित हाईस्कूल के शिक्षकों ने ग्रामीण युवाओं की प्रशंसा की और कहा कि अब बच्चे सहजता पूर्वक स्कूल आ जा सकेंगे।



### सोनपुर मंडल रेल प्रबंधक ने किया निरीक्षण

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोनपुर मंडल में रेल संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन द्वारा विभिन्न समपार फाटकों एवं निमार्णाधीन/विकसित किए गए लिमिटेड हाइट सबवे का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों के साथ संरक्षा, गुणवत्ता, जल निकासी व्यवस्था तथा जनमानस की सुविधा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा किए। निरीक्षण के क्रम में सोनपुर-भगवानपुर रेलखंड के मध्य स्थित समपार फाटक संख्या-4 (स्पेशल) पर निर्मित लिमिटेड हाइट सबवे का निरीक्षण किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, उपयोगिता तथा स्थानीय लोगों को मिलने वाली सुविधाओं का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समपार फाटकों के स्थान पर छ्लर जैसी संरचनाओं का विकास रेल एवं सड़क दोनों यातायात के लिए अधिक सुरक्षित एवं सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करता है।



### 200 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद, नाव जब्त

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाजीपुर से लालगंज दियारा क्षेत्र में शराब कारोबारी खिलाफ चलाए जा रहा है विशेष अभियान। इस दौरान उत्पाद विभाग द्वारा गुरुवार को गंडक नदी के दियारा क्षेत्र में मोटरबोट एवं ड्रोन की सहायता से व्यापक नदी गश्ती एवं छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान लगभग 200 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद करते हुए एक नाव को जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्पाद विभाग की टीम हाजीपुर से लालगंज की ओर गंडक नदी के रास्ते दियारा क्षेत्र में अवैध देसी शराब निर्माण की भट्टियों के विरुद्ध छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान नदी में एक संदिग्ध नाव तेज गति से जाती हुई दिखाई दी। संदेह होने पर विभागीय मोटरबोट से उसका पीछा किया गया। नाव को रोककर तलाशी लेने पर उसमें रखे तीन गैलनों एवं दो प्लास्टिक बोरों से लगभग 200 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद हुई। बरामद शराब के साथ नाव को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत जब्त कर लिया गया। मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए शराब के स्रोत तथा इसमें संलिप्त तस्करों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए जांच जारी है।



### स्टेशन पर आरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे सुरक्षा बल की ओर से बुधवार को जमालपुर स्टेशन परिसर में यात्रियों की सुरक्षा एवं जागरूकता को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यात्रियों को सुरक्षित यात्रा करने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं की सूचना तत्काल रेलवे प्रशासन को देने तथा किसी भी प्रकार के प्रलोभन से बचने की सलाह दी गई।आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि यात्रा के दौरान अपने सामान की स्वयं निगरानी रखें तथा अनजान लोगों द्वारा दिए गए खाने-पीने की वस्तुओं का सेवन न करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि, लावारिस वस्तु या संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत रेलवे हेल्पलाइन या आरपीएफ को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।अभियान के दौरान यात्रियों को रेलवे सुरक्षा संबंधी नियमों, हेल्पलाइन नंबरों तथा साइबर एवं ठगी से बचाव के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही स्टेशन परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और रेलवे संपत्ति की सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की गई। जागरूकता अभियान में आरपीएफ एएसआई समीर दास, एएसआई वाई. पाठक, रजनीश कुमार, गीता जाट, नवीन कुमार, ओम त्रिपाठी सहित आरपीएफ के अन्य अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे। यात्रियों ने अभियान की सराहना करते हुए इसे सुरक्षा की दृष्टि से उपयोगी पहल बताया।



### एकमा सीएचसी की ओपीडी सेवा रही बंद

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अरवल में सिविल सर्जन के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में बिहार राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ (भासा) के आह्वान पर बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एकमा की ओपीडी सेवा पूरे दिन बंद रही। ओपीडी बंद रहने के कारण इलाज के लिए पहुंचे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई मरीज बिना इलाज कराए वापस लौट गए, जबकि कुछ ने निजी क्लीनिकों का रुख किया। हालांकि इमरजेंसी, प्रसव, टीकाकरण एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं पूर्व की भांति संचालित होती रहीं, जिससे गंभीर मरीजों को राहत मिली। अस्पताल परिसर में आवश्यक सेवाओं के लिए चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी तैनात रहे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. साजन कुमार ने बताया कि अरवल में सिविल सर्जन के साथ हुई मारपीट तथा दोषियों के विरुद्ध अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के विरोध में चिकित्सकों ने सांकेतिक हड़ताल करते हुए ओपीडी सेवा का बहिष्कार किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सुरक्षित कार्य वातावरण मिलने पर ही डॉक्टर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ मरीजों की सेवा कर सकेंगे। उधर बिहार राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ (भासा) के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ रोहित कुमार ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि कोरोना महामारी से लेकर आज तक स्वास्थ्यकर्मी लगातार जनसेवा में जुटे हैं।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के द्वारा समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में जिला स्तरीय पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के भव्य आयोजन को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया 15 अगस्त, 2026 को सुबह 9:00 बजे मोतिहारी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा जहां जिला प्रभारी मंत्री के कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण के लिए अनुरोध किया जाएगा। 15 अगस्त पर आयोजित समारोह को भव्य बनाने के लिए गांधी मैदान के साफ - सफाई, रंग रोगन सहित बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया गया।बरसात के मौसम को देखते हुए मुख्य समारोह स्थल पर परेड मार्ग को ठीक करा देने का निर्देश दिया गया। समाहरणालय परिसर की साफ सफाई सहित आस पास के सभी मार्गों के स्वच्छता का निर्देश दिया गया। मोतिहारी नगर निगम क्षेत्र में स्थापित सभी महापुरुषों की मूर्तियों के साफ-सफाई, रंगरोगन एवं अन्य सभी जरूरी तैयारी करने के संबंध में नगर निगम को निर्देश दिए गए। गांधी मैदान स्थित बालउद्यान में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं समाहरणालय में स्थापित बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण की तैयारी को लेकर उप समाहर्ता जिला नजारत को निर्देश दिया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी महानुभावो को आमंत्रित करने के लिए आमंत्रण कार्ड संबंधी जिम्मेदारी जिला नजर शाखा को दी गई। जिलाधिकारी के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर होने वाले परेड की समुचित तैयारी का निर्देश दिया गया एवं बताया गया कि 15 से एक या दो दिन पहले परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल कराया जाएगा। नगर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करने के लिए पदाधिकारीगण को नामित करने का निर्देश दिया गया। जिले के महादलित टोले में भी उस टोला के बुजुर्ग व्यक्ति के माध्यम से झंडारोहण कराने हेतु पदाधिकारियों को नामित करने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा को दिया गया। इन पदाधिकारियों के द्वारा लोगों के उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी भी महादलित बस्ती में दी जाएगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह का लाइव प्रसारण सोशल मीडिया,जिला प्रशासन फेसबुक पेज, वेव कास्ट के माध्यम से कराने के लिए जिला जन संपर्क पदाधिकारी एवं जिला आई टी प्रबंधक को निर्देश दिया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त, 2026 को संध्या 5:00 बजे से महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में सांस्कृतिक संध्या के भव्य आयोजन को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग के पदाधिकारी द्वारा बताया गया की सरकारी एवं निजी विद्यालयों के साथ-साथ कस्तूरबा गांधी विद्यालय को भी इसमें शामिल किया जाएगा जिसके लिए जिला चयन समिति के द्वारा स्क्रीनिंग कराई जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी के साथ उप महापौर लालबाबू प्रसाद गुप्ता,नगर आयुक्त आशीष कुमार, सहायक समाहर्ता राजकृष्ण झा, अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) शैलेन्द्र कुमार भारती, अपर समाहर्ता विभागीय जांच मो सिबगतुल्लाह,सदर अनुमंडल पदाधिकारी अरुण कुमार, डीसीएलआर इति चतुर्वेदी, वरीय उप समाहर्ता सह प्रभारी जिला सामान्य शाखा सुश्री निधि, एनडीसी श्रीमती प्रेमलता, ओएसडी अमरेश कुमार, निदेशक डीआरडीए, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन, स्काउट और गाइड के जिला आयुक्त,पुलिस कमांडेंट सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## युवा संवाद कार्यक्रमः राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर मंथन




**एकमा/मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के मांझी प्रखंड अंतर्गत नचाप गांव स्थित रिद्धि सिद्धि सेंट्रल स्कूल के सभागार में मंगलवार को 'युवा संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता, सेवा, संगठन एवं युवाओं की सकारात्मक भूमिका पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर बिहार प्रांत के सह प्रांत प्रचारक प्रवीर जी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का आधार सशक्त, संस्कारित और जागरूक युवा शक्ति है। उन्होंने युवाओं से समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा अपने व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए अनुशासित जीवन अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला प्रचारक महेश, सह जिला कार्यवाह प्रह्लाद, जिला संपर्क प्रमुख बलवंत तथा खंड कार्यवाह आलोक रंजन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को केवल रोजगार तक सीमित न रहकर सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करना चाहिए। समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित युवाओं के साथ संवाद स्थापित कर उनके प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया तथा राष्ट्र, समाज और संस्कृति के प्रति उनकी जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक समरसता, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करना बताया गया। कार्यक्रम में सरकारी सेवा निवृत्त कर्मचारी कल्याण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष परमेश्वर सिंह, रिद्धि-सिद्धि सेंट्रल स्कूल के निदेशक राकेश कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक मुकेश कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, अरविंद श्रीवास्तव, प्राचार्य दशरथ साह आदि अन्य मौजूद थे। खंड कारवाह आलोक रंजन ने बताया बताया कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## युवाओं के लिए स्टडी किट योजना का लाभ उठाने की अपील

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में जिला नियोजनालय, वैशाली द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए स्टडी किट योजना संचालित की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से सहयोग प्रदान करते हुए युवाओं को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना है। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग, बिहार लोक सेवा आयोग एवं अन्य राज्य लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले पात्र अभ्यर्थियों को ₹5,000 तक की निःशुल्क स्टडी किट उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, यूजीसी-नेट तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले पात्र अभ्यर्थियों को ₹2,500 तक की निःशुल्क स्टडी किट प्रदान की जाएगी। योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक अभ्यर्थी डिजिटल बैनर में उपलब्ध क्यूआर कोड स्कैन कर गूगल फॉर्म के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## अक्षयवट राय स्टेडियम, हाजीपुर में आयोजित होगा सोलर मेला

**विद्युत उपभोक्ताओं को एक ही स्थान पर मिलेगी आवेदन, बैंक ऋण एवं सब्सिडी संबंधी सुविधा**



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह के निर्देशन में अक्षयवट राय स्टेडियम में सोलर मेला-2026 का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का उद्देश्य अधिकाधिक विद्युत उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना सहित रूफटॉप सोलर से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना है।सोलर मेले में विद्युत विभाग के पदाधिकारी, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि तथा अधिकृत सोलर वेंडर उपस्थित रहेंगे। मेले में आने वाले विद्युत उपभोक्ताओं को सोलर संयंत्र लगाने से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं विभिन्न सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी।मेले में उपभोक्ताओं को सोलर संयंत्र लगाने हेतु आवेदन करने की सुविधा, अधिकृत वेंडरों की जानकारी, बैंक के माध्यम से आसान प्रक्रिया के तहत ऋण उपलब्ध कराने संबंधी मार्गदर्शन तथा केंद्र सरकार द्वारा प्रदत्त सब्सिडी की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही ऐसे आवेदकों के मामलों पर भी विचार किया जाएगा, जिनका सोलर ऋण आवेदन पूर्व में किसी कारणवश बैंक द्वारा स्वीकृत नहीं हो सका था। जिला प्रशासन ने जिले के सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि व आयोजित सोलर मेला में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाएं तथा स्वच्छ ऊर्जा को अपनाकर बिजली की बचत और पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## छात्रों का आक्रोश मार्च, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग, भारी संख्या में पुलिस बल तैनात



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नीट पेपर लीक मामले तथा दिल्ली के जंतर-मंतर और पटना में छात्रों के प्रदर्शन पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को वैशाली जिले के बिदुपुर स्थित संत कबीर महंत राम दयाल दास महाविद्यालय के छात्रों ने विरोध प्रदर्शन और आक्रोश मार्च निकाला। महाविद्यालय परिसर से शुरू हुआ मार्च विभिन्न मार्गों से होते हुए बिदुपुर प्रखंड मुख्यालय पहुंचा, जहां छात्रों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि NEET परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। छात्रों का कहना था कि दिल्ली के जंतर-मंतर और पटना में आंदोलन कर रहे छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज ने युवाओं में आक्रोश बढ़ाया है। संभावित हंगामे की आशंका को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। बिदुपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष भारद्वाज, थानाध्यक्ष रवि प्रकाश तथा भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए रहा और प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। आक्रोश मार्च में छात्र नेता एवं जिला परिषद क्षेत्र संख्या-31 के प्रतिनिधि राजा यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस दौरान राजा यादव ने अपने संबोधन में कहा, जब-जब नरेंद्र मोदी डरते हैं, तब-तब पुलिस को आगे कर देते हैं।

### विपक्षी दलों एवं छात्र संगठनों ने निकाला प्रोटेस्ट मार्च

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दिल्ली के जंतर-मंतर और पटना के डाक बंगला चौराहा पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए हिंसात्मक लाठीचार्ज के विरोध में जमालपुर की जनता एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की।जमालपुर शहर के तमाम विपक्षी दलो, सामाजिक ,व्यावसायिक महिला एवं छात्र संगठनों के संयुक्त नेतृत्व में प्रोटेस्ट मार्च निकाला गया।हाथों में तिरंगा झंडा एवं महापुरुषों की तस्वीर लिए हुए जमालपुर शहर के व्यावसायिक हृदय स्थली बराट चौक से शुरू होकर स्टेशन मोड़ , जुबली वेल, अवंतिका मोड़, शनि मंदिर, सदर फाड़ी , जनता मोड़, भारत माता चौक, 6 नंबर गेट पहुंचकर डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के सामने समापन हुई। जुलूस में शामिल लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर गगन भेदी नारे लगा रहे थे।देश का झंडा तिरंगा नहीं चलेगा दो रंगा ,पहले लड़े थे गोरों से अब लड़ेंगे चोरों से, लाठी गोली की सरकार नहीं चलेगी नहीं चलेगी ,निर्दोष छात्रों पर लाठी चलाना बंद करो ,जुल्मी जब जब जुल्म करेगा सत्ता के गलियारों से चप्पा चप्पा गूंज उठेगा इंकलाब के नारों से, जब-जब मोदी डरता है पुलिस को आगे करता है, रंगा बिल्ला की सरकार नहीं चलेगी नहीं चलेगी, छात्रों के हितों का हनन हुआ तो खून बहेगी सड़कों पर।



## ऑनलाईन गेम में हुए नुकसान की भरपाई के लिए 8 वर्षीय बच्चे का अपहरण, मांगी पांच लाख की फिरौती

**पकड़े जाने के डर से बच्चे को पुल से गंगा नदी में फेंका, तीन अपहरणकर्ता गिरफ्तार**



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राघोपुर से 8 वर्षीय बच्चे के अपहरण और हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है जिसे सुनकर हर कोई हैरान है।हालांकि पुलिस ने इस पूरे घटना में शामिल तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और बच्चे के शव की तलाश की जा रही है। दरअसल राघोपुर थाना क्षेत्र के रामपुर श्यामचंद गांव से 20 जुलाई को अनिल पंडित का 8 वर्षीय इकलौता पुत्र अंकुश कुमार अचानक दोपहर 2 बजे गायब हो गया। घर वालों ने काफी खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चला तभी 4 बजे बच्चे के पिता को फोन कर 5 लाख की फिरौती मांगी गई जिसके बाद परिजनों ने इसकी जानकारी राघोपुर थाना की पुलिस को दिया गया। पिता के आवेदन पर केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी और एसपी शुभांक मिश्रा ने सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया जिस टीम ने राघोपुर का पूरा दियारा छान मारा लेकिन बच्चे का कोई सुराग हाथ नहीं लगा।इसी बीच पुलिस टीम ने गांव के ही विशाल कुमार,सूरज कुमार, मनोज राय को गिरफ्तार किया और पूछताछ शुरू की। सबसे हैरत की बात तो यह है कि गिरफ्तार मनोज राय और विशाल आपस मे पिता पुत्र है। तीनों से जब पुलिस ने पूछताछ की तो सभी ने बताया कि विशाल और सूरज ऑनलाइन एविएटर गेम खेलता है जिसमे दोनो को पैसे का भारी नुकसान है और उस नुकसान की भरपाई के लिए सभी अंकुश के अपहरण की साजिश रची।एसपी शुभांक मिश्रा ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में पता चला है कि जिस दिन केस दर्ज हुआ उसी दिन पकड़े जाने के डर से सभी ने बच्चे को बिदुपुर कच्ची दरगाह सिक्स लेन पुल पर ले जा कर गंगा नदी में वोफेंक दिया।एसपी ने बताया कि घटनास्थल से बच्चे का चप्पल बरामद हुआ है लेकिन बच्चे का शव बरामद नहीं हुआ है और तलाश की जा रही है।

### करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज थाना क्षेत्र के सिरौना पंचायत में गुरुवार की सुबह खेत में सिंचाई के दौरान हुई एक दर्दनाक दुर्घटना में 35 वर्षीय मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। सिंचाई का कार्य पूरा करने के बाद वह बिजली का तार समेट रहा था, तभी अचानक विद्युत प्रवाहित नंगे तार की चपेट में आ गया। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया, जबकि मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में माई भारत जिला सलाहकार समिति की बैठक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** माय भारत जिला सलाहकार समिति की बैठक पूर्वी चंपारण के जिला पदाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में प्रातः 11:30 बजे राधाकृष्ण भवन, समाहरणालय परिसर, मोतिहारी में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया तथा माय भारत कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करने पर विचार-विमर्श किया। बैठक की शुरूआत जिला युवा अधिकारी (माय भारत) सुश्री अंकिता द्वारा जिला पदाधिकारी एवं उपस्थित सभी सदस्यों के स्वागत के साथ हुई । उन्होंने माय भारत की परिकल्पना, उद्देश्यों, प्रमुख कार्यक्रमों तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तृत प्रस्तुति दी। बैठक में माय भारत के अंतर्गत 'द्वि-स्तरीय समिति व्यवस्था' जिला सलाहकार समिति एवं जिला समन्वय समिति- के गठन एवं संचालन पर चर्चा की गई, जिससे जिले में युवा कार्यक्रमों के बेहतर नियोजन, समन्वय, क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण को सुनिश्चित किया जा सके।जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे माय भारत के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायतों, युवा क्लबों, एनएसएस, एनसीसी तथा अन्य संबंधित संस्थाओं के माध्यम से युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में विशेष रूप से "माय भारत पंजीकरण अभियान" की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने पूर्वी चंपारण के "2.41 लाख युवाओं के पंजीकरण लक्ष्य" को समयबद्ध रूप से प्राप्त करने हेतु सभी विभागों से सक्रिय सहयोग एवं व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने माय भारत की गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन एवं युवाओं की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## बाढ़ राहत तैयारियों को लेकर प्रखंड कार्यालय में बैठक, सभी पंचायतों से मांगे गए सुझाव



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने एवं राहत कार्यों की तैयारियों की समीक्षा को लेकर गुरुवार को प्रखंड कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी श्वेता कुमारी एवं अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी ने संयुक्त रूप से की। इसमें विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों ने भाग लेकर अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और आवश्यकताओं से प्रशासन को अवगत कराया।बैठक में परहम, सिंधिया, कलारामपुर, पश्चिम इंदरुख तथा इटहरी पंचायतों के मुखिया, मुखिया प्रतिनिधि, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य एवं बीस सूत्री कार्यक्रम के प्रतिनिधि मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने बाढ़ के दौरान आने वाली संभावित कठिनाइयों पर चर्चा करते हुए समय रहते आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की।बीडीओ श्वेता कुमारी एवं सीओ प्रीति कुमारी ने कहा कि बाढ़ राहत कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि संवेदनशील क्षेत्रों में नावों की पर्याप्त व्यवस्था, राहत शिविर, भोजन एवं टिफिन, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सा सुविधा, दवाइयों की उपलब्धता, पशुओं के लिए चारा एवं सुरक्षित स्थान तथा विस्थापित परिवारों के ठहरने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

CMYK

# कटिहार में समाहरणालय पर छात्रों का उग्र प्रदर्शन

## पुलिस पर ईंट पत्थर से हमला, डीएम ने कहा - गलत करने वालों पर की जाएगी वैधानिक कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार शहर में न कोई बैनर..न कोई नेतृत्व करने वाला नेता,..लेकिन सैकड़ों की तादाद में अचानक समाहरणालय के दोनों मुख्य द्वार के बाहर छात्रों के रूप में पहुंचकर देश व्यापी नीट पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन करने लगे। सभी के हाथों में बैनर और तख्ती था। सभी कैमरे को देखते ही गोदी मीडिया हाय हाय का नारा लगाते रहे। धीरे धीरे कथित छात्र आंदोलन उग्र हो गया और सुरक्षा व्यवस्था में लगी पुलिस पर ईंट पत्थर से हमला कर दिया। जबाबी कारवाई में पुलिस ने आंदोलन कर रहे तथाकथित छात्रों पर लाठी चार्ज किया और सभी छात्रों को खदेड़ा। इस दौरान उग्र छात्रों ने समाहरणालय गेट को तोड़ने का प्रयास किया और कई बाइक को तोड़फोड़ किया। फिलहाल समाहरणालय परिसर में पुलिस अपनी नजर बनाए हुए है। पूरे घटना को लेकर कटिहार के जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि डेमोक्रेसी में प्रदर्शन और अपनी बात रखने का अधिकार सबको है। संवैधानिक तरीके से अपनी बात को रख सकते हैं। लेकिन किसी भी प्रकार से सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाएगा...गलत तरीके से जो अलाउड नहीं है। प्रदर्शन करेगा तो निश्चितरूप से उसके ऊपर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।





### छात्र आंदोलन में पत्थरबाजी के दौरान मजिस्ट्रेट सह सदर अंचलाधिकारी हुए घायल, आंख में लगी है गंभीर चोट

**कटिहार नगर।** कटिहार समाहरणालय के बाहर छात्रों के उग्र प्रदर्शन में मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात सदर अंचलाधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जब आक्रोशित छात्र आंदोलन के दौरान समाहरणालय के मुख्य द्वार का तोड़ फोड़ कर रहे थे। उसी वक्त छात्रों को समझाने के दौरान विधि व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए नियुक्त कटिहार अंचल के अंचलाधिकारी मजिस्ट्रेट के रूप में सोनू भगत तैनात थे..इसी दौरान छात्रों ने पुलिस के साथ साथ मजिस्ट्रेट पर भी ईंट - पत्थर से हमला कर दिया। इस दौरान नियुक्त मजिस्ट्रेट सोनू भगत को एक आंख में गंभीर चोट लग गई। जिससे एक आंख से दिखाई नहीं देने की बात कहते हुए बताया कि आंदोलन में शामिल सभी छात्र कही से भी छात्र नहीं लग रहे थे। सभी पैसा देकर लाया गया उपद्रवी लग रहा था। इनलोगों ने आंदोलन करने के लिए कोई परमिशन भी नहीं लिया था। इसी दौरान पुलिस लाठीचार्ज की और शांति के लिए जब हम रोकने का प्रयास किए लेकिन उसी बीच पत्थर या पानी का बोतल आंख में लगा गया, जिस वजह से आंख में खून का क्लॉट जमा हो गया है, पैर में भी चोट लगा है, आंख के बेहतर इलाज के लिए बाहर भी जाने की संभावना है। इस दौरान ट्रैफिक डीएसपी को भी चोट लगने की सूचना है।

# एसपी ने कहा - नहीं था परमिशन, जांच के बाद पता चलेगा कि कौन थे सभी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** 23 जुलाई को हुए कटिहार समाहरणालय गेट के बाहर देश व्यापी नीट पेपर लीक मामले को लेकर कथित छात्रों का आंदोलन को लेकर सैकड़ों छात्रों ने उग्र आंदोलन किया और देखते ही देखते छात्रों की टोली ने समाहरणालय गेट को आसपास लगे गाड़ियों में..बाइक में तोड़ फोड़ करने लगा। मौके पर मौजूद जब पुलिसकर्मियों ने सभी को समझाने की कोशिश करने लगी तो छात्र और उग्र हो गए और पुलिस पर ही ईंट पत्थर बरसाने लगे, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आत्मरक्षार्थ लाठीचार्ज करना शुरू किया, लाठीचार्ज करते हुए पुलिस ने अभी प्रदर्शनकारी छात्राओं को खदेड़ कर भगाया और इसके बाद स्थिति नियंत्रण में किया गया। मौके पर जिला के जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी और एसपी परिचय कुमार खुद से दंगा ड्रेस पहनकर मार्च करते हुए सड़क पर उतरे। पूरी घटना को लेकर जब डीएम - एसपी से बात किया तो आंदोलन का अब बड़ा अपडेट सामने आया है, छात्र के द्वारा कटिहार में किए जा रहे आंदोलन का प्रशासनिक अनुमति ही नहीं मिला था और बिना अनुमति के ही कथित सैकड़ों छात्र सड़क से समाहरणालय तक उग्र आंदोलन करते हुए पुलिस पर ईंट पत्थर से हमला कर दिया और सरकारी संपत्तिसमाहरणालय गेट - दीवार और आसपास लगे बाइक को क्षतिग्रस्त करने लगा।

डीएम श्री द्विवेदी ने स्पष्ट बताया कि संविधान में सबको अधिकार है। शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात को रखने का, लेकिन कुछ लोग मौसम वैधानिक तरीके से एक्टिविटीज शुरू कर दिया, पब्लिक प्रॉपर्टी को डिस्ट्रक्शन करने की कोशिश किया, सभी को चिन्हित किया जा रहा है और सभी को डिसमर्स कर दिया गया है..खदेड़ दिया गया। ऐसे लोगों पर विधिक कार्रवाई कीजाएगी, कुछ लोग आईडेंटिफाई हुए हैं और कुछ लोग डिटेल में किए गए हैं।, वहीं जिले के पुलिस कप्तान परिचय कुमार ने पूरी घटना को लेकर बताया कि इनलोगों को आंदोलन करने का प्रशासनिक परमिशन ही नहीं मिला था। इनलीगल प्रोटेस्ट था, इनलीगल मजमा था, उसमें से कुछ और सामाजिक तत्वों के द्वारा पत्थरबाजी शुरू कर दी गई, पत्थर बाजी के जवाब में पुलिस के द्वारा उन्हें खदेड़ा गया है और उनमें से कुछ लोगों को डिटेल भी किया गया है, पूरे मामले का वीडियो फुटेज है, सभी की पहचान करते हुए उन लोगों पर प्राथमिकी की दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है, स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है और इलाके में पेट्रोलिंग भी की जा रही है। एसपी ने बताया कि आंदोलन करने वालों में यह लोग एक्युअल में कौन है, सभी का वीडियो फुटेज है। पुलिस ने पुछताछ के लिए 14 छात्रों को हिरासत में लिया है। आइसा, एसडीपीआई समेत प्रतिबंधित सिमी का भी हाथ होने की संभावना बताया जा रहा है। पर्दे के पीछे कई असंगठित और प्रतिबंधित छात्र संगठन भी हो सकते हैं।

**डीएम ने कहा - ऐसे लोगों पर की जाएगी विधिक कार्रवाई**

**पूछताछ के लिए 14 छात्र हिरासत में**

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे पार्किंग कर्मी से मारपीट, नकदी व घड़ी चोरी का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज/औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज शहर स्थित रेलवे पार्किंग में कार्यरत एक स्टाफ के साथ मारपीट और चोरी का मामला सामने आया है। घटना में घायल कर्मी ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। गया जिले के कोंच थाना क्षेत्र के छतीहर जमालपुर गांव निवासी राघवेंद्र शर्मा ने अपने आवेदन में बताया कि 20 जुलाई की रात करीब 10 बजे वह रेलवे पार्किंग में दो ग्राहकों की मोटरसाइकिल खड़ी करा रहे थे। इसी दौरान कासमा थाना क्षेत्र के ढाढ़र मसौदा गांव निवासी दारा यादव वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि उसने दराज से 4,500 रुपये नकद और एक घड़ी निकाल ली। विरोध करने पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया, जिससे राघवेंद्र शर्मा घायल हो गए। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि पीड़ित के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच करते हुए पुलिस आरोपी के गिरफ्तारी में लगी हुई है

### भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, दोनों ओर से प्राथमिकी दर्ज, 13 बने नामजद

**रफीगंज/औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के सिहदा गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। मामले में दोनों पक्षों की ओर से रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, जिसमें कुल 13 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। पहले पक्ष के ब्रह्मदेव यादव ने आवेदन में आरोप लगाया है कि भूमि विवाद को लेकर रणधीर कुमार, बंदेया थाना क्षेत्र के घोटा गांव निवासी चितरंजन कुमार, राहुल कुमार तथा छह अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया, जिसमें उनकी पत्नी भगवतिया देवी घायल हो गईं। वहीं दूसरे पक्ष के रणधीर कुमार ने अपने आवेदन में आरोप लगाया कि 22 जुलाई की सुबह करीब 11:30 बजे भूमि विवाद को लेकर सूरज यादव, सीताराम यादव, अवधेश यादव, रंजीत यादव, अर्जुन यादव, ब्रह्मदेव यादव, भगवतिया देवी, तेतरी देवी और असनीता देवी एकजुट होकर आए तथा लोहे की रॉड और अन्य हथियारों से मारपीट की, जिससे उनका सिर फट गया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

### पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**रफीगंज/औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज प्रखंड के पौथू थाना पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अखिलेश पासवान, पिता बिहारी पासवान, निवासी ग्राम व थाना पौथू, जिला औरंगाबाद के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि वारंटी को गिरफ्तार कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। पुलिस ने बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी है।

### बंद घर में चोरी के बाद चोरों ने लगाई आग

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दाउदनगर शहर के पुराना शहर वार्ड संख्या-2 स्थित बालूगंज मोहल्ले में देर रात चोरों ने बंद घर को निशाना बनाया है। चोर मेन गेट के नीचे लगी ईंट हटाकर अंदर घुसे। कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर हजारों रुपए के जेवरात, 10 बंडल कॉपर तार और कीमती सामान ले उड़े। जाते समय घर में आग लगा दी। आगजनी में महत्वपूर्ण दस्तावेज, घरेलू सामान और अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने साक्ष्य मिटाने या परिवार को अधिक नुकसान पहुंचाने की नीयत से आग लगाई है। घर से आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया। तुरंत मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों की तत्परता से आग आसपास के मकानों तक नहीं फैल सकी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, पीड़ित गणेश चौधरी के दो मकान हैं। परिवार के सभी सदस्य दूसरे मकान में थे, जबकि इस घर में उनका पुत्र राज चौधरी रहता था। आईटीआई की परीक्षा देने के बाद वह अपनी बहन के घर हसपुरा चला गया था, जिसके कारण मकान बंद था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। राज चौधरी ने बताया कि आग लगने से जमीन के मूल कागजात, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, जरूरी दस्तावेज और अन्य सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। माता-पिता के लौटने के बाद ही कुल नुकसान का सही आकलन हो सकेगा।

### साहेबनगर पंचायत के मनसाही हाट में जर्जर सड़क से ग्रामीण परेशान

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मनसाही प्रखंड क्षेत्र के साहेबनगर पंचायत के मनसाही हाट में सड़क की बदहाल स्थिति से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। सड़क पर गड्ढों और कीचड़ के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया हैं। वर्षा के बाद स्थिति और गंभीर हो जाती हैं। जिससे स्कूली बच्चों,किसानों,मरीजों तथा आम लोगों को रोजाना आवागमन में दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। मालूम हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही के उत्तर दिशा होकर एक सड़क मनसाही हाट सड़क में मिलती हैं। इस सड़क में अम्बिका पासवान के घर से भोला झा के इलेक्ट्रॉनिक दुकान तक आज भी ईंट सोलिंग सड़क हैं। जो की जर्जर अवस्था में हैं। इस जर्जर ईंट सोलिंग सड़क पर लोग चलने को मजबूर हैं एवं वर्षा का पानी जमा रहने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं।ग्रामीणों का कहना हैं कि कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से सड़क की मरम्मत एवं निर्माण की मांग की गई,लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला हैं। खराब सड़क के कारण दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी रहती हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की हैं।

### लाठी, पुलिस और हिरासत से न युवाओं की आवाज दबेगी न हक की लड़ाई रुकेगी : कांग्रेस

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के साहेबनगर पंचायत के जयनगर चौक पर पेपर लीक निर्दोष छात्रों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज और दिल्ली में शीर्ष नेताओं के साथ हुए दुर्व्यवहार के विरोध में कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष कमरुल हक की अगुवाई में प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन का आयोजन किया गया। इस मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अर्बन संजय कुमार सिंह ने कहा कि छात्र सालों साल पढ़ाई करते हैं और केंद्र सरकार पेपर लीक कराकर छात्रों के अरमानों पर पानी फेर देते हैं ।छात्र एवं युवा विरोधी सरकार की यह तानाशाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को नैतिकता के आधार पर तुरंत इस्तीफा देना चाहिए।

# अब फ्री डायलिसिस, नहीं लगेगा कोई शुल्क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अनुमंडल अस्पताल में आरंभ किए गए पांच बेड का डायलिसिस सेंटर किसी भी प्रकार के मरीजों को अब निशुल्क सेवा देगा। पहले बताया गया था कि जिनके पास राशन कार्ड है, उनको डायलिसिस की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध होगी। लेकिन जिनके पास राशन कार्ड या आयुष्मान कार्ड नहीं है उनको एक बार डायलिसिस करने के लिए 1797 रुपए खर्च करना होगा। अब सिविल सर्जन डॉ. कृष्णा प्रसाद ने बताया कि किसी भी मरीज को यह सुविधा निश्शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। किसी भी वर्ग के मरीज से कोई शुल्क नहीं







लिया जाना है। सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार ने बताया कि जिले में किडनी के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, इसे देखते हुए सरकार ने पीपीपी मोड पर सदर अस्पताल के बाद दाउदनगर में यह सुविधा उपलब्ध कराई है। उनके अनुसार जिला में निजी क्षेत्र में भी डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध नहीं है। प्रभारी उपाध्यक्ष डॉ शांता कुमारी ने बताया कि अब तक 18 मरीजों को डायलिसिस की सुविधा दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रक्रिया के तहत उनके पास ओटीपी प्राप्त होगा। इसके बाद स्वीकृति मिलती है। एक बार की इस प्रक्रिया के बाद तीन माह तक संबंधित मरीज अपना डायलिसिस निशुल्क करवा सकता है। बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष दीपक पटेल ने कहा कि काफी गरीब और असमर्थ लोग हैं जो डायलिसिस का खर्च नहीं उठा पाते। उमको यहां निशुल्क सुविधा मिलने से राहत मिलेगी। वह कुछ और अधिक दिन जी सकते हैं।

### किसी भी जिले, प्रदेश के मरीज को लाभ

दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल में न सिर्फ औरंगाबाद, अपितु किसी भी जिले और प्रदेश के मरीज डायलिसिस कराने का लाभ ले सकते हैं। डीपीएम अनवर आलम ने बताया गया कि बिहारी मरीज को सहजता से यह सुविधा उपलब्ध है। जबकि बिहार से बाहर के मरीज के लिए एक सरल प्रक्रिया पूर्ण करना होगा। किसी भी हाल में कहीं का भी मरीज हो, उसे सुविधा का लाभ मिलेगा। मना नहीं किया जा सकता है।

# 556 वें दिन भी किसानों का प्रदर्शन जारी कुटकु डैम में अभी तक नहीं लगा फाटक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड मुख्यालय में उत्तर कोयल नहर परियोजना के अधूरे कार्य को पूरा करवाने, कुटकु डैम में फाटक लगाने,किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने की मांग को लेकर किसानों का धरना के 556वें दिन से जारी है।किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले कई वर्षों से उत्तर कोयल नहर का पानी,एवं कुटकु डैम में फाटक लगाने की मांग को लेकर लगतार आंदोलन जारी है।धरना के अध्यक्ष अहमद रजा खां उर्फ लड्डू खां ने कहा कि पिछ्ले डेढ़ वर्षों से ज्यादा समय से रफीगंज ब्लॉक परिसर में अन्नदाता कृषि को और सुदृढ बनाने के लिए लगातार धरना पर बैठे हैं। पर कोई भी पदाधिकारी आज तक धरना स्थल पर उपस्थित होकर किसानों से मुलाकात करने की जहमत नहीं उठाई। इसके किसानों में सरकार एवं पदाधिकारियों के प्रति काफी निराशा है। इससे किसान आक्रोशित भी हैं। लड्डू खां ने कहा है कि उत्तर कोयल नहर में कार्य कर रहे पदाधिकारियों से उनके कार्यालय औरंगाबाद में एक सप्ताह पूर्व मुलाकात की गई तो उन्होंने टेंडर जल्द होने का आश्वासन दिया।एक वर्ष पूर्व मुलाकात में कहा था कि जल्द ही कुटकु डैम में फाटक लगा दिया जायेगा।इसके लिए कुटकु डैम का निरीक्षण भी किसानों की टीम ने किया।

# किसी डर से जनता की लड़ाई लड़ना नहीं छोड़ेगी भाकपा माले

## कार्यपालक अधिकारी से वार्ता के बीच दुर्व्यवहार का मामला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भाकपा (माले) के नगर स्तरीय शिष्टमंडल के साथ नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के साथ उनके कक्ष में हो रही वार्ता के क्रम में मुख्य पार्षद अंजलि कुमारी के परिचित व्यक्ति द्वारा किए गए कथित दुर्व्यवहार की माले ने कड़ी निंदा की है। नगर सचिव बिरजू चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कार्यपालक पदाधिकारी से मांग की है कि उक्त परिचित व्यक्ति के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने एवं अन्य किस्म की बदतमीजियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में तुरंत प्राथमिकी कराई जाए। हालांकि व्यक्ति का नाम नहीं बताया गया है। शिष्टमंडल में बिरजु चौधरी, कयूम



अंसारी, रामचंद्र चौहान, सुदामा सिंह, गणेश कुमार शामिल थे। बयान में कहा गया है कि अगर ईओ अगले चौबीस घंटे में ऐसा नहीं करते हैं तो पार्टी फिर यह मानने को मजबूर होगी कि उक्त प्रकरण में उनकी भी परोक्ष भूमिका है। ऐसे में पार्टी शुक्रवार को मुख्य पार्षद अंजलि कुमारी और कार्यपालक पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष के समक्ष ही पुतला दहन करेगी और उनके भ्रष्टाचार एवं अनियमितता के खिलाफ आंदोलन और ज्यादा तीखा और तेज करेगी। साथ ही पार्टी इस शहर के सभी वार्ड पार्षदों से भी अनुरोध करती है कि भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए वे भी अपने स्तर से सार्थक प्रयत्न करें। कहा गया कि बोर्ड की बैठक में होल्डिंग टैक्स में हुई अप्रत्याशित एवं असहनीय वृद्धि को समाप्त कराने के लिए सदन में जोरदार आवाज उठानी चाहिए। कहा गया कि सड़क निर्माण में हुए भ्रष्टाचार के द्वारा लाभान्वित होने वाले संभावित लोगों में से मुख्य पार्षद एवं उनके परिजनों, कार्यपालक पदाधिकारी, कुछ भ्रष्ट नेताओं, ठेकेदारों की शिनाख्त कर उनके खिलाफ प्राथमिकी कराने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं सम्राट अशोक भवन निर्माण में धांधली की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों को सख्त सजा दिलाने हेतु भी सदन में जोरदार आवाज उठानी चाहिए।

# सही वित्तीय जानकारी बनाती है आर्थिक रूप से सशक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाऊदनगर (औरंगाबाद) ।** मौलाबाग स्थित दर्शन इंस्टिट्यूट वीसीएसआरएम में समृद्धि शिक्षण संस्थान एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को बचत, निवेश, वित्तीय योजना, साइबर सुरक्षा तथा निवेश संबंधी धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को बजट प्रबंधन, नियमित बचत, म्यूचुअल फंड, शेयर बाजार की बुनियादी जानकारी, केवाईसी की आवश्यकता तथा सुरक्षित निवेश के महत्वपूर्ण पहलुओं की



जानकारी दी गई। संस्था के निदेशक रौशन कुमार सिंह ने कहा कि आज के समय में वित्तीय साक्षरता हर नागरिक के लिए अत्यंत आवश्यक है। सही वित्तीय जानकारी व्यक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाती है और गलत निवेश व साइबर ठगी से भी बचाती है। हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ें और जागरूक बनें। उन्होंने बताया कि दाऊदनगर शहर एवं आसपास के क्षेत्र के सभी 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के इच्छुक नागरिक इस एकदिवसीय, 40 मिनट की निःशुल्क वित्तीय जागरूकता कार्यशाला में भाग ले सकते हैं। कार्यशाला का आयोजन प्रतिदिन दो बैचों में किया जा रहा है। प्रथम बैच प्रातः 8:00 बजे और द्वितीय बैच दोपहर 2:00 बजे आए है। इस कार्यशाला में भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी आकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं और वित्तीय साक्षरता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया तथा इसे अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया।

# वाहन जांच में चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष वाहन जांच अभियान के तहत सेमापुर पुलिस ने चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई सकरैली मोड़ के पास वाहन जांच के दौरान की गई। थानाध्यक्ष राम शंकर कुमार ने बताया कि जांच के दौरान एक बाइक सवार पुलिस को देखकर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने उसका पीछा किया और कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान बरारी थाना क्षेत्र के शीशियां गांव निवासी 28 वर्षीय मो. फुलहसन के रूप में हुई।तलाशी एवं वाहन की जांच के दौरान उसके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। सेमापुर थानाध्यक्ष रामशंकर कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में भी पुलिस गहन जांच कर रही है, ताकि चोरी से जुड़े अन्य तथ्यों का पता लगाया जा सके। वाहन जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# नगर निगम की ओर से कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूकता अभियान

## वार्ड 44 वर्मा रिफ्यूजी कॉलोनी एवं सामुदायिक भवन में ट्रिगरिंग कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर निगम कटिहार की ओर से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज वार्ड संख्या-44 स्थित वर्मा रिफ्यूजी कॉलोनी एवं सामुदायिक भवन में एसडब्ल्यूएम नियम--2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर आयुक्त संतोष कुमार ने उपस्थित नागरिकों को घर-घर चार डस्टबिन प्रणाली अपनाने, गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण करने तथा स्वच्छता नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ शहर के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर स्वच्छता पदाधिकारी श्री राहुल कुमार ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण, स्रोत पर कचरा पृथक्करण तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संबंधित वार्ड पार्षद, नगर निगम के पदाधिकारी, कर्मी एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने स्वच्छ कटिहार के निर्माण हेतु नगर निगम के स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।



# श्रावणी मेला : सभी व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने का डीएम ने दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने ने जिला प्रशासन और पुलिस के वरीय अधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र का व्यापक स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिले के अधिकारियों की पूरी टीम के साथ सुल्तानगंज स्थित मुख्य मेला स्थल सहित दांडी बिलारी, एयरपोर्ट क्षेत्र, किशनगढ़, तिलकपुर, महाराजा पंडाल तथा नमामि गंगे घाट और विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का दौरा कर चल रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा श्रद्धालुओं के आगमन एवं आवागमन के मार्गों का जायजा लेते हुए पैदल पथ, बैरिकेडिंग, रूट डायवर्जन, भीड़ प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था तथा आपातकालीन निकासी मार्गों की उपलब्धता की समीक्षा की गई उन्होंने निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं के सुगम एवं सुरक्षित आवागमन के लिए सभी मार्गों को पूरी तरह अवरोधमुक्त रखा जाए तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त बैरिकेडिंग एवं दिशा-सूचक संकेतक लगाए जाएं। दांडी बिलारी एवं एयरपोर्ट क्षेत्र में श्रद्धालुओं की आवाजाही, वाहन पार्किंग, ट्रैफिक प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समुचित पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति एवं यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने का निर्देश दिया गया। किशनगढ़ एवं तिलकपुर क्षेत्र में जिलाधिकारी ने विश्राम स्थलों, पेयजल, अस्थायी शौचालयों, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, कचरा निष्पादन एवं चिकित्सा सुविधाओं का निरीक्षण किया। श्रीमति पांडेय ने सुल्तानगंज नगर निकाय एवं संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि सभी मूलभूत सुविधाएँ मेला प्रारंभ होने से पूर्व पूर्ण रूप से कार्यशील अवस्था में उपलब्ध रहें तथा नियमित सफाई एवं सैनिटेशन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। महाराजा पंडाल का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं के ठहराव, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, अग्निशमन उपकरण, आपदा प्रबंधन व्यवस्था तथा आपातकालीन निकास मार्गों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि पंडाल में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन तथा सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाए। नमामि गंगे घाट पर जिलाधिकारी ने घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा बैरिकेडिंग, गोताखोरों एवं एसडीआरएफ/आपदा प्रबंधन टीम की तैनाती, जल पुलिस, चेंजिंग रूम, पेयजल, चिकित्सा सहायता केन्द्र तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि स्नान के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को न्यूनतम करने हेतु सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए तथा घाटों पर सतत निगरानी रखी जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला राज्य का एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है तथा लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निर्वहन सुनिश्चित करे। साथ ही सभी अधिकारियों को नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा करने एवं किसी भी कमी को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, सिटी एसपी अमितेश झा, उप विकास आयुक्त राकेश कुमार रवि, अपर समाहर्ता दिनेश राम, सीनियर डिप्टी कलेक्टर अंकिता चौधरी शालिनी कुमारी सहित नगर परिषद पथ निर्माण, विद्युत, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, अग्निशमन, पर्यटन, परिवहन सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# रिफाइनरी में चार सुविधाओं की शुरूआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी में मंगलवार को निदेशक अरविंद कुमार ने प्रगतिशील उट-09 परियोजना की समीक्षा की। यह इस साल उनका दूसरा दौरा था। उनके साथ रिफाइनरीज़ मुख्यालय के कार्यकारी निदेशक (परियोजना) जी आर के मूर्ति और मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) पीयूष डुंगराकोटी भी थे। रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश और कार्यकारी निदेशक संजय रायजादा ने उनका स्वागत किया। बैठक में चल रही परियोजनाओं और भविष्य की पहलों पर चर्चा के बाद श्री कुमार ने 4 प्रमुख सुविधाओं का उद्घाटन किया। इनमें एआई/एमएल आधारित आरसीपी रॉन प्रेडिक्शन डैशबोर्ड, एटीएफ की सुरक्षित लोडिंग के लिए एटीएफ गैन्ट्री सुविधा, कैटलिस्ट-केमिकल्स के भंडारण हेतु नया वेयरहाउस और उट-09 परियोजना के तहत बॉयलर्स का रिफ्रेक्टरी ड्राई-आउट शामिल है। उन्होंने सेफ्टी पार्क की नींव भी रखी, जिसमें एग्जीबिशन हॉल और ट्रेनिंग रूम होंगे। निदेशक ने कर्मचारियों के समर्पण की सराहना करते हुए उत्कृष्टता और सस्टेनेबल ग्रोथ के लिए प्रेरित किया।

# अपहृत युवती दिल्ली से बरामद

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र से जनवरी माह में एक गांव से अपहृत हुई युवती को दिल्ली के आजादनगर से पुलिस ने सकुशल बरामद किया। थानाध्यक्ष ऋषिकांत कुमार के अनुसार भगवानपुर थाना कांड संख्या 16/26 की पीड़िता को अपहरण के बाद दिल्ली ले जाया गया था। भगवानपुर थाना की टीम ने आजादनगर थाना, दिल्ली पुलिस के सहयोग से कार्रवाई करते हुए युवती को बरामद किया। बरामदगी के बाद उसे विधिवत भगवानपुर थाना लाया गया। विदित हो कि पीड़िता की मां 22 जनवरी को भगवानपुर थाना में आवेदन देकर अपनी बेटी को बरामद करने की गुहार पुलिस प्रशासन से लगाई थी, जिसमें उसने कहा था कि उसकी बेटी चक्का सहलोरी गर्ल उच्च विद्यालय पढ़ने गई थी उसी दौरान गांव के ही विशाल कुमार व अन्य दो आरोपी ने अपहरण कर दिल्ली ले गया। उक्त मामले में पुलिस ने थाना कांड संख्या 16/26 दर्ज कर अपहृता की बरामदगी में जुट गई थी।

# स्कूटी पर देसी शराब ले जा रहा युवक गिरफ्तार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वीरपुर-संजत मुख्य पथ पर पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक के पास से लगभग 80 लीटर देसी शराब बरामद की गई है। थानाध्यक्ष ऋषिकांत कुमार के अनुसार गश्ती के दौरान सूर्यपुरा नटबाबा स्थान के पास एक नीले रंग की स्कूटी को संदेह के आधार पर रोका गया। तलाशी के दौरान स्कूटी के अग्र भाग में बोरे में छिपाकर रखी गई देसी शराब मिली।गिरफ्तार युवक की पहचान बेगूसराय जिला अंतर्गत चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के करोड़ खंझापुर , वार्ड संख्या 12 निवासी नन्नूबाबु साहनी का 21 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है।तस्करी में इस्तेमाल की गई नीले रंग की स्कूटी का नंबर बीआर09 बीबी 0394 है।पुलिस ने शराब और स्कूटी को जब्त कर लिया है। गिरफ्तार युवक के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# समाहरणालय पर छात्र संगठन ने मार्च के दौरान किया बवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बेगूसराय।** गुरुवार को छात्र संगठन के द्वारा निकाला गया आक्रोश मार्च समाहरणालय पर आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन करते हुए जमकर बबाल काटा। शुरुआत में शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा प्रदर्शन बाद में बवाल में बदल गया। समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की, पत्थरबाजी और उसके बाद पुलिस की ओर से लाठीचार्ज की घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना के दौरान कई पुलिसकर्मी और कुछ पत्रकार भी घायल हुए, जबकि कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।गुरुवार की सुबह से ही जीडी कॉलेज परिसर में विभिन्न छात्र संगठनों के बैनर तले हजारों छात्र-छात्राएं जुटने लगे थे। दोपहर करीब 12 बजे जीडी कॉलेज से विशाल आक्रोश मार्च निकला, जो मेन बाजार, टेढ़ीनाथ मंदिर, शहीद भगत सिंह स्थल और नगर निगम होते हुए समाहरणालय पहुंचा। मार्च में जिले के विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रशासन को पहले से ही बड़े प्रदर्शन की आशंका थी। इसे देखते हुए समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर बैरिकेडिंग की गई थी। सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल, स्पेशल फोर्स, दंगा नियंत्रण बल तथा दंडाधिकारियों की तैनाती की गई थी। समाहरणालय परिसर को पूरी तरह सुरक्षा घेरे में रखा गया था और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल को भी अलर्ट रखा गया था। समाहरणालय पहुंचने के बाद छात्र मुख्य गेट के सामने धरने पर बैठ गए। करीब दो घंटे तक धरना और नारेबाजी जारी रही। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने की अपील करते रहे। प्रशासन की ओर से आंदोलनकारियों को समझाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन स्थिति धीरे-धीरे तनावपूर्ण होती चली गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इसी दौरान भीड़ में मौजूद कुछ लोगों ने अचानक समाहरणालय गेट और पुलिस बल की ओर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। देखते ही देखते कई ईंट-पत्थर पुलिसकर्मियों पर बरसने लगे। पत्थरबाजी में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटनास्थल पर कवरेज कर रहे कुछ पत्रकार भी पत्थर लगने से चोटिल हुए। अफरा-तफरी के बीच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए लाइव रिपोर्टिंग कर रहे कुछ यूट्यूबरों के साथ भी मारपीट की घटना सामने आई। पत्थरबाजी के बाद पुलिस ने पहले भीड़ को पीछे हटने की चेतावनी दी। स्थिति नियंत्रण से बाहर होती देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को समाहरणालय परिसर से खदेड़ दिया। लाठीचार्ज के बाद भी कुछ समय तक तनाव बना रहा। कुछ प्रदर्शनकारी दोबारा समाहरणालय गेट के समीप पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। इसके बाद प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी। पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया तथा अतिरिक्त पुलिस बल और स्पेशल फोर्स की तैनाती कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक मनीष स्वयं समाहरणालय पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की कमान संभाली। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण किया तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की वीडियोग्राफी कराई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगालनी शुरू कर दी है। इसी बीच आंदोलनकारी छात्रों के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री से मुलाकात कर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के बाद आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की गई।

# स्वदेशी जागरण मंच ने मनाई अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** स्वदेशी जागरण मंच की भागलपुर जिला इकाई की ओर से गुरुवार को अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती श्रद्धा एवं राष्ट्रभक्ति के साथ मनाई गई। जिला इकाई के स्थानीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए राष्ट्रसेवा और स्वदेशी के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। जिला संयोजक रंजीत राय ने अपने संबोधन में कहा कि चंद्रशेखर आजाद केवल एक महान क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि अदम्य साहस, आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भारत की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया। आज के युवाओं को उनके त्याग, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेकर आत्मनिर्भर एवं सशक्त भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। विभाग संयोजक निर्दोष कुमार मिश्रा ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का जीवन हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्र सर्वोपरि है। स्वदेशी की भावना केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी प्रतीक है। डॉ. कृष्ण बिहारी ने कहा कि आजाद का जीवन युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। यदि भारत को आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र बनाना है तो प्रत्येक नागरिकों को अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी को अपनाना होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के आदर्शों पर चलने तथा स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत एवं राष्ट्रहित के कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला संयोजक रंजीत राय, विभाग संयोजक निर्दोष कुमार मिश्रा, डॉ. कृष्ण बिहारी, मीडिया प्रमुख इंदु भूषण झा, शेखर घोष, श्रीराम राय, वैभव सान्याल, दीपक कुमार झा, डॉ. शुभंकर सिंह, संजीव चौधरी सहित स्वदेशी जागरण मंच के कई पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अगस्त प्रथम सप्ताह तक बनेंगे नए राशन कार्ड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के पात्र एवं वंचित परिवारों के लिए नए राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया जारी है। सरकार के निर्देश के आलोक में 5 अगस्त तक नए राशन कार्ड के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए प्रखंड मुख्यालय स्थित आरटीपीएस काउंटर पर आवेदन जमा किए जा रहे हैं। मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित बीडीओ कक्ष में विभिन्न पंचायतों में कार्यरत विकास मित्रों की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार अभियान को तेज करते हुए पात्र लाभुकों तक इसकी जानकारी पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। अब तक नए राशन कार्ड के लिए 55 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। प्रखंड प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्राप्त सभी आवेदनों की सक्षम पदाधिकारी द्वारा विधिवत जांच की जाएगी। जांच में पात्र पाए जाने वाले आवेदनों को राशन कार्ड निर्माण की प्रक्रिया के लिए अग्रसारित किया जाएगा। बैठक में विकास मित्रों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने पंचायतों में घर-घर संपर्क कर पात्र एवं वंचित परिवारों को आवेदन की अंतिम तिथि की जानकारी दें, ताकि कोई भी योग्य परिवार सरकारी खाद्य सुरक्षा योजना के लाभ से वंचित न रह जाए। प्रशासन ने पात्र लोगों से अपील की है कि वे 5 अगस्त से पहले आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा कर इस अवसर का लाभ उठाएं।

# शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के पहसारा गांव के कचरा भवन के समीप 15 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ दो कारोबारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब ढुलाई में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने बताया कि सूचना मिली थी कि पहसारा निवासी राम विनय सदा एवं रंजन कुमार उर्फ कारो देसी चुलाई शराब बेचने की तैयारी में हैं। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए थानाध्यक्ष स्वयं, एसआई रंजीत कुमार तथा सशस्त्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसी दौरान बाइक संख्या उट-33उउ पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर वाहन मोड़कर गांव की ओर भागने लगे। पुलिस बल ने पीछा कर दोनों को दबोच लिया। तलाशी के दौरान पीले रंग की प्लास्टिक बोरी में रखे उजले रंग के प्लास्टिक के जार से 15 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने शराब, बाइक तथा दोनों आरोपितों को अपने कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों आरोपितों के विरुद्ध उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा तथा इस धंधे में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# चोरी के आरोप में तीन पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के हसनपुर बागर वार्ड संख्या-2 निवासी जरीना बेगम ने करीब दो माह पूर्व हुई जेवर चोरी के मामले में तीन लोगों के विरुद्ध नावकोठी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता ने गांव के ही मो. दानिश, मो. असलम एवं जलीसा खातून को नामजद अभियुक्त बनाया है। दर्ज प्राथमिकी में जरीना बेगम ने बताया है कि दिल्ली जाने से पूर्व उसने अपने लगभग 2.5 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवर सुरक्षित रखने के लिए अपनी सास जलीसा खातून को सौंप दिए थे। जेवर में करीब 30 ग्राम सोने के दो झुमके, दो जोड़ी बाली, दो बुलाक, एक मांग टीका तथा चांदी की एक जोड़ी पहुंची, एक जोड़ी छान और दो जोड़ी पायल शामिल थीं। पीड़िता के अनुसार, दिल्ली प्रवास के दौरान उसकी सास ने फोन पर सूचना दी कि ट्रंक का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सभी जेवर चोरी कर ले गए हैं। घर लौटने के बाद वह मामले की जानकारी जुटाने लगी। इसी क्रम में बुधवार को उसने नामजद आरोपितों को कथित रूप से चोरी के जेवर बेचने संबंधी बातचीत करते सुना, जिससे उसका संदेह और गहरा हो गया। इसके बाद उसने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की।सहायक थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि पीड़िता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है तथा साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-42सी-25, दिनांक 21.07.2026; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), पूर्व रेलवे, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** हावड़ा मंडल में बड़े स्पैन जम्परों/जी जम्परों इत्यादि का प्रतिस्थान। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 1,83,06,196.88; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 3,66,100; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 13.08.2026 को 15.00 बजे। **निविदा खोला जाना:** निविदा बंद होने के उपरांत किसी भी समय खोली जाएगी। निविदा के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (HWH-234/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सं.: एलआरसी_आईसीएफ-हाईब्रिड_एनएमजीएचएसआर_आर, दिनांक 21.07.2026; उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (एलएचबी), पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए वित्तीय एवं तकनीकी रूप से सक्षम निविदाताओं से ऑनलाइन ई-निविदाएं (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** आईसीएफ एवं हाइब्रिड कोचों का ऑटोमोबाइल कैरियर सह ब्रेक वैन कोचों में रूपांतरण। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 7,33,21,140.60। **बयाना राशि :** रु. 14,66,400। **निविदा दस्तावेज की कीमत :** शून्य; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 11.08.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण जहां निविदा के परिपूर्ण विवरण के उपलब्ध है : www.ireps.gov.in** निविदा सूचना के प्रकाशन के उपरांत प्रकाशित किसी भी शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, के लिए निविदाताओं को नियमित रूप से आईआरईपीएस पोर्टल देखने की सलाह दी जाती है। (MISC-111/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/सीनि. डीईएन/1/डब्ल्यूII, दिनांक 20.07.2026;** वरिष्ठ मंडल अभियंता/I/सियालदह, पूर्व रेलवे, सियालदह, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कमरा सं. 44, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1; निविदा सं.: टीएन-131-26-27; कार्य का नाम:** सियालदह में: वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/वर्क्स/सियालदह के अधीन सियालदह डिपो में यांत्रिक लान्ड्री संयंत्र का उन्नयन के साथ अन्य सभी आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,43,64,770.42; **ईएमडी:** रु. 4,87,300; **कार्य समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने। **क्रमांक 2; निविदा सं.: टीएन-134-26-27; कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता (1), सियालदह अनुभाग के तहत सीमित ऊंचाई के सबवे/रोड अंडर ब्रिज में कुल 13 अदद सैक्रिफिशियल हाईट गेज का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 2,20,38,362.67; **ईएमडी:** रु. 4,40,800; **कार्य समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने। **क्रमांक 3; निविदा सं.: टीएन-135-26-27; कार्य का नाम:** सियालदह नॉर्थ स्टेशन तथा कृष्णपुर में एमईएमयू के लिए क्विक वाटरिंग की स्थापना। **निविदा मूल्य:** रु. 89,46,335.62; **ईएमडी:** रु. 1,78,900; **कार्य समापन अवधि:** 09 (नौ) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** प्रत्येक के लिए 13.08.2026 को 15.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** प्रत्येक के लिए 13.08.2026 को 15.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। (SDAH-144/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-44बी-25, दिनांक 15.07.2026; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), पूर्व रेलवे, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के अधीन आइसोलेटेड सेक्शन में प्रवेश करने वाली ट्रेनों की सुरक्षा के लिए स्टॉप सिग्नल के बाद इंसुलेटेड ओवरलैप के स्थानांतरण के संबंध में 25 केवी ओएचई कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1,89,07,411.70; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 3,78,100; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 06 (छह) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 07.08.2026 को 15.00 बजे। **निविदा खोला जाना:** निविदा बंद होने के उपरांत किसी भी समय खोली जाएगी। निविदा के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (HWH-229/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**सूचना सं.: सिग_डब्ल्यू_5_पॉलिसी; दिनांक 21.07.2026;** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, मालदा, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पबं) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_26-27_06_ओटी, दिनांक 20.07.2026; कार्य का नाम:** (ए) जमा कार्य के आधार पर न्यू फरक्का-बल्लालपुर के बीच किमी. 255/2-3 पर एनटीपीसी मोड़, न्यू फरक्का में सीमित ऊंचाई के सबवे के निर्माण के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य। (बी) भागलपुर शंटिंग नेक में गुमटी सं.-1 पर अतिक्रमण वाले स्थान पर तथा गुमटी सं.-2 पर डॉयवर्सन रोड पर सीमित ऊंचाई के सबवे के प्रावधान के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य। (सी) एयर पुशिंग पद्धति के जरिए मालदा मंडल के सुजनीपाड़ा-अहिरन अनुभाग में लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 26 के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे के निर्माण के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य का आकलन। (डी) मिर्जाचौकी स्टेशन में नई इलेक्ट्रॉनिक इन मोशन वेब्रिज के प्रस्ताव के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य। (ई) सीनि. डीईएन-1 अनुभाग के अधीन बिंदूबासिनी हॉल्ट स्टेशन के वर्तमान प्लेटफॉर्म के विस्तार एवं ऊंचा करने तथा अन्य आनुषंगिक कार्यों के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य। (एफ) भागलपुर-जमालपुर अनुभाग में नाथनगर, अकबरनगर एवं सुल्तानगंज स्टेशनों के वर्तमान मीडियम लेवल प्लेटफॉर्म के विस्तार एवं ऊंचा करने के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,57,50,663.49। **बयाना राशि:** रु. 5,15,000। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय:** 28.07.2026 से 11.08.2026 को 11.00 बजे तक। **वेबसाइट विवरण एवं सूचना पट्ट:** वेबसाइट **www.ireps.gov.in,** सूचना पट्ट: सीनियर डीएसटीई कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा। (MLD-139/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-16ए-26, दिनांक 21.07.2026; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), पूर्व रेलवे, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में बर्द्धमान स्टेशन में फूट ओवर ब्रिज के विस्तार के संबंध में 25 केवी ओएचई सुधार कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 69,62,027.21; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 1,39,300; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 13.08.2026 को 15.00 बजे। **निविदा खोला जाना:** निविदा बंद होने के उपरांत किसी भी समय खोली जाएगी। निविदा के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (HWH-233/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू- II, दिनांक 20.07.2026;** मंडल रेल प्रबंधक/सियालदह, पूर्व रेलवे, सियालदह, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कमरा सं. 44, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन-137-26-27; कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बालीगंज के अधीन विभिन्न ट्रैक रखरखाव कार्य एवं अन्य आनुषंगिक कार्य (01 वर्ष के लिए)। **निविदा मूल्य:** रु. 1,03,99,599.55; **ईएमडी:** रु. 2,08,800; **कार्य समापन अवधि:** (12) बारह महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 14.08.2026 को 15.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 14.08.2026 को 15.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध की सामान्य शर्तें 2022 के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की कीमत शून्य है। (SDAH-145/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



# भारत का पहला पदक पक्का

## लवलीना सेमीफाइनल में पहुंचीं

**कॉमनवेल्थ गेम्स 2026**

ग्लासगो (एजेंसी)। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की ओपनिंग सेरेमनी से पहले ही भारत ने अपना पहला पदक सुनिश्चित कर लिया है। ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को 'बाय' मिला है। इसके माध्यम से सीधे सेमीफाइनल में पहुंचते हुए उन्होंने अपना पदक सुनिश्चित कर लिया। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली लवलीना बोरगोहेन 'बाय' मिलने के बाद महिलाओं के 75 किग्रा कैटेगरी के सेमीफाइनल में सीधे पहुंची। ड्रॉ में सिर्फ पांच एथलीट थे, इसलिए लवलीना समेत तीन खिलाड़ी सीधे 'अंतिम-4' (सेमीफाइनल) में पहुंच गए, जबकि बाकी दो खिलाड़ियों को एकमात्र क्वार्टरफाइनल मैच खेलना था। कॉमनवेल्थ गेम्स के बॉक्सिंग नियमों के तहत, सेमीफाइनल में हारने वाले सभी खिलाड़ियों को कांस्य पदक दिया जाता है। इसका मतलब है कि ग्लासगो में अपना पहला मुकाबला खेलने से पहले ही लवलीना का कांस्य पदक पक्का हो गया है।

लवलीना 31 जुलाई को सेमीफाइनल में ताफाकी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी, जहां स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाने का मौका होगा। जीत उन्हें फाइनल में पहुंचाएगी और कम से कम रजत पदक पक्का करेगी, जबकि हारने पर भी वह कांस्य पदक के साथ लौटेंगी।

यह कॉमनवेल्थ गेम्स में उनका पहला पोडियम फिनिश होगा। लवलीना गोल्ड कोस्ट 2018 में क्वार्टरफाइनल में चैंपियन बनीं सैंडी रयान से हार गई थीं और बर्मिंघम 2022 में अपना पहला ही मुकाबला हार गई थीं। उन्होंने पिछले दोनों इवेंट्स में 69 किग्रा कैटेगरी में हिस्सा लिया था। इस पदक का मतलब यह भी है कि लवलीना ने उन सभी बड़े मल्टी-स्पोर्ट इवेंट्स में पदक जीत लिए हैं जिनमें वह हिस्सा लेने की पात्र थीं। इसमें ओलंपिक, एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स शामिल हैं। गुरुवार को ओपनिंग सेरेमनी के लिए जब भारतीय दल शानदार कपड़ों में मैदान पर उतरेगा, तो लवलीना और टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली वेटलिफ्टर मीराबाई चानू फ्लैग और बैटन बियरर लेकर चलेंगी। लवलीना ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य और 2023 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। इसके अलावा, उन्होंने चीन के हांगझोउ में हुए 2023 एशियाई खेलों में भी रजत पदक जीता।

# पूर्व क्रिकेटर राजेश चौहान पर लाखों ठगी का आरोप

## नवीन जिंदल से पहचान बताकर काम में पार्टनर बनाने ठेकेदार को फंसाया



**दुर्ग-भिलाई।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में पूर्व भारतीय क्रिकेटर राजेश चौहान पर 17.52 लाख रुपए की कथित धोखाधड़ी का आरोप लगा है। जिंदल इस्पात लिमिटेड में ट्रांसपोर्ट का काम दिलाने का झांसा देकर ठेकेदार से फ्रॉड किया गया। अब कोर्ट ने उन पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। पीड़ित दिनकर विश्वमित्र का कहना है कि, राजेश चौहान ने खुद को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बताते हुए उद्योगपति नवीन जिंदल से करीबी संबंध होने का दावा किया था। भरोसा दिलाने के लिए जिंदल इस्पात का कथित वर्क ऑर्डर भी दिखाया और ट्रांसपोर्ट के काम में पार्टनर बनाने की बात कही। बाद में पता चला कि पूरा दस्तावेज फर्जी था। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उसने अदालत का दरवाजा खटखटाया। अब न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) कोर्ट ने मोहन नगर पुलिस को केस दर्ज कर जांच करने का आदेश दिया है।

### कौन हैं राजेश चौहान?

राजेश चौहान भारत के पूर्व ऑफ स्पिन गेंदबाज हैं। उन्होंने 1993 से 1998 के बीच भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। घरेलू क्रिकेट में मध्य प्रदेश के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें भारतीय टीम में जगह मिली। 90 के दशक में वे अनिल कुंबले और वेंकटपति राजू के साथ भारत की स्पिन तिकड़ी का अहम हिस्सा रहे।

- **दोस्त के जरिए हुई पहचान, करोड़ों के काम का दिया लालच–** पीड़ित दिनकर विश्वमित्र ने कोर्ट में बताया कि, उसकी मुलाकात दोस्त सरोज कुमार के जरिए राजेश चौहान से हुई थी। बातचीत के दौरान राजेश ने कहा कि उसकी गोविंद ट्रांसपोर्ट कंपनी को ओडिशा के क्योंझर स्थित जिंदल इस्पात लिमिटेड में आयरन और अन्य सामग्री के ट्रांसपोर्ट का बड़ा ठेका मिला है। अगर वह ट्रक लगाकर इस काम में पार्टनर बनता है, तो उसे अच्छा मुनाफा मिलेगा। भरोसा बढ़ाने के लिए आरोपी ने जिंदल इस्पात का कथित वर्क ऑर्डर और दूसरे दस्तावेज भी दिखाए। इन्हें देखकर दिनकर ने साझेदारी के लिए हामी भर दी।



- **इकरारनामा हुआ, फिर अलग-अलग किस्तों में लिए 17.52 लाख रुपए–** शिकायत के अनुसार, 30 जुलाई 2021 को दोनों पक्षों के बीच इकरारनामा हुआ। उसी दौरान दिनकर ने 2.51 लाख रुपए का पहला भुगतान किया। इसके बाद आरोपी के कहने पर गोविंद ट्रांसपोर्ट कंपनी के खाते में दो किस्तों में 15.01 लाख रुपए और ट्रांसफर कर दिए। इस तरह आरोपी ने कुल 17.52 लाख रुपए ले लिए। पीड़ित को भरोसा था कि जल्द ही ट्रांसपोर्ट का काम शुरू होगा, लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी न तो काम मिला और न ही किसी तरह का फायदा।

# पॉजिटिव सेल्फ टॉक ने हालैंड को बनाया सुपर स्टार

## अर्लिंग हालेंड ने बताया- थकान सिर्फ दिमाग में होती है; विज्ञान भी यही कहता है

**न्यूयॉर्क।** फुटबाल वर्ल्ड कप में 6 फुट 5 इंच लंबे अर्लिंग हालेंड की फुर्ती और फिटनेस भी चर्चा में रही। उनकी इस शानदार परफॉरमेंस का राज केवल उनकी शारीरिक ताकत नहीं, बल्कि उनकी गजब की मानसिक मजबूती है।– फुटबाल वर्ल्ड कप में 6 फुट 5 इंच लंबे अर्लिंग हालेंड की फुर्ती और फिटनेस भी चर्चा में रही। उनकी इस शानदार परफॉरमेंस का राज केवल उनकी शारीरिक ताकत नहीं, बल्कि उनकी गजब की मानसिक मजबूती है।

हालिया फुटबॉल वर्ल्ड कप में नॉर्वे के अर्लिंग हालेंड 7 गोल दागकर टूर्नामेंट के चौथे सबसे सफल खिलाड़ी रहे। 6 फुट 5 इंच लंबे इस खिलाड़ी की फुर्ती और फिटनेस भी चर्चा में रही। उनकी इस शानदार परफॉरमेंस का राज केवल उनकी शारीरिक ताकत नहीं, बल्कि उनकी गजब की मानसिक मजबूती है। पिछले साल की एक घटना है, जब मैनचेस्टर सिटी की ट्रेनिंग फैसिलिटी में हालेंड एक 'हाइपोक्सिक चैंबर' में एक्सरसाइज बाइक चला रहे थे। यह एक ऐसा कमरा होता है, जहां पहाड़ों जैसी ऊंचाई और तेज गर्मी का माहौल बनाकर हवा में ऑक्सीजन काफी कम कर दी जाती है। हालेंड को पूरी ताकत लगाकर अपना हार्ट रेट 150 बीट्स प्रति मिनट तक ले जाना था।

उन्होंने कैमरे की तरफ देखते हुए कहा था कि वह यह बिल्कुल नहीं करना चाहते, लेकिन फिर भी करेंगे क्योंकि यह उनके शरीर और दिमाग दोनों के लिए अच्छा है।



# वेस्टइंडीज ने आखिरी वनडे 2 विकेट से जीता

## न्यूजीलैंड के खिलाफ 2-3 से सीरीज गंवाई, हेटमायर की फिफ्टी

**ब्रिजटाउन।** मेजबान वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के आखिरी मैच में 2 विकेट की जीत हासिल की। हालांकि, बुधवार को मिली इस जीत के बावजूद टीम ने 5 मैचों की सीरीज 2-3 से गंवा दी। ब्रिजटाउन में कैरेबियाई टीम ने 269 रन का टारगेट 47.3 ओवर में 8 विकेट खोकर हासिल कर लिया। शिमरोन हेटमायर ने नाबाद 69 रनों की पारी खेली। वे प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। जॉयडन लेनिक्स को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।



**न्यूजीलैंड की खराब शुरुआत–** टॉस हराने के बाद पहले बैटिंग कर रही न्यूजीलैंड 50 ओवर में 9 विकेट पर 268 रन बनाए। टीम ने 16 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवा दिया था। यहां पर हेनरी निकोलस 10 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मैथ्यू फोर्ड ने बोल्ड किया।

**यंग-केली ने पारी संभाली, दोनों की फिफ्टी–** 5वें ओवर में पहला विकेट गंवाने के बाद ओपनर विल यंग और निक केली ने कीवियों की पारी संभाली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 90 गेंद पर 86 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को विटेल लुईस ने विल यंग को बोल्ड करके तोड़ा। विल यंग ने 56 रन बनाए। यंग के आउट होने के बाद केली ने मार्क चैपमैन के साथ पारी को आगे बढ़ाया, लेकिन चैपमैन 11 रन बनाकर आउट हो गए। चैपमैन के आउट होने के बाद विल यंग 64 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

**टॉम लैथम ने स्कोर 200 पार पहुंचाया–** मार्क चैपमैन के आउट होने के बाद क्रीज पर उतरे टॉम लैथम ने न्यूजीलैंड की पारी को 200 पार पहुंचा दिया। उन्होंने 69 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। आखिर में कप्तान मिचेल सैंटनर और नाथन स्मिथ ने 50 ओवर में टीम का स्कोर 268/9 पहुंचा दिया। विटेल लुइस और अल्जारी जोसेफ को दो-दो विकेट मिले।

कैरेबियाई ओपनर्स में फिफ्टी पार्टनरशिप 269 रन का टारगेट चेज करने उतरे कैरेबियाई ओपनर्स ने फिफ्टी पार्टनरशिप की। हालांकि, 59 रन के टीम स्कोर पर पवेलियन भी लौट गए। एकीम ऑगस्टे 34 और जस्टिन ग्रीव्स 22 रन बनाकर आउट हुए। केसी कर्टी 20 और कप्तान शाई होप 39 रन बनाकर आउट हुए।

# 'आपके आंसू हमारे आंसू हैं'

## मैदान पर भावुक हुए मेसी के लिए अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने लिखा खास पोस्ट



**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल मुकाबले में अर्जेंटीना को स्पेन के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही टीम का लगातार दूसरी बार खिताब जीतने का सपना अधूरा रह गया। खिताबी मुकाबले में हार के बाद कप्तान लियोनेल मेसी भावुक नजर आए। इस बीच, अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) ने कप्तान मेसी के लिए खास पोस्ट लिखा है। स्पेन के खिलाफ फाइनल मैच में मेसी लय में दिखाई नहीं दिए और विपक्षी टीम ने उन्हें गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। अपने प्रदर्शन और खिताबी मुकाबले में मिली हार से मेसी खुद की भावनाओं पर काबू नहीं रख सके। मेसी के लिए अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'कप्तान, आपके आंसू हमारे आंसू हैं। आपने हमें जिंदगी की सबसे बड़ी खुशियां दीं। आपके समर्पण, उस जादू और आखिरी पल तक अपना सब कुछ झोंक देने के लिए आपका शुक्रिया। हम आपसे हमेशा प्यार करेंगे, लियो।' लियोनेल मेसी का प्रदर्शन फीफा वर्ल्ड कप 2026 में शानदार रहा। उन्होंने टूर्नामेंट में कुल 8 गोल और चार असिस्ट किए। मेसी ने सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ अर्जेंटीना को मिली जीत में अहम भूमिका निभाई। मेसी ने इस विश्व कप में कई बड़े रिकॉर्ड्स को भी अपने नाम किया। मेसी विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा असिस्ट (12) करने वाले खिलाड़ी बने।

उन्होंने इस मामले में पूर्व दिग्गज खिलाड़ी पेले (10) को पीछे छोड़ा। वह तीन विश्व कप के फाइनल में खेलने वाले पहले खिलाड़ी बने। मेसी अपनी कप्तानी में अर्जेंटीना को फाइनल तक पहुंचाने वाले पहले कप्तान बने। वह विश्व कप के फाइनल में खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बने। स्पेन के खिलाफ मेसी 39 साल और 25 दिन की उम्र में मैदान पर उतरे। मेसी ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ सबसे ज्यादा वर्ल्ड कप (छह) खेलने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।



**ED का जुर्माना रद्द**

# ललित मोदी 16 साल बाद भारत लौटेंगे

## IPL का पैसा विदेश भेजने का केस; बोले- मैं लीग की भलाई चाहता था

**नई दिल्ली।** आईपीएल के संस्थापक ललित मोदी 16 साल बाद भारत लौटने की तैयारी में हैं। एक अपीलीय ट्रिब्यूनल ने 16 जुलाई को आईपीएल 2009 के दक्षिण अफ्रीका आयोजन से जुड़े FEMA मामले में फैसला सुनाया था। इसमें मोदी को राहत देते हुए ED के लगाए गए जुर्माने को रद्द कर दिया था। फैसले के बाद ललित मोदी ने कहा कि अब उनकी भारत वापसी का रास्ता साफ हो गया है और वह इस साल के आखिर या अगले साल की शुरुआत में भारत लौट सकते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी अक्टूबर में बच्चे को जन्म देने वाली है, जिसके बाद वह भारत आने की योजना बना रहे हैं।

### 2018 में लगा था 10.65 करोड़ रुपए का जुर्माना

ED ने 2018 में ललित मोदी पर 10.65 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। इसके बाद उन्होंने इस आदेश के खिलाफ अलग-अलग अपील दायर की थीं। अब 16 जुलाई के फैसले में ट्रिब्यूनल ने उन आदेशों में बड़ा बदलाव करते हुए ललित मोदी समेत कई पक्षों को राहत दे दी।

**भारत से दक्षिण अफ्रीका पैसे भेजने का मामला था–** यह मामला 2009 में IPL को भारत से दक्षिण अफ्रीका ले जाने से जुड़ा है। उस समय लोकसभा चुनाव के कारण सुरक्षा कारणों से टूर्नामेंट भारत से दक्षिण अफ्रीका शिफ्ट किया गया था। इसके आयोजन के लिए BCCI ने दक्षिण अफ्रीका में करीब 243.45 करोड़ रुपए भेजे थे। बाद में प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप लगाया कि यह रकम भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्व मंजूरी के बिना विदेश भेजी गई, जिससे विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA) का उल्लंघन हुआ।

### ट्रिब्यूनल बोली-

**ललित व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदार नहीं–** ललित मोदी ने कहा कि ट्रिब्यूनल ने ED की सबसे अहम दलील ही खारिज कर दी, जिससे पूरे मामले का आधार बदल गया। उनके मुताबिक अपीलीय ट्रिब्यूनल ने अपने फैसले में कहा कि दक्षिण अफ्रीका भेजी गई रकम 'करंट अकाउंट ट्रांजैक्शन' थी, न कि 'कैपिटल अकाउंट ट्रांजैक्शन'। इसलिए इसके लिए RBI की पहले से मंजूरी लेना जरूरी नहीं था। ट्रिब्यूनल ने यह भी माना कि वह BCCI की ओर से FEMA के तहत कानूनी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार नहीं थे और न ही उनके पास वह वित्तीय अधिकार थे, जिनका श्रेष्ठ ने दावा किया था। इससे 2009 के दक्षिण अफ्रीका IPL से जुड़े सबसे बड़े कानूनी मामले का अंत हो गया।

# सम्राट सरकार के सौ दिन पूरे होने पर आयोजित होंगे कार्यक्रम

## मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नई सरकार के 100 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बिहार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आमजनों के हित में संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों के व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में औरंगाबाद से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के साथ उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद तथा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने बताया कि 25 जुलाई को नई सरकार के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है, जिसमें मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रीगण एवं विधानमंडल के सदस्यगण की उपस्थिति संभावित है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण राज्य के सभी जिलों, प्रखंडों एवं पंचायतों में किया जाएगा। मुख्य सचिव द्वारा निर्देश दिया गया कि जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय सांसदगण, विधायकगण, विधान परिषद सदस्यगण, जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, महापौर, अन्य जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाए। साथ ही जिले की उपलब्धियों पर आधारित रिपोर्ट कार्ड बुकलेट एवं लघु वृत्तचित्र के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा विगत अवधि में किए गए उल्लेखनीय कार्यों का प्रस्तुतीकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि जिला स्तर की उपलब्धियों में सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय), डिग्री कॉलेज विहीन प्रखंडों में डिग्री कॉलेज का संचालन, बिहार स्कूल लाइव क्लासेज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का लाभ, नए राशन कार्ड का निर्माण, सहयोग शिविरों का आयोजन एवं प्राप्त आवेदनों का निष्पादन, पंचायत विकास दिवस, आयुष्मान भारत योजनाओं के अंतर्गत बनाए गए आयुष्मान कार्ड, प्रगति यात्रा एवं समृद्धि यात्रा के अंतर्गत शिलान्यासित योजनाओं की प्रगति, पर्यटन, उद्योग, निवेश एवं रोजगार सृजन सहित अन्य विभागीय उपलब्धियों को समाहित किया जाए। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम का प्रसारण जिला प्रशासन के सोशल मीडिया माध्यमों पर भी किया जाए तथा प्रखंड एवं पंचायत स्तर के कार्यक्रमों में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों एवं ग्राम संगठनों से जुड़ी महिलाओं, उद्यमियों तथा स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संबंधित सभी विभागों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण करते हुए कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाए।




### कार्यक्रम का होगा प्रसारण

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला स्तर पर जिला सभागार, प्रेक्षागृह, प्रखंड स्तर पर प्रखंड सभागार तथा पंचायत स्तर पर पंचायत सरकार भवन में आवश्यक व्यवस्था के साथ कराया जाए। कार्यक्रम स्थल पर एलईडी, टेलीविजन, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, फ्लेक्स-बैनर आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# जिलाधिकारी ने परिवादियों की सुनीं समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार की निर्धारित कॉज लिस्ट के अनुसार विभिन्न मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान उपस्थित परिवादियों की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुना गया। साथ ही संबंधित विभागों एवं लोक प्राधिकारों द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रतिवेदनों का परीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम का उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष, तथ्याधारित एवं गुणवत्तापूर्ण जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सुनवाई के दौरान विभिन्न लोकहित एवं व्यक्तिगत शिकायतों से संबंधित मामलों पर विचार किया गया। इनमें प्रमोद कुमार द्वारा घर के पास बम फोड़ने एवं गाली-गलौज करने, रामकृष्ण यादव द्वारा जमाबंदी, रामशंकर द्विवेदी द्वारा लिपिक के विरुद्ध कार्रवाई, सुरति देवी द्वारा जेल में बंद पति की मृत्यु के उपरांत आर्थिक मुआवजा, ओम प्रकाश कुमार द्वारा आम रास्ते से अतिक्रमण हटाने, मुरारी मौआर द्वारा नाली निर्माण, कपिल देव मेहता द्वारा अतिक्रमण हटाने, श्रीकांत कुमार द्वारा जमाबंदी, पुष्पेंद्र कुमार सिंह द्वारा निजी भूमि के सामने सड़क किनारे निर्मित झोपड़ी हटाने, उपेंद्र तिवारी द्वारा अतिक्रमण, दाखिल-खारिज एवं परिमार्जन तथा शैलेंद्र कुमार सिंह द्वारा रैयती भूमि में सड़क निर्माण से संबंधित परिवादों की सुनवाई की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का निष्पादन करें।

# कृषि कार्य में लगे युवक की वज्रपात से मौत

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना खुदवां थाना क्षेत्र के कलेन गांव की हैं। मृतक की पहचान उस गांव निवासी श्याम सुंदर पासवान के 20 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार के रूप के की गई है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की शाम कृषि कार्य को लेकर प्रिंस खेत पर गया था। जहां अचानक बारिश के साथ वज्रपात की घटना घटित हुई जिसके चपेट में आकर वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मौके पर मौजूद कृषि कार्य में लगे अन्य लोगों द्वारा प्रिंस को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया हैं।

# कानून-व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद उपेंद्र नाथ वर्मा द्वारा समाहरणालय सभागार में जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ), नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों (ईओ) एवं सभी थानाध्यक्षों के साथ नियमित विधि-व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने क्षेत्र में सतत निगरानी रखें तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने की संभावना पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा स्थानीय स्तर पर समन्वय स्थापित करते हुए विधि-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया। बैठक में स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि अन्य जिलों की भांति किसी भी प्रकार की अराजकता, उपद्रव अथवा अनधिकृत धरना-प्रदर्शन को औरंगाबाद जिले में किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि किसी भी सार्वजनिक स्थान पर धरना-प्रदर्शन अथवा भीड़ एकत्रित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि कोई व्यक्ति अथवा संगठन नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी बीडीओ, ईओ एवं थानाध्यक्षों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, संवेदनशील सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान करने तथा किसी भी स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही आमजन से भी शांति एवं सौहार्द बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने और आवश्यक होने पर प्रशासन को तत्काल सूचना देने की अपील की गई। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी, सदर एवं अनुमंडल पदाधिकारी, दाउदनगर को विशेष रूप से विधि-व्यवस्था पर नियंत्रण बनाये रखने के लिए निदेशित किया गया। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता विशेष शार्दुल हसन खां, अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण जयप्रकाश नारायण, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ़्तेख़ार अहमद, अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी उपस्थित थे। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी दाउदनगर अमित राजन, भूमि सुधार उप समाहर्ता दाउदनगर, सभी बीडीओ एवं नगर निकाय के कार्यपालक पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे।

# सुधीर शर्मा की घर वापसी से मगध शाहाबाद में मजबूत होगी भाजपा

**नबिटा संवाददाता**



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश महामंत्री सुधीर कुमार शर्मा ने करीब एक दशक बाद पुनः भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। वे दाउदनगर के बाबू अमौना के निवासी हैं और 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में जन सुराज से ओबरा के प्रत्याशी रहे हैं। पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं विधान पार्षद शाहनवाज हुसैन, पूर्व मंत्री विनोद नारायण झा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में उन्हें पार्टी सदस्यता दिलाई गई। श्री शर्मा छात्र जीवन से ही भाजपा से जुड़े रहे हैं। लंबे समय तक संगठन में विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया और प्रदेश महामंत्री सहित कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालीं। वे शाहाबाद क्षेत्र के प्रभारी भी रह चुके हैं तथा मगध और शाहाबाद क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। युवाओं के बीच उनकी अच्छी पकड़ और संगठनात्मक क्षमता के कारण उन्हें प्रभावशाली नेता माना जाता है। मालूम हो कि कुछ वर्ष पूर्व अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। इसके बाद वे जन सुराज से जुड़े, जहां उन्हें चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष बनाया गया। उनकी घर वापसी पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। भाजपा जिला प्रवक्ता अश्विनी कुमार तिवारी ने कहा कि सुधीर कुमार शर्मा के पुनः भाजपा में शामिल होने से विशेषकर मगध और शाहाबाद क्षेत्र में संगठन को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने वर्ष 2025 में ही सार्वजनिक रूप से मांग की थी कि सुधीर कुमार शर्मा को सम्मानपूर्वक भाजपा में वापस लाया जाना चाहिए। कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें सम्मान के साथ पुनः संगठन में शामिल कर कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान किया है। उनके आने से युवाओं के बीच उनकी मजबूत पहचान और संगठनात्मक अनुभव का लाभ पार्टी को आगामी दिनों में मिलेगा। शमशेरनगर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश पांडेय, डॉ. दिनेश कुमार वर्मा, नीरज पांडेय, सुनील दुबे, गोपाल सिंह, बुलबुल तिवारी, टैगोर जी, रंजन वर्मा ने उनका स्वागत किया।

# हत्या और दुष्कर्म सहित अन्य अपराधों में 62 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में बुधवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 62 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 25 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, हत्या के शीर्ष में 1, दुष्कर्म में 3, दहेज हत्या में 2, हत्या के प्रयास में 4, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 31 तथा अन्य मामलों में एक लोगों की गिरफ्तारी की गई। एक ट्रैक्टर जब्त किया गया है। 46.40 लीटर देसी शराब एवं एक कार जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1096 वाहनों की जांच की गई जिसमें 56000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 31 वारंट का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा साइबर पुलिस द्वारा 24300 रूपये रिकवर किया गया है। पुलिस पदाधिकारी उपेंद्र नाथ वर्मा के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है।

# न्यूनतम मजदूरी नहीं मिलने पर श्रमिक करें शिकायत, होगी कार्रवाई

**'नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग द्वारा एक दिवसीय ग्रामीण प्रशिक्षण शिविर सह कार्यशाला का आयोजन जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार गुरुवार को आईटीआई कॉलेज, बभनडीह के सभा कक्ष में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक श्रमायुक्त ने की। इस अवसर पर श्रम अधीक्षक अंजू कुमारी, सभी प्रखंडों के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी तथा जिले के सभी प्रखंडों की विभिन्न पंचायतों से आए श्रमिक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान श्रमिकों को श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न अधिनियमों एवं कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें चारों श्रम संहिताएं, बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, बिहार शताब्दी असंगठित कार्य क्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना-2011, बिहार प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना-2008, ई-श्रम, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 तथा बंधुआ मजदूरी उन्मूलन अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल थे। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि किसी संस्थान में पांच वर्ष या उससे अधिक अवधि तक कार्य करने वाले श्रमिक यदि किसी कारणवश सेवा से अलग होते हैं, तो उन्हें नियमानुसार ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाना अनिवार्य है। यदि नियोजक द्वारा ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं किया जाता है, तो संबंधित श्रमिक उप श्रमायुक्त कार्यालय, गया में आवेदन कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। श्रमिकों को यह भी अवगत कराया गया कि सरकार द्वारा विभिन्न श्रेणियों के श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर निर्धारित की गई है, जिसका भुगतान प्रत्येक नियोजक के लिए अनिवार्य है। यदि किसी श्रमिक को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी नहीं मिलती है, तो उसके लिए शिकायत एवं आवेदन की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को स्वीकृति चेक वितरित किए गए। साथ ही प्रशिक्षण में भाग लेने वाले विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए श्रमिकों को एक दिन का पारिश्रमिक एवं मार्ग व्यय का भी भुगतान किया गया।

# बेहतर और आधुनिक प्रतिष्ठान माधव बैट्री बैरन का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में नागरिकों और उपभोक्ताओं के लिए सुविधाएं निरंतर बढ़ती जा रही हैं और बेहतर बाजार मिलने लगा है। इसी क्रम में बुधवार को औरंगाबाद-पटना मुख्य मार्ग पर जसोइया स्थित श्री सीमेंट यार्ड के समीप माधव बैट्री बैरन का उद्घाटन विधिवत किया गया। समारोह में अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह, पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह, अधिवक्ता सत्येंद्र कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पत्रकार रवीन्द्र कुमार रवि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों ने प्रतिष्ठान के संचालक राहुल बिक्रम सिंह को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद में लगातार नए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की शुरुआत जिले के आर्थिक विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा दे रही है। संचालक राहुल बिक्रम सिंह ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में सभी प्रकार की गाड़ियों के लिए बैट्री, यूरिया, इंजन ऑयल एवं लुब्रिकेंट आदि सामान उपलब्ध है।

# विभिन्न मामलों में आठ भेजे गए जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** फ़ेसर थाना की पुलिस द्वारा मारपीट एवं हत्या प्रयास के कांड में संलिप्त चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के रूपखाप गांव निवासी परिखा सिंह, रामेश्वर सिंह, रामविलास सिंह, अवधेश सिंह के रूप में की गई है। इसके अलावा एक अन्य मामले में अंग्रेजी शराब के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनकी पहचान ओबरा निवासी हिमांशु कुमार उर्फ राजेश कुमार सोनी, गोलाबाजार निवासी राहुल कुमार, झालमंडी निवासी संदीप कुमार एवं ओबरा के ही लवकुश कुमार के रूप में की गई है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव के समीप की गई जिसमें एक कार से 1.5 लीटर बियर शराब बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण यथा मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को अलग अलग अपराधों में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के बाद सभी लोगों को जेल भेज दिया गया।

## कुआं से मिला युवक का शव

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के भुईयां बिगहा घटराईन के एक कुआं से पुलिस ने एक युवक की शव बरामद की है। इसके बाद गांव में मातमी माहौल पसरा हुआ है। मृतक युवक की पहचान भुईयां बिगहा निवासी महेन्द्र प्रसाद के 34 वर्षीय पुत्र नीपू कुमार के रुप में की गई है। बताया जाता है कि मृतक नीपू कुमार बुधवार शाम को जब घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने खोज बिन शुरू किया। गुरुवार को ग्रामीण कुआं के पास गए तो मृतक का चप्पल वहां देखा गया जिससे कुएं में गिरने की संभावना व्यक्त की गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# 64 वाहनों से वसूले गए 2.29 लाख

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी के नेतृत्व में खरांटी-ओबरा मार्ग के आसपास विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दोपहिया एवं अन्य वाहनों की सघन जांच की गई। इस क्रम में हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन निबंधन प्रमाण-पत्र (आर.सी.), बीमा, प्रदूषण प्रमाण-पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान हेलमेट नहीं पहनने तथा मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले कुल 64 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 2,29,500 रूपये का शमन अधिरोपित किया गया। अभियान के दौरान वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए हेलमेट पहनकर वाहन चलाने, सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने तथा यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा एवं मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के प्रभावी अनुपालन के लिए इस प्रकार के विशेष वाहन जांच अभियान आगे भी नियमित रूप से संचालित किए जाते रहेंगे। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे मोटर वाहन अधिनियम के सभी प्रावधानों का पालन करते हुए सुरक्षित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन का परिचय दें।

# उर्वरक प्रतिष्ठानों की होगी औचक जांच

## अनियमितता पाए जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई का एसडीओ ने दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह ने सदर अनुमंडल अंतर्गत सभी थोक एवं खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के साथ संयुक्त कृषि भवन में बैठक की। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी निकिता कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए सदर एसडीओ गौरव सिंह ने कहा कि सभी उर्वरक विक्रेता किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित उचित मूल्य पर समय से खाद उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक उर्वरक विक्रेता अपने प्रतिष्ठान पर उपलब्ध उर्वरकों की सूची, सरकार द्वारा निर्धारित विक्रय मूल्य तथा गोदाम में उपलब्ध उर्वरकों की मात्रा का विवरण सूचना पट्ट पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करेंगे। साथ ही उक्त सूचना पट्ट को प्रतिदिन अद्यतन रखना भी सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि उर्वरकों का विक्रय केवल सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर ही किया जाए। यदि निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक विक्रय अथवा अन्य किसी प्रकार की अनियमितता संबंधी शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित विक्रेता के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि उर्वरक प्रतिष्ठानों का नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज ने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इसके लिए सभी उर्वरक विक्रेताओं की नियमित निगरानी की जाएगी। उन्होंने सभी विक्रेताओं को चेतावनी के साथ निर्देश दिया कि वे लोग पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण रखें तथा किसानों को निर्धारित दर पर ही खाद उपलब्ध कराएं। ताकि किसानों की आवश्यकता के अनुरूप समय पर खाद उपलब्ध उपलब्ध हो, खेती-बाड़ी के कार्य प्रभावित न हों और न किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान कई उर्वरक विक्रेताओं ने बताया कि वे किसानों को निर्धारित सरकारी मूल्य पर ही खाद उपलब्ध करा रहे हैं तथा आगे भी नियमों का पालन करते रहेंगे।

# बिना लाइसेंस के उर्वरक भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई, गोदाम सील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अवैध उर्वरक भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक गोदाम सील कर दिया है तथा संबधित उर्वरक विक्रेता के ख़िलाफ़ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह कार्रवाई गुरुवार की शाम कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत महाराजगंज स्थित देवी मंदिर के समीप की गई। सूचना मिली कि उक्त जगह एक गोदाम में अवैध रूप से उर्वरक भंडारण रखा हुआ है जिसके आलोक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी, कुटुंबा को दंडाधिकारी के रूप में प्रति नियुक्त किया गया। साथ ही जिला कृषि कार्यालय द्वारा उर्वरक निरीक्षक-सह-प्रखंड दीपक कुमार, कृषि समन्वयक प्रवीण सिंह तथा किसान सलाहकार दिलफराज अशर्फी की संयुक्त जांच टीम गठित की गई। जांच दल द्वारा संध्या लगभग 5:00 बजे संबंधित गोदाम का ताला खुलवाकर भौतिक सत्यापन किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम से 105 बोरा जिंकेटेड सिंगल सुपर फॉस्फ़ेट तथा 284 बोतल इफको नैनो यूरिया बरामद किया गया। जांच में पाया गया कि उक्त उर्वरक बिना किसी वैध अनुज्ञप्ति के गोदाम के किरायेदार अभिषेक प्रसाद जायसवाल द्वारा विक्रय के उद्देश्य से भंडारित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा अवैध रूप से भंडारित समस्त उर्वरक को तत्काल जब्त कर गोदाम को सील कर दिया गया। साथ ही गोदाम के किरायेदार अभिषेक प्रसाद जायसवाल के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों के प्रतिकूल अवैध उर्वरक भंडारण, कालाबाजारी अथवा बिना वैध अनुज्ञप्ति के उर्वरक विक्रय करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार कठोर एवं निरंतर कार्रवाई की जाएगी।